लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

भाद्रपद कृष्ण पक्ष सप्तमी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 151, पृष्ठ -16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, रविवार, 25 अगस्त 2024

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, स्लीप टूरिज्म : पर्यटन की नई अवधारणा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

हाउसफुल 5 में जैकलीन की एंट्री...15

आज का मौसम

34.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 49 | सूर्यास्त 06 : 44

पढ़ते रहिये... अमृत विचार

मानसून ऑफर

₹5/- प्रतिदिन

आज से शुरू होगी यूपी टी-20 प्रीमियर लीग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भुवनेश्वर, रिंकू सिंह, नीतीश राणा जैसे खिलाड़ी भी करेंगे शिरकत
- उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड स्टार बिखेरेंगे जलवा

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में 25 अगस्त से यूपी टी-20 प्रीमियर लीग 2024 का आयोजन होने जा रहा है। यूपी टी-20 लीग के दूसरे सीजन में टीम इंडिया के भुवनेश्वर कुमार, रिंकू सिंह, नीतीश राणा जैसे खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएंगे। यूपी टी-20 प्रतियोगिता में यूपी की कई टीमें हिस्सा ले रही हैं। रविवार शाम होने वाले उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना, कृति सेनन और रैपर बादशाह जलवा बिखेरेंगे। इस प्रतियोगिता में यूपी की कुल 6 टीमें अपने-अपने शहर का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह लीग 25 अगस्त से शुरू होकर 14 सितंबर तक चलेगी। सारे मैच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसमें पहला मैच आज पिछले साल की विजेता काशी रुद्रास और मेरठ मेवरिक्स के बीच खेला जाएगा।

सिपाही भर्ती परीक्षा: दूसरे दिन तीन लाख अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 72 अभ्यर्थी मिले संदिग्ध, 17 के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, 20 गिरफ्तार

अमृत विचार : प्रदेश में शनिवार को दो पालियों में हुई सिपाही भर्ती परीक्षा में तीन लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी, जबकि नकल करने व अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पाए गए 72 संदिग्ध अभ्यर्थियों को पकड़ा गया। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अधिकारियों ने कहा है कि अनुचित साधनों का उपयोग करने वाले इन अभ्यर्थियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। 17 अभ्यर्थियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। साथ ही 20 को गिरफ्तार किया गया है।

प्रदेश के 67 जिलों के 1174 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय और नेशनल पीजी कॉलेज में परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त से 5 दिनों तक चलने वाली भर्ती परीक्षा में दो पालियों में कुल 4,81,17441 अभ्यर्थियों के उपस्थित होने की उम्मीद है। सरकार ने अनुचित साधनों के इस्तेमाल को रोकने के लिए हर केंद्र पर सख्त सुरक्षा उपाय लागू किए हैं। जानकारी साझा करते हुए, यूपीपीआरपीबी अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक पाली में 4,81,838 अभ्यर्थी, दोनों पालियों में कुल 963,676 अभ्यर्थी, शनिवार को भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले थे, जबकि 3,21,322 और 3,36121 अभ्यर्थी थे। परीक्षा में क्रमशः पहली और दूसरी पाली में कुल 6,57,443 अभ्यर्थी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस आंकड़े के अनुसार लगभग 31.78 प्रतिशत यानी लगभग 3,06,233 उम्मीदवारों ने शनिवार को दोनों पालियों में परीक्षा छोड़ दी।

पेपर लीक के नाम पर ठगने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

लखनऊ। एसटीएफ ने भदोही के सुरियावां निवासी अनिरुद्ध मोदनवाल को गिरफ्तार कर सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया। आरोपी के पास से मोबाइल फोन, क्रेडिट कार्ड, पेटीएम से अभ्यर्थियों से रुपये लेने का स्क्रीन शॉट मिला है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

सोशल मीडिया पर किया पेपर लीक का दावा, वायरल होने के बाद रिपोर्ट दर्ज

लखनऊ। सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने का दावा करने वाली एक पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वायरल हुई। एक वीडियो भी अपलोड किया गया, जिसमें प्रश्नपत्र दिखाया गया है। इस मामले में भर्ती बोर्ड के निरीक्षक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुछ देर बाद पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। परीक्षा से संबंधित भ्रामक प्रचार करने वालों के खिलाफ यह दूसरा मामला है।

एक नजर

धवन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

नई दिल्ली। भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है। धवन ने कहा कि उन्होंने 2010 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से सभी तीन प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है और वह एक संतुष्ट व्यक्ति के रूप में संन्यास ले रहे हैं। धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी20 मैच खेले। उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 44 .11 की औसत से 6,793 रन बनाए।

प्रधानमंत्री का महाराष्ट्र-राजस्थान दौरा आज

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र और राजस्थान का दौरा करेंगे। महाराष्ट्र में वह 11 लाख नई लखपति दीदियों को सम्मानित करेंगे। राजस्थान में वह हाईकोर्ट की प्लेटिनम जुबली के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री 25 अगस्त को पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन में भाग लेंगे और इस दौरान राज्य सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान हाल ही में लखपति बनीं 11 लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे तथा उन्हें सम्मानित करेंगे।

बिभव की न्यायिक हिरासत 13 सितंबर तक बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहायक बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत शनिवार को 13 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी। कुमार के ऊपर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर 13 मई को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर हमला करने के आरोप है।

एनपीएस की जगह अब एकीकृत पेंशन योजना

केंद्रीय कैबिनेट की हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया फैसला

25 साल की नौकरी के बाद बेसिक का 50 फीसदी पेंशन

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत सेवा में शामिल होने वाले 23 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित पेंशन के रूप में वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में देने को मंजूरी दे दी। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली 1 अप्रैल, 2004 के बाद सेवा में शामिल होने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू है। यह पेंशन योजना एनपीएस से पहले के कर्मचारियों के लिए लागू परिभाषित लाभ के बजाय योगदान के आधार पर लाभ देती है।

मंत्रिमंडल के फैसलों की घोषणा करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत सरकारी कर्मचारी अब सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनों में मिले औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में पाने के हकदार होंगे। उन्होंने कहा कि पेंशन के रूप में वेतन का 50 प्रतिशत पाने के लिए न्यूनतम सेवा अवधि 25 वर्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हालांकि न्यूनतम 10 साल तक की सेवा अवधि के लिए आनुपातिक रूप से पेंशन दी जाएगी। एनपीएस खाताधारक अब यूपीएस का विकल्प चुन सकते हैं, जो अगले वित्त वर्ष की शुरुआत से सुनिश्चित पेंशन देगी।

पिछले साल वित्त मंत्रालय ने सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन योजना की समीक्षा करने और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के मौजूदा ढांचे में किसी बदलाव का सुझाव देने के लिए वित्त सचिव टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी। कई गैर-भाजपा शासित राज्यों ने महंगाई भत्ते से जुड़ी पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को वापस अपनाने का फैसला किया है और कुछ अन्य राज्यों में भी कर्मचारी संगठनों ने इसकी मांग उठाई है। कैबिनेट सचिव मनोनीत टीवी सोमनाथन ने कहा कि नई योजना 1 अप्रैल, 2025 से लागू होगी।

यूपीएस में भी कर्मचारियों का अंशदान 10% होगा

इस योजना के नई पेंशन स्कीम और पुरानी पेंशन स्कीम से किस तरह अलग होने के सवाल पर वित्त सचिव सोमनाथन ने कहा कि यूपीएस पूरी तरह कॉन्ट्रिब्यूटरी फंडेड स्कीम है। यानी इसमें भी कर्मचारियों को एनपीएस की तरह 10 प्रतिशत अंशदान करना होगा।

सुनिश्चित होगी कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकीकृत पेंशन योजना यानी यूपीएस को मंजूरी मिलने के बाद कहा कि देश की प्रगति के लिए कठिन परिश्रम करने वाले सभी कर्मचारियों पर हमें गर्व है। यूपीएस इन कर्मचारियों की गरिमा और आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने वाली है। यह कदम उनके कल्याण और सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

केंद्र का योगदान बढ़कर 18.5 फीसदी

कर्मचारियों पर इसका भार नहीं पड़ेगा। 10 वर्ष पहले तक कर्मचारी और सरकार 10-10 फीसदी का योगदान देते हैं। बाद में सरकार ने योगदान बढ़ाकर 14 फीसदी कर दिया था। यह अपने आप में बड़ा कदम था। अब केंद्र सरकार का योगदान बढ़कर 18.5 फीसदी हो जाएगा। यह स्कीम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी।

2024 के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारी भी ले सकेंगे फायदा

वित्त सचिव डॉ. टीवी सोमनाथन ने कहा कि जो कर्मचारी 2004 से अब तक और आगे 31 मार्च 2025 तक सेवानिवृत्त होंगे, वे भी यूपीएस का फायदा ले सकेंगे। उन्हें एरियर भी मिलेगा। एरियर के लिए 800 करोड़ रुपये रखे गए हैं। यह योजना पूरी तरह वित्त पोषित है। केंद्र का पेंशन में जो योगदान बढ़ेगा, उसके अतिरिक्त भार को वहन के लिए वार्षिक आधार पर 6250 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

एकीकृत पेंशन योजना की पांच खास बातें...

- **50 फीसदी की सुनिश्चित पेंशन :** यूपीएस अपनाने पर सुनिश्चित पेंशन मिलेगी। इसकी रकम सेवानिवृत्ति से पहले के 12 महीने के औसत मूल वेतन का 50 फीसदी होगी। 25 वर्ष तक की सेवा पर ही यह रकम मिलेगी। 25 वर्ष से कम और 10 साल से ज्यादा की सेवा पर उसके अनुपात में पेंशन मिलेगी।
- **पारिवारिक पेंशन :** किसी भी कर्मचारी के निधन से पहले पेंशन की कुल रकम का 60 फीसदी हिस्सा परिवार को मिलेगा।
- **न्यूनतम पेंशन :** कम से कम 10 साल की सेवा के बाद 10 हजार रुपये प्रतिमाह की न्यूनतम पेंशन सुनिश्चित होगी। महंगाई भत्तों को जोड़कर आज के हिसाब से यह रकम 15 हजार रुपये के आसपास होगी।
- **सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी के अतिरिक्त एकमुश्त भुगतान :** छह महीने की सेवा के लिए (वेतन और डीए) की 10 प्रतिशत रकम का एकमुश्त भुगतान होगा। यानी अगर किसी की 30 साल की सेवा है तो उसे छह महीने की सेवा के आधार पर एकमुश्त भुगतान होगा।

पुलिस पर हमला कर तालाब में कूदा गैंगरेप का आरोपी, मौत

वरिष्ठ संवाददाता, गुवाहटी

- क्राइम सीन रिक्रिएशन के लिए ले जा रही थी असम पुलिस
- गांव वालों ने जनाजे में शामिल होने से किया इनकार

अमृत विचार: असम के नागांव में शनिवार तड़के गैंगरेप का आरोपी पुलिस हिरासत से भाग कर तालाब में कूद गया। दो घंटे की खोजबीन के बाद उसकी लाश मिली। पुलिस का कहना है कि आरोपी को क्राइम सीन के लिए ले जाया जा रहा था। उसने अचानक पुलिस दल पर हमला कर दिया और दौड़ कर तालाब में कूद गया। इस बीच गैंगरेप की घटना के बाद असम के मुख्यमंत्री ने कहा था कि गुनाहगारों के खिलाफ कड़ी करवाई की जाएगी।

नागांव में बीते गुरुवार की शाम ट्यूशन से घर लौट रही किशोरी को तीन लोगों ने अगवा कर लिया और तालाब किनारे ले जाकर दरिंदगी की। उसे पास ही फेंक कर फरार हो गए। किशोरी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

घटना से गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया था। इस बीच गांव वालों ने आरोपी के जनाजे में शामिल होने से इनकार कर दिया। वहीं, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने तत्काल डीजीपी को मौके पर भेजा और आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने कहा था कि जल्द इंसाफ होगा। दूसरे दिन एक आरोपी तफजुल इस्लाम को गिरफ्तार कर लिया गया था।

दो गज जमीन भी नसीब नहीं...

आरोपी के शव को दफनाने के लिए नागांव कब्रिस्तान में दो गज जमीन मुहैया करवाने से इंतजामिया कमेटी ने इनकार कर दिया। साथ ही तय किया कि उसके जनाजे में भी शरीक नहीं होंगे। बेटी की अस्मत से खिलवाड़ करने वालों के परिवार का भी बहिष्कार किया जाएगा।

योगी आदित्यनाथ की राह पर हिमंता बिस्व सरमा

असम के मुख्यमंत्री की छवि भी यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह ही बन रही है। माफिया, अपराधियों और स्त्रियों के प्रति अपराध पर उनकी जीरो टॉलरेंस नीति है। गाहे-बगाहे बुलडोजर यहां भी गरजता है। सरमा ने नागांव में किशोरी के साथ हुई हैवानियत पर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए थे।

फर्रुखाबाद: ट्रेन डिरेल करने की साजिश

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- शरारती तत्वों ने रेल पटरी पर रखा लकड़ी का बोटा, इंजन में फंसा
- चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी, जांच में जुटे अधिकारी

अमृत विचार: अभी कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश की जांच चल ही रही है कि शुक्रवार रात शरारती तत्वों ने कासगंज-फर्रुखाबाद ट्रैक पर पेड़ का तना डालकर ट्रेन को डिरेल कराने का प्रयास किया। कासगंज से फर्रुखाबाद जा रही पैसेंजर के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी, लेकिन इंजन के कैटल गार्ड में लकड़ी का हिस्सा फंस गया। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

कासगंज-फर्रुखाबाद पैसेंजर स्पेशल ट्रेन (05389) बीती रात लगभग 11.20 बजे कायमगंज स्टेशन से रवाना हुई थी। फर्रुखाबाद के लिए बढ़ते समय रात्रि 11.30 बजे के आसपास भटासा और शमसाबाद स्टेशन के बीच चालक ने ट्रैक पर पेड़ का तना जैसा पड़ा देखा। दुर्घटना रोकने के लिए उसने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए। इसके बावजूद इंजन तने से टकरा गया और लकड़ी निचले हिस्से में फंस गई। तेज झटका लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना पाकर आसपास के स्टेशनों से रेलवे कर्मी और आरपीएफ टीमें मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद इंजन में फंसी लकड़ी निकाली जा सकी। आरपीएफ घटना की जांच कर रही है। शनिवार सुबह आरपीएफ टीम ने डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर छानबीन की। आरपीएफ के एसआई ओमप्रकाश मीना ने बताया कि रात में ट्रैक पर लकड़ी का बड़ा टुकड़ा डालना किसी साजिश का हिस्सा है। एसपी आलोक प्रियदर्शी ने भी मौके पर निरीक्षण कर घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए।

खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी समेत दो पर रिपोर्ट

- 370 से अधिक छात्र-छात्राओं से कई करोड़ रुपये वसूल कर थमा दी थी फर्जी मार्कशीट

बरेली। डी-फार्मा के छात्र-छात्राओं को फर्जी मार्कशीट देने के मामले में खुसरो पीजी कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कॉलेज प्रबंधन पर 370 से अधिक छात्रों से करोड़ों रुपये की फीस वसूलने के बाद डी-फार्मा की फर्जी मार्कशीट देने का गंभीर आरोप है।

तहरीर में पीड़ित छात्रों ने बताया है कि वर्ष 2020-21 और 2021-22 में उन लोगों ने खुसरो पीजी कॉलेज में डी-फार्मा में दाखिला लिया था। कॉलेज प्रबंधन ने प्रत्येक छात्र से 2.30 लाख रुपये फीस ली थी। प्रबंधन ने दो साल बाद उन्हें डिप्लोमा और मार्कशीट दी थी। ड्रग लाइसेंस बनवाने के लिए छात्रों ने जब औषधि विभाग के कार्यालय में आवेदन किया तो पता चला कि मार्कशीट और डिप्लोमा फर्जी है।

ट्यूशन पढ़ाने गए शिक्षक ने 7 साल की बच्ची से किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- परिजनों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

अमृत विचार : सात साल की बालिका को घर पर ट्यूशन पढ़ाने गए शिक्षक ने मौका पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बालिका के शोर मचाने पर परिजन कमरे में आए तो बेटी की हालत देख उनके होश उड़ गए। परिजनों ने आरोपी शिक्षक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता छात्रा के परिजनों को बताया कि मास्टर साहब अक्सर उसके साथ गलत काम करते थे।

गंज थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी महिला का कहना है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कुंडा निवासी सैयद वासिक अली उसकी 7 साल की बेटी को ट्यूशन पढ़ाने घर आता था। 23 अगस्त की शाम को भी वह ट्यूशन पढ़ाने आया था। अचानक बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे तो देखा कि उनकी बेटी निर्वस्त्र थी। पता चला कि शिक्षक ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। इसके बाद वह आरोपी को पकड़कर थाने ले गए और पुलिस को उसके खिलाफ तहरीर दी। इंस्पेक्टर विजयपाल सिंह ने बताया कि आरोपी सैयद वासिक अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

हैदराबाद जा रहा निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर पुणे में दुर्घटनाग्रस्त

- पायलट और तीन यात्री घायल
- भारी बारिश के कारण हादसा होने की आशंका

पुणे। मुंबई से हैदराबाद जा रहा एक हेलीकॉप्टर शनिवार दोपहर पुणे की मुलशी तहसील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हेलीकॉप्टर में कुल चार यात्री सवार थे। निजी हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में पुणे के पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख ने बताया कि हादसा पुणे जिले के पौड गांव में हुआ। हेलीकॉप्टर का स्वामित्व एक निजी विमानन कंपनी के पास है। हादसा पुणे के ऐसे इलाके में हुआ है, जहां अत्यधिक बारिश होती है। फिलहाल हादसे के कारणों का पता नहीं सका है। पुणे ग्रामीण पुलिस ने बताया कि हेलीकॉप्टर में सवार चार लोगों में पायलट को ज्यादा चोटें आई हैं। हादसे में घायल पायलट को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी पंकज देशमुख ने बताया कि पायलट के अलावा बाकी तीन यात्रियों की हालत स्थिर है।

वित्तीय अनियमितता में पूर्व प्राचार्य डॉ. घोष पर मुकदमा

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता हत्याकांड

- हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने संभाला जांच का जिम्मा

सीबीआई ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान हुई वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में शनिवार को प्राथमिकी दर्ज की। कलकत्ता हाईकोर्ट ने जांच एजेंसी को वित्तीय अनियमितता की जांच करने का निर्देश दिया था। शनिवार को सीबीआई ने डॉ. घोष के खिलाफ मामला दर्ज किया। अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली ने एकल पीठ के समक्ष याचिका दायर की थी।

दूसरी ओर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानन की अध्यक्षता वाली पीठ के 14 अगस्त को दिए एक आदेश के बाद दुष्कर्म-हत्या मामले को अपने हाथ में लेने वाली सीबीआई ने शनिवार को सात संदिग्धों पर पॉलीग्राफ परीक्षण करवाया। इनमें मुख्य संदिग्ध संजय रॉय, डॉ. संदीप घोष, चार जूनियर डॉक्टर और एक अन्य शख्स शामिल हैं।

सोपोर: मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर जवान घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के सोपोर उप जिले में शनिवार को मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी मारा गया और एक जवान घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि रफियाबाद में वाटरगाम पॉइंट पर सतर्क सुरक्षा बलों को आसपास संदिग्ध हलचल महसूस हुई। सुरक्षा बलों द्वारा चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि तलाशी के दौरान हथियार गोला बारूद के साथ आतंकवादी का शव बरामद किया गया। आतंकवादी की पहचान की जा रही है।

प्रकृति: पीटीआर के जंगल समेत आबादी क्षेत्रों में देखी जा रही मौजूदगी, सर्दियां शुरू होते ही वापस लौट जाते हैं ये करिश्माई पक्षी

अफ्रीका से लंबा सफर तय कर पीलीभीत पहुंचे जैकोबिन कुकू

सुनील यादव, पीलीभीत

अमृत विचार: पीलीभीत टाइगर रिजर्व प्रवासी पक्षियों का गढ़ बनता जा रहा है। प्रवासी साइबेरियन पक्षियों के बाद अब अफ्रीका के जैकोबिन कुकू ने भी दस्तक दी है। टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के मुताबिक, यह प्रवासी पक्षी पीलीभीत टाइगर रिजर्व के घने जंगलों के अलावा आबादी क्षेत्र में देखे जा रहे हैं। सर्दियां शुरू होते ही यह प्रवासी पक्षी बच्चों के साथ अपने वतन लौट जाएंगे। देश के सर्वश्रेष्ठ टाइगर रिजर्व में शुमार होने की ओर अग्रसर पीलीभीत टाइगर रिजर्व जैवविविधता को लेकर मशहूर है। यहां बाघ-तेंदुओं के अलावा अन्य वन्यजीवों एवं पक्षियों की कई प्रजातियां पाई जाती हैं। यहां की आबोहवा प्रवासी पक्षियों को भी रास आने लगी है। यहां हर साल ही सर्दी के दिनों में साइबेरिया, अलास्का आदि देशों से हजारों की संख्या में प्रवासी पक्षी पहुंचते हैं। करीब चार माह के प्रवास के बाद यह सभी वापस लौट जाते हैं। इधर, अब अफ्रीका के पक्षी जैकोबिन कूको की मौजूदगी देखी जा रही है। इस आम भाषा में चातक भी कहा जाता है।

अच्छी वर्षा का सूचक माने जाते हैं जैकोबिन कुकू

जैकोबिन कुकू अफ्रीका से लंबा सफर तय कर गर्मियों में यहां पहुंचे हैं। इसका ऊपरी हिस्सा काले रंग और नीचे का हिस्सा सफेद रंग का होता है। सिर पर क्रिस्ट से इसे आसानी से पहचाना जा सकता है। वर्षा ऋतु में यहां अंडे देकर बच्चों का पालन पोषण करता है। इसको अच्छी वर्षा का सूचक भी माना जाता है। यह झुंड के रूप में नहीं पाए जाते हैं। टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के अध्यक्ष अख्तर मियां के मुताबिक यह प्रवासी पक्षी कैटरपिलर, कीड़े के अलावा छोटे जंगली फल भी खाता है। सर्दियों के शुरू होते ही जैकोबिन कुकू नए बच्चों के साथ अफ्रीका महाद्वीप वापस लौट जाते हैं। इस प्रवासी पक्षी के बारे में एक बात यह भी प्रचलित है कि जैकोबिन कुकू मानसून में बारिश की बूंदों से ही अपनी प्यास बुझाता है। हालांकि इसके वैज्ञानिक तथ्य उपलब्ध नहीं है।

> पीलीभीत टाइगर रिजर्व में सुदूर देशों से आने वाले प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों में बढ़ोतरी हो रही है। इन दिनों अफ्रीका महाद्वीप का जैकोबिन कुको पीटीआर समेत आबादी में देखा जा रहा है। यह पीटीआर की बढ़ती जैव विविधता का सूचक है।
> -अख्तर मियां खान, अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी

शहर में आज

☞ सामाजिक न्याय के पुरोधा बाबू बिंदेश्वरी प्रसाद (बीपी मण्डल) की जयंती पर विचार गोष्ठी सपा के जिला कार्यालय पर 11:00 बजे।

☞ पुजारी परिषद का पीतलनगरी में राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता 2:00 बजे।

☞ वर्क संस्था के 37वें फाउंडेशन डे के अवसर पर अंगदान की शपथ पंचायत भवन में 11:00 बजे से।

आरोग्य शिविर में महिलाओं की भीड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर शनिवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर लगा। इसमें कई विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थित न के बराबर रही है। भोजपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. मोहम्मद असलम ने बताया कि उनके यहां आरोग्य शिविर में 373 रोगियों का उपचार हुआ है। इसमें गर्भवती महिलाओं की संख्या अधिक रही है। दांत और नेत्र विकार वाले रोगियों की भी संख्या अच्छी रही है। इसके अलावा बुखार, खांसी के रोगियों का इलाज किया । एसीएमओ डॉ. ब्रह्म सिंह निरीक्षण भी करने पहुंचे थे। अस्पताल में रोगियों की संख्या देख उन्होंने मेडिकल एवं पैरामेडिकल स्टाफ के कार्य की सराहना भी की।

बिलारी सीएचसी में आयुष्मान आरोग्य शिविर में रोगियों की भीड़। ● अमृत विचार

सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि विशेषज्ञ के तौर पर बाहर से कोई डॉक्टर नहीं आया था लेकिन, अस्पताल के स्टॉफ में डेंटल सर्जन डॉ. मोहम्मद सालिम, आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सैय्यदा परवीन, एमबीबीएस डॉ. ज्ञानेश चंदेल ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी हैं। इसी तरह कांठ सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि उनके यहां आयुष्मान आरोग्य शिविर में करीब 520 रोगियों का इलाज हुआ है। वैसे इस बार टीएमयू से कोई विशेषज्ञ चिकित्सक की उपस्थिति नहीं रही है। लेकिन, उन्होंने खुद और डॉ. शैली वर्मा, डॉ. स्तुति और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी हैं। अधीक्षक ने बताया कि शिविर में आने वाले रोगियों में बुखार, सर्दी, खांसी, जुकाम के अधिक थे। अब धीरे-धीरे वायरल के रोगियों की संख्या बढ़ने लगी है। बिलारी सीएचसी अधीक्षक डॉ. हरीश चंद्रा ने बताया कि उनके यहां भी कोई विषय विशेषज्ञ नहीं आया था। लेकिन, हां स्टाफ के डॉक्टरों और पैरामेडिकल ने रोगियों का उपचार किया है। करीब 667 रोगियों का शिविर में पंजीयन किया गया है।

जिलाधिकारी ने किया बालगृह का निरीक्षण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश

बालकों को घर पहुंचाने के लिए भेजें प्रस्ताव : डीएम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिलाधिकारी अनुज सिंह ने शनिवार को बालगृह (बालक) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। बालकों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने का निर्देश दिया। जानकारी मिली कि कुछ बच्चे धनाभाव के कारण अपने घर नहीं पहुंच पा रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

बालगृह का निरीक्षण कर जानकारी लेते जिलाधिकारी अनुज सिंह। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी ने बालगृह (बालक) में निरीक्षण के दौरान बच्चों से भोजन की गुणवत्ता व उनके निवास पता आदि की जानकारी ली। पता चला कि कुछ बालक अपने घर का पता जानते हैं लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उनके अभिभावक उन्हें लेने नहीं आ पा रहे हैं।

इस पर जिलाधिकारी अधीक्षक बालगृह को निर्देश दिया कि ऐसे बालकों को जो अपने घर का पता बता पा रहे हैं उनको घर तक पहुंचाने के लिए सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें। एक बालक के हाथ में एलर्जी के कारण दाने की जानकारी पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि बालगृह में संरक्षित बालकों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। विश्राम कक्ष में बेड पर साफ चादर बिछी हुई मिली। जिलाधिकारी ने अधीक्षक बालगृह को निर्देश दिया कि बालकों के लिए उपलब्ध बेड पर गद्दे और कॉटन की चादर सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं को हर हाल में सुनिश्चित करें। कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव भी मौजूद रहे।

जनहित के कार्यों को दें प्राथमिकता

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिलाधिकारी अनुज सिंह ने जिले के अधिकारियों से जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ त्वरित रूप से प्रदान कराएं। लोगों को अपने नजदीक के अधिकारी के पास ही शिकायतों का समाधान मिल जाए इसे सुनिश्चित करें।

एक नजर

हिंदू सुरक्षा सेवा ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष बने राम राजपूत

मुरादाबाद, अमृत विचार : हिंदू सुरक्षा सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीश्री 1008 महंत राजू दास महाराज द्वारा महानगर के बैंक कालोनी निवासी राम राजपूत को मुरादाबाद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर राम राजपूत ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी मिली है उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाऊंगा।

सीएम का कार्यक्रम निरस्त दो सितंबर को आएंगे

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 अगस्त को मुरादाबाद के रामपुर रोड पर स्थित आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल परिसर में व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की ओर से आयोजित वृहद रोजगार मेला व नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में आने वाले थे। लेकिन अब उनका आना निरस्त हो गया है। अब आयोजन 2 सितंबर को होगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र ने बताया कि एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला व नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल परिसर में 27 अगस्त को आयोजित था। जिसमें मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि थे। लेकिन अब उनका आना कैंसिल हो गया है। अब 2 सितंबर को मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आयोजन होगा। इसके लिए तैयारियों को पूरा कराया जाएगा।

सदस्यता अभियान में मुरादाबाद को अव्वल बनाने का आह्वान

राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोपरि रखती है भारतीय जनता पार्टी: जेपीएस राठौर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई की एक दिवसीय सदस्यता अभियान की कार्यशाला बुद्धि विहार कार्यालय में हुई। कार्यशाला की शुरुआत भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन कर वंदे मातरम गीत के साथ हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि जिस पार्टी से हम जुड़े हैं वह राष्ट्र सर्वोपरि का भाव रखती है। मातृभूमि की सेवा देश संगठन के मूल में है।

भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान की कार्यशाला में मौजूद सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल व अन्य। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन की प्राथमिक इकाई बूथ है। सहकारिता मंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों से सदस्यता अभियान में मुरादाबाद जिले को प्रदेश में अव्वल बनाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटाने की खूब साजिश चली लेकिन भाजपा के कर्मयोगी कार्यकर्ताओं की फौज ने उन सभी

- **भाजपा कार्यालय पर सदस्यता अभियान की एक दिवसीय कार्यशाला**

साजिशों को नाकाम कर देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि हमें पार्टी विचारधारा के लोगों को सदस्य बनाना है।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि सदस्यता अभियान संगठन का महापर्व है। जिला प्रभारी राजेश यादव ने कहा कि 2014 में जब डिजिटल सदस्यता शुरू हुई तो आप सभी कार्यकर्ताओं ने सर्वाधिक सदस्य बनाकर पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाया। जिला प्रभारी ने बताया कि पार्टी नेतृत्व ने प्रत्येक बूथ पर कम से कम 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है, इसे हर हाल में हासिल करने का हौसला हमको रखना है। कार्यशाला में क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश सैनी, राजपाल सिंह चौहान, पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, अजय प्रताप सिंह, महामंत्री राजन विश्नोई, हरज्ञान सिंह, चंद्रपाल सैनी, कमल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, आईटी संयोजक आदित्य शंख्यदार, चौधरी हुकुम सिंह, आचार्य नरेंद्र देव, मास्टर सत्यपाल सिंह, नवीन चौधरी, दीपक गोयल, चकित चौधरी, मयूर भाटिया, सुमन देवी, बालेचरण वाल्मीकि आदि समेत सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष, मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्री आदि उपस्थित रहे।

1 से 25 सितंबर तक चलेगा भाजपा का सदस्यता अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भाजपा महानगर इकाई की ओर से बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि हम सब एक विचारधारा पर चलने वाले संगठन के सिपाही हैं।

उन्होंने कहा भाजपा का प्राथमिक सदस्यता अभियान देश में 1 सितंबर से 25 सितंबर तक चलेगा। पार्टी की सदस्यता डिजिटल माध्यम से होगी। उन्होंने आगे कहा कि 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके सदस्यता ले सकते हैं। इसके अलावा नमो एप से, वेबसाइट www.bjp.org से, क्यूआर कोड स्कैन करके और इसके अलावा ऑफलाइन माध्यम से प्रदेश द्वारा तय प्रारूप को भरकर भी भाजपा का सदस्य बना जा सकता है। महानगर प्रभारी राजेश यादव ने कहा कि मंडल स्तर पर 25 से 27 अगस्त और बूथों पर कार्यशाला का आयोजन 31 अगस्त को होगा। हर पदाधिकारी

- **8800002024 पर मिस्ड कॉल करके ले सकते हैं सदस्यता**

व कार्यकर्ता को कम से कम 100 सदस्य बनाने अनिवार्य हैं। हर बूथ पर 200 सदस्य बनने जरूरी हैं। एक मोबाइल नंबर से एक ही सदस्य बनेगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि लक्ष्य को हर हाल में हासिल किया जाएगा। 1 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल सदस्यता ग्रहण करेंगे। डॉ. हर्षवर्धन शर्मा ने सदस्यता अभियान की कार्य प्रणाली को समझाया। संचालन महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा ने किया। बैठक में नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, संतोष सिंह, डॉ. केके मिश्रा, कमल गुलाटी, नत्थूराम कश्यप, निमित जायसवाल, राजीव गुप्ता, सुरेंद्र बिश्नोई, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, अल्पना रितेश गुप्ता, नवदीप टंडन, रामप्रकाश शर्मा, सुनीता शर्मा, शम्मी भटनागर, हेमराज सैनी, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, डॉ. हर्षवर्धन शर्मा आदि मौजूद रहे।

रुग्ण साहित्यकारों को मिलेगी आर्थिक सहायता

मुरादाबाद, अमृत विचार: साहित्यकार कल्याण कोष योजना के अंतर्गत ऐसे रुग्ण साहित्यकारों को जिनकी वार्षिक आय (समस्त स्रोतों से) रुपये पांच लाख रुपये तक है तथा 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। उन्हें अधिकतम रुपये पचास हजार तक अनावर्तक चिकित्सा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है।

उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निदेशक आरपी सिंह ने बताया कि साहित्यकार कल्याण कोष योजना के अंतर्गत रुग्ण साहित्यकारों को आर्थिक मदद की जा रही है। मांगे गए आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र, चिकित्सक का प्रमाण-पत्र, दो साहित्यकारों की संस्तुतियां सलंग्न करना अनिवार्य है। योजना की नियमावली व आवेदन पत्र का प्रारुप संस्थान कार्यालय से किसी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। संस्थान में प्रार्थना पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 21 सितंबर है। योजनाओं के विवरण एवं प्रार्थना पत्र का प्रारुप संस्थान की वेबसाइट www.uphindisansthan.in पर भी उपलब्ध है।

हिंदू कॉलेज के पास रोड पर लोगों ने सड़क को बनाया पार्किंग स्थल। ● अमृत विचार

समिति के खाते से निकाले 1.30 लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के बैंक खाते से विभिन्न तिथियों में सात बार में कुल 1.30 लाख रुपये निकाल लेने का मामला सामने आया है। इस मामले में चिकित्सा अधीक्षक ने प्रधान के साथ ही आशा को भी जिम्मेदार ठहराते हुए नोटिस जारी कर दिया है।

मामला बिलारी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत ग्वारखेड़ा का है। ग्राम पंचायत की स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के बैंक खाते से धनराशि वर्ष 2023-24 में निकाली गई है। स्वास्थ्य स्वच्छता समिति का खाता ग्राम प्रधान व आशा का संयुक्त होता है। मामला संज्ञान में आने पर जांच के बाद सीएचसी अधीक्षक डॉ. हरीश चंद्रा ने प्रधान हंसमुखी और आशा आनंदी को 14 अगस्त को नोटिस जारी किया है। इसमें कहा है कि पूर्व में जारी हुए नोटिस को प्रधान-आशा ने लेने से इनकार कर दिया था। 14 अगस्त को जारी नोटिस में प्रधान-आशा से कहा है कि कि आप दोनों ने गलत ढंग से धनराशि का आहरण किया है। क्यों न आपको गबन का दोषी मान मामला दर्ज कराया जाए। अभी तक प्रधान-आशा की प्रतिक्रिया नहीं आई है।

इनके नाम से निकाली राशि

खबर है कि ग्वारखेड़ा प्रधान-आशा ने पिछले साल सबसे पहले 26 जुलाई को 10,500 रुपये नकद खाते से निकाले थे। इसके बाद उन लोगों ने किसी रवींद्र नाम के व्यक्ति के पक्ष में चार बार में रुपये निकाले हैं। योगेंद्र व अखिलेंद्र के नाम से भी खाते से एक-एक बार में रुपये निकाले गए हैं।

पिछले वर्ष निकाली गई धनराशि

तिथि	निकाले रुपये
26 जुलाई	10,500
9 अगस्त	23,700
18 अगस्त	21,500
23 अगस्त	10,800
20 अक्टूबर	40,000
21 दिसंबर	20,000
8 फरवरी 2024	3750
कुल धनराशि	1,30,250

शासनादेश है कि स्वच्छता समिति के बैंक खाते से वर्ष में केवल 10,000 रुपये ही आहरित किए जा सकते हैं लेकिन, प्रधान-आशा ने 1,30,250 रुपये खाते से निकाले हैं। ग्वारखेड़ा प्रधान व आशा द्वारा निकाले गए रुपये के संबंध में डीएम, सीएमओ के साथ ही डीपीआरओ को भी बताया है। डीपीआरओ से फोन भी बात हुई है। लेकिन, अभी इस मामले में कार्रवाई शून्य ही है। विभाग से मामला निपटता है तो ठीक है, अन्यथा हम एफआईआर दर्ज कराएंगे।

-डॉ. हरीश चंद्रा, चिकित्सा अधीक्षक-बिलारी

तनाव प्रबंधन के बारे में जानकारी देतीं विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

योग व ध्यान से कम करें तनाव

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद चैरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज एशियन विवेकानंद सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला आर्ट ऑफ लिविंग के सौजन्य से हुई। इसमें विशेषज्ञों ने तनाव प्रबंधन के तरीके बताए।

आर्ट ऑफ लिविंग की कोच विभा अरोड़ा व निधि रस्तोगी ने योग व ध्यान से जीवन पर अच्छे प्रभावों के बारे में बताया। कहा कि हम योग व ध्यान को दिनचर्या में शामिल करते हैं तो तनाव को नियंत्रित कर सकते हैं। इस दौरान ट्रस्ट के सेक्रेटरी डॉ. नीरज विनोद खन्ना, विनय गुलाटी, डॉ. हरजीत सिंह, अनुराग शंकर मिश्रा, टीवी शीबा व कोमिला सिंह ने अतिथियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

यूपी हेल्थ डैशबोर्ड | टॉप-10 में मुरादाबाद, पर महीने दर महीने पिछड़ रही रैंकिंग अच्छा संकेत नहीं

स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी में मुरादाबाद की 8वीं रैंक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सरकारी अस्पतालों में रोगियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में शनिवार को प्रदेश से जिलों की रैंक जारी हो गई। इसमें मुरादाबाद यूपी में 8वें स्थान पर रहा है। जबकि मुरादाबाद मंडल प्रदेश की रैंकिंग में पहले स्थान पर है। टीकाकरण, महिलाओं की जांच, एचआईवी टीकाकरण आदि सेवाओं की समीक्षा अभी जुलाई में प्रगति के आंकड़ों पर यूपी हेल्थ डैशबोर्ड पर हुई है। इसमें मुरादाबाद अन्य जिलों के सापेक्ष 8वें स्थान पर है। स्वास्थ्य सेवाओं में मुरादाबाद प्रदेश में लगातार अपनी जगह टॉप-10 जिले में बनाए है।

वहीं, मंडल के अन्य जिलों में सबसे खराब स्थिति रामपुर की पाई गई है। यह 30वें स्थान पर है, अमरोहा 18वें व बिजनौर 13वें स्थान पर है। संभल जिले की रैंकिंग 24 आई है। वैसे मुरादाबाद जिले में रोगियों को सबसे बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बात की जाए तो उसमें भोजपुर है, जो नंबर-वन है। जबकि, सबसे निचले पायदान पर अर्बन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। यूपी हेल्थ डैशबोर्ड पर पिछले महीनों में मुरादाबाद की रैंक देखें तो मई में प्रदेश की सूची में दूसरे और जून महीने में 5वें स्थान पर था, जो अब जुलाई महीने में 8वें स्थान पर खिसक गया है। स्वास्थ्य सेवाओं में मुरादाबाद की रैंकिंग गिर रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह ने बताया कि यूपी हेल्थ डैशबोर्ड पर 14 बिंदुओं की स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रत्येक जिले को अंक दिए जाते हैं। इन बिंदुओं में जैसे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, शिशु-मातृ मृत्यु दर में कमी, जनसंख्या नियंत्रण, टीकाकरण, गर्भवती की जांच, टीबी रोगियों का चिह्नीकरण सहित 14 बिंदुओं पर बेहतर कार्य करने के मानक को देखते हुए प्रदेश के जिलों की रैंक जारी होती है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक का कहना है कि मिशन की ओर से संचालित स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निरंतर प्रयास किए जाते हैं।

रैंक सूची में मंडल के जिलों की स्थिति

जनपद	मई	जून	जुलाई
मुरादाबाद	2	5	8
बिजनौर	25	26	13
रामपुर	07	16	30
अमरोहा	13	35	18
सम्भल	28	33	24

जिले में सीएचसी की रैंक

सीएचसी	जिले में रैंक
भोजपुर	1
ठाकुरद्वारा	2
छजलैट	3
मूंढापांडे	4
डिलारी	5
बिलारी	6
ताजपुर	7
कुन्दरकी	8
अर्बन	9

इग्नू में प्रवेश के लिए 31 अगस्त अंतिम तिथि

मुरादाबाद, अमृत विचार: इग्नू ने सत्र जुलाई 2024 के लिए स्नातक, परास्नातक, सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 31 अगस्त कर दी गई है।

हिंदू कॉलेज स्थित इग्नू केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर आनंद सिंह ने बताया कि बीए, बीएससी, बीकॉम में अनुसूचित जाति के छात्रों को नियमानुसार शुल्क से छूट मिलती है। केंद्र पर वर्तमान सत्र से एमए ज्योतिष और एमए भगवद्गीता में प्रवेश शुरू हो गया है। बीबीए, बीसीए, बीलिब, बीएसडब्ल्यू, बीए (ऑनर्स), एमए हिंदी, एमए समाजशास्त्र, एमए मनोविज्ञान, एमएसडब्ल्यू, एमलिब सहित रोजगारपरक कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ा दी गई है।

नदियों का जलस्तर बढ़ा, अलर्ट जारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: उत्तराखंड के पहाड़ों में हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर दूसरे दिन भी बढ़त पर है। रामगंगा कटघर रेलवे पुल, कालागढ़ बांध और गागन नदी का जलस्तर बढ़ते क्रम में रिकॉर्ड किया गया है। जलस्तर के बढ़ने को लेकर प्रशासन ने येलो अलर्ट जारी कर बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया है।

पहाड़ों में हो रही बारिश से दूसरे दिन शनिवार को भी मुरादाबाद में रामगंगा नदी कटघर रेलवे पुल पर जलस्तर बढ़ा रहा। यहां जलस्तर 189.57 मीटर रिकार्ड किया गया। जो शुक्रवार की अपेक्षा 19 सेंटीमीटर बढ़त पर रहा। जबकि गागन नदी का जलस्तर 189.15 मीटर रहा। रामगंगा नदी कालागढ़ डैम पर जलस्तर बढ़ते क्रम में 349.830 मीटर रिकार्ड किया गया। कलेक्ट्रेट में आपदा कार्यालय में स्थापित बाढ़ कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार रामगंगा और गागन नदी का जलस्तर बढ़ते क्रम में है। जिला आपदा विशेषज्ञ सुजीत गौतम ने बताया कि नदियों के जलस्तर बढ़ने को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। तहसीलों के उप जिलाधिकारियों को भी इसकी सूचना भेजकर सतर्क कर दिया गया है। बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। बताया कि जलस्तर बढ़ने से सदर तहसील के मूंढापांडे ब्लॉक के कई गांवों के प्रभावित होने की आशंका है। सभी सतर्क हैं। लोगों को भी सावधानी बरतकर नदी के गहराई में न जाने की सलाह दी गई है।

रामगंगा का बढ़ा जलस्तर। ● अमृत विचार

- **मुरादाबाद व कालागढ़ में रामगंगा ऊफनाई, गागन का जलस्तर भी बढ़त पर**

आज का मौसम

उमस भरी गर्मी रहेगी, छिटपुट बारिश हो सकती है।

34.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:49 | सूर्यास्त 06:45

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

परीक्षा छूटने के बाद इंपीरियल तिराहा स्टेशन रोड पर जाम में फंसे लोग। ● अमृत विचार

हिंदू कालेज में परीक्षा के बाद अपना सामान लेने के लिए कतार में लगे परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

दूसरे दिन बढ़ी उपस्थिति, 420 अभ्यर्थी अधिक पहुंचे

पुलिस भर्ती परीक्षा: सर्विलांस व एसओजी टीम का रहा कड़ा पहरा, नजर नहीं आए मुन्ना भाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पुलिस भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच दूसरे दिन भी शनिवार को हुई। पहले दिन के मुकाबले दूसरे दिन 420 अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा महानगर के 26 केंद्रों पर चल रही है। केंद्रों के बाहर सुबह से अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन के लिए लंबी लाइन में लगे रहे। औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद सभी को प्रवेश दिया गया। वहीं उच्चाधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण किया। पहली पाली में 11,712 पंजीकृत में से 8,952 ही उपस्थित रहे, जबकि 2760 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में भी 9,202 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, 2510 नहीं बैठे।

दूसरे दिन कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच दोनों पालियों की परीक्षा हुई। इस बार पेपर में धांधली को लेकर प्रशासन ने हर परीक्षा केंद्र पर जैमर और सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। शनिवार को केंद्रों के बाहर सुबह से ही दस्तावेजों के सत्यापन के लिए अभ्यर्थियों की लंबी लाइन लगी रही। एआई की मदद से दस्तावेजों को मिलाने करने के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। प्रशासनिक अधिकारी समेत डीआईजी मुनिराज जी और एसएसपी सतपाल अंतिल समेत नोडल अधिकारी परीक्षा की शुचिता में जुटे रहे। 26 केंद्रों पर प्रत्येक पाली में 11712 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। शनिवार को सुबह की पाली में 8952 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे, जबकि 2760 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 9202 उपस्थित रहे। 2510 ने परीक्षा छोड़ दी। पहले दिन अनुपस्थिति का आंकड़ा 5690 था, दूसरे दिन 5270 रह गया। पहले दिन के मुकाबले शनिवार को 420 अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं। बदायूं, मेरठ, अमरोहा समेत अन्य शहरों से परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने बताया कि पहले के मुकाबले पेपर आसान था। महिला अभ्यर्थियों ने पेपर को काफी हद तक आसान ही बताया। वहीं मेरठ के अंशुल ने बताया हिंदी के प्रश्न कक्षा 8 स्तर के आए थे।

हिंदू कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

परीक्षार्थियों के बाहर आते ही थम गए वाहनों के पहिए

मुरादाबाद, अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा में आए अभ्यर्थी और उनके परिजनों की भीड़ के कारण दोपहर से शाम तक जाम की स्थिति बनी रही। वाहन रेंग-रेंगकर कर निकले। गाड़ियों के फंसने पर यातायात पुलिस ने कमान संभाली। शाम के बाद यातायात सुचारू हो सका। पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए मेरठ, बदायूं, अमरोहा, बिजनौर, बरेली से सुबह 7 बजे से अभ्यर्थियों का पहुंचना शुरू हो गया था। काफी संख्या में अभ्यर्थी अपनी बाइक और गाड़ियों से भी पहुंचे थे। सिविल लाइंस, कटघर, कोतवाली अन्य थाना क्षेत्रों में केंद्र बनाए गए हैं। इस कारण केंद्रों के बाहर फुटपाथ पर गाड़ियां पार्क कर दी गई। सुबह की पहली पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद स्टेशन रोड समेत अन्य मुख्य मार्गों पर जाम लग गया। स्कूलों की छुट्टी के समय समस्या और बढ़ गई। दोपहर डेढ़ बजे से परीक्षार्थी और स्कूल वाहनों के आने पर रोड पर जाम लग गया। ऐसे में लोगों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। बच्चे भी जाम में फंसे रहे। परीक्षार्थियों के बाहर आते ही सड़कों पर वाहन रेंग-रेंगकर कर चलने लगे। जाम की स्थिति के बाद ट्रैफिक पुलिस ने कमान संभाली। पुलिसकर्मियों ने मशक्कत के बाद यातायात सुचारू कराया।

मुन्ना भाइयों पर है एसओजी की नजर

पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा पांच दिन तक आयोजित की जा रही है। फरवरी में हुए परीक्षा में धांधली के चलते सरकार ने पेपर रद कर दिया था। इस बार परीक्षा कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच चल रही है। एसटीएफ समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियां निगरानी में लगी हैं। जिला स्तर पर एसओजी और सर्विलांस समेत अन्य सुरक्षाकर्मी चौकन्ने हैं। एसओजी और सर्विलांस टीम मुन्ना भाईयों पर गोपनीय नजर रखे हैं।

सहारनपुर के लिए चली परीक्षा स्पेशल ट्रेन

मुरादाबाद, अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन परीक्षार्थियों की संख्या ज्यादा होने पर रेल प्रशासन ने सहारनपुर तक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया। पहली पाली की परीक्षा छूटने के बाद परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ने पर स्पेशल ट्रेन को रवाना किया गया। दोपहर में नौ कोच की ट्रेन में पूरी तरह से फुल थी। स्पेशल ट्रेन को प्लेटफार्म पांच से रवाना किया गया। मुरादाबाद में परीक्षा देने आए परीक्षार्थी रेलवे स्टेशन पहुंचे तो रेल प्रशासन व रेलवे पुलिस चौकस हो गई। पहली पाली की परीक्षा छूटने के बाद जनरल टिकटों की बिक्री बढ़ने के बाद रेल प्रशासन ने खाली रैक को सहारनपुर भेजने की तैयारी कर ली। दोपहर में तमाम परीक्षार्थी रेलवे स्टेशन परिसर में एकत्र थे। स्थिति देख रेल अफसरों ने मांग के आधार पर स्पेशल ट्रेन को रवाना कराया। मैसेज मिलने के बाद स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार, सीएमआई जेके ठाकुर, सीआईटी विजयंत शर्मा व चेकिंग स्टाफ अलर्ट हो गया। प्लेटफार्म पांच पर ट्रेन खड़ी होने के एनाउंसमेंट के बाद तमाम परीक्षार्थी वहां पहुंच गए। स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि सहारनपुर के लिए पहली परीक्षा स्पेशल ट्रेन को रवाना किया गया। स्पेशल ट्रेन में नौ कोच थे। ट्रेन में सभी कोच फुल हो गए।

...बस बेटी को वर्दी पहनाने की चाहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: घर में बेटी सिपाही हो तो सिर गर्व से ऊंचा होता है... अपनी बेटी को पढ़ा-लिखाकर आत्मनिर्भर बनाना चाहता हूं। वह सिपाही की वर्दी में गांव आएगी तो पिता का रोशन होगा। उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पिता ने बताया कि बचपन से उसका सपना सिपाही बनने का था। आज उसकी यह अंतिम परीक्षा है। इसके बाद वर्दी पहनने का सपना अधूरा रह जाएगा। महानगर से 40 किलोमीटर दूर से आए एक पिता ने यह बात कही है।

अमरोहा के पंडकी निवासी प्रीतम सिंह किसान हैं। वह अपनी बेटी को शनिवार को परीक्षा दिलाने महानगर आए थे। उनकी बेटी की दूसरी पाली में परीक्षा थी। प्रीतम ने बताया कि बेटी ने बीए किया है। उसका बचपन से ही सपना सिपाही बनने का है। गांव में अन्य लड़कियां प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहीं हैं। गांव में कई लड़कियां सिपाही भी हैं। उन्होंने बताया है कि उनके घर से कोई सेना या पुलिस में नहीं है। सिपाही बनने के लिए वह हर दिन 12 से 13 घंटे पढ़ती है। गांव से कुछ दूर निजी लाइब्रेरी में पढ़ने जाती है। सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक वहीं पर रहती हैं। घर आने पर भी पढ़ाई करती है। पिता का मानना है कि जिस किसी परीक्षा की तैयारी करें, उसे लगन के साथ करना चाहिए। तभी सफलता मिलती है। वह अपनी बेटी को सिपाही की वर्दी पहनाकर आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। उन्होंने बताया है कि उसकी यह अंतिम परीक्षा है। इसके बाद वह उम्र की वजह से परीक्षा नहीं दे सकेगी।

बेटी के इंतजार में केंद्र के बाहर बैठे प्रीतम सिंह।

बेटियों के इंतजार में खड़े रहे परिजन

बेटी को लेकर मां-पिता आए थे। किसी ने निजी वाहन से तो किसी ने रोडवेज बस में सफर किया। बेटी जब परीक्षा देने अंदर गई तो बाहर बैठकर सभी इंतजार करते रहे। बदायूं की सुशीला ने बताया कि बेटियों को पढ़ाओगे-लिखाओगे तभी आगे बढ़ेंगी। मेरी बेटी प्रिया कई घंटे पढ़ाई करती है। उम्मीद है कि पेपर अच्छा होगा। बिजनौर से आईं मधू ने बताया कि बेटी साक्षी को परीक्षा दिलाने के लिए आए हैं। 1 साल से परीक्षा की तैयारी कर ही है। इसके लिए कोचिंग में तैयारी कर रही है। उसे वर्दी पहनानी है। इसके लिए हर बार प्रयास करती रहेंगी।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

रेलवे व बस स्टेशन पर रही परीक्षार्थियों की भीड़

- रेलवे स्टेशन पर सुबह और दोपहर में पहुंचे परीक्षार्थी, ट्रेन में चढ़ने को मची मारामारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन सुबह और दोपहर बाद परीक्षार्थियों की भीड़ रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस अड्डों पर पहुंची। भीड़ को देखते हुए पहले से पुलिस-प्रशासन ने व्यवस्था दुरुस्त कर ली थी। परीक्षार्थियों के लिए स्पेशल ट्रेन का संचालन किया गया। वहीं, रोडवेज ने भी दोनों बस अड्डों से अतिरिक्त बसों का संचालन किया। उसके बाद भी परीक्षार्थियों को समस्या हुई।

शनिवार को दूसरे दिन भी जनपद के अलग-अगल केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा हुई। परीक्षा को लेकर रेल प्रशासन और परिवहन विभाग ने पहले ही तैयारियां पूरी कर ली थीं। शनिवार को परीक्षा के बाद रेलवे स्टेशन पर भीड़ उमड़ी। ट्रेन में चढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को मशक्कत करनी पड़ी।

जैसे ही स्टेशन पर ट्रेन पहुंचती तो परीक्षार्थी उसमें सवार हो जाते। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार ने खुद व्यवस्था संभाली। इसके अलावा मुरादाबाद डिपो व पीतलनगरी डिपो पर भी परीक्षार्थियों की भीड़ पहुंची। जैसे-जैसे बसें आती गईं, उसमें परीक्षार्थी सवार होते रहे। रोडवेज की अतिरिक्त बसें भी परीक्षार्थियों को कम पड़ गईं। कई घंटें इंतजार के बाद परीक्षार्थी रवाना हो सके।

रोडवेज बसों में 28,832 परीक्षार्थियों ने किया सफर

मुरादाबाद, अमृत विचार : दूसरे दिन पुलिस भर्ती परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों की संख्या पहले दिन से ज्यादा रही। तमाम परीक्षार्थी शुक्रवार रात तक बस डिपो पहुंचे। पहले दिन के मुकाबले दूसरे दिन की परीक्षा के लिए 28 हजार से ज्यादा परीक्षार्थियों ने रोडवेज बस से सफर किया। इस दौरान बस परिचालकों ने एडमिट कार्ड के आधार पर जीरो टिकट जारी किया। यह संख्या पहले दिन के मुकाबले छह गुना ज्यादा रही। 23 अगस्त को पहली दिन की परीक्षा के लिए मुरादाबाद रीजन में 5423 परीक्षार्थियों ने सफर किया था। लेकिन दूसरे दिन अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि हो गई। एआरएम वित्त बीएल शर्मा ने बताया कि 24 घंटे में 28,832 परीक्षाथियों ने बस से सफर किया। इसे देखते हुए रोडवेज प्रशासन ने डिपो में कई बसों की व्यवस्था की।

एक नजर

बेकाबू ऑटो रेलिंग से टकराया, चार घायल

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पीलीकोठी चौराहे पर एक ऑटो बेकाबू होकर नगर आयुक्त आवास के गेट के पास लगी रेलिंग से टकरा गया। हादसे में ऑटो सवार मजदूर दंपति और उसके दो बच्चे घायल हो गए। थाना क्षेत्र के आशियाना निवासी शाहआलम यहां रहकर मजदूरी का काम करता है। मूलरूप से वह बिहार के अररिया जिले के सिकटी का रहने वाला है। उसने बताया कि शनिवार दोपहर को ठेकेदार से पैसे लेने के लिए वह कंपनी बाग जा रहा था। ऑटो में पत्नी और चार बच्चे भी थे। इस दौरान ऑटो पीली कोठी चौराहे पर नगर आयुक्त आवास के पास पहुंचा तभी किसी वाहन से बचने के चक्कर में बेकाबू होकर सड़क किनारे बने चबूतरे की रेलिंग से टकराया, जिससे शाहआलम और उसकी पत्नी गिर गए। हादसे में शाहआलम, उसकी पत्नी मोहसिना और डेढ़ वर्षीय बेटा अरमान गंभीर घायल हो गए। सलमान को भी चोट आई। ऑटो चालक चारों को जिला अस्पताल में भर्ती कराके वहां से चला गया।

सात वर्षीय बच्ची से अश्लील हरकत, धमकी दी

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में स्कूल से लौटते समय सात साल की बच्ची के साथ मनचले ने छेड़खानी कर दी। युवक परिवार को बच्ची के साथ दुष्कर्म कर जेल जाने की धमकी दे रहा है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के निवासी बच्ची के पिता ने दी तहरीर में बताया कि 2 अगस्त को उनकी सात वर्षीय बच्ची स्कूल से लौट रही थी। इसी दौरान कॉलोनी के ही यासिर ने रास्ते में उसे पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करना लगा।

ससुरालियों ने दामाद को मौत के घाट उतारा

- शव ठिकाने लगाने जा रहे थे साले, परिजनों के आने पर छोड़कर भागे
- प्रेम विवाह से नाराज थे मायके वाले, रक्षाबंधन पर पति के साथ गई थी महिला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मझोला थाना क्षेत्र में प्रेम विवाह से नाराज ससुरालियों ने दामाद को मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद शव ठिकाने लगाने का प्रयास करने लगे। परिजनों के पहुंचने पर शव छोड़कर भाग गए। पत्नी रक्षाबंधन पर भाइयों की सूनी कलाई पर राखी बांधने के लिए पति के साथ मायके गई थी। इसी दौरान ससुरालियों ने वारदात को अंजाम दिया। मामले में पीड़ित परिवार ने डीआईजी से न्याय की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र निवासी मृतक की मां सावित्री ने डीआईजी को दी तहरीर में बताया कि उसके बेटे संजू (30) ने चंदौसी के मिलक निवासी नीलम से 2017 में प्रेम विवाह किया था। संजू के दलित होने से नीलम के परिवार वाले शादी से नाखुश थे। नीलम अकेली ही अपने मायके जाती थी। 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन संजू को ममेरी ससुराल वालों ने घर पर बुलाया था। संजू की ममेरी ससुराल थाना क्षेत्र में ही है। इसके बाद वह रक्षाबंधन पर पत्नी और बच्चों को लेकर ससुराल चला गया था। त्योहार पर शाम को सालों ने घर पर पार्टी का आयोजन किया। ससुरालियों ने जबरदस्ती संजू को भी शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। जिससे तड़प-तड़प कर उसकी वहीं मौत हो गई। इसके बाद उसका शव घर में छिपा दिया गया। अगले दिन परिजनों को संजू की मौत की सूचना दी। आरोप है कि ससुराल वाले शव को ठिकाने लगाने जा रहे थे। इसी दौरान संजू के परिजनों को आता देख साले शव छोड़कर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। आरोप है कि घटना के पांच दिन बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। मृतक की मां ने ससुराल के सात लोगों के खिलाफ डीआईजी मुनिराज जी से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

एक नजर

संवेदना द किड्स कॉटेज में कार्यक्रम आयोजित

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के मंडी चौक स्थित संवेदना द किड्स कॉटेज में शनिवार को जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के नन्हे संवेदियंस को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराईं गईं। जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को जन्माष्टमी के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे संवेदियंस के प्रदर्शन से हुई, जिन्होंने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इसके बाद विद्यालय की निर्देशिका कैप्टन डॉ. मीनू महरोत्रा ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एक बहुत महत्वपूर्ण त्योहार है, जो विष्णु के आठवें अवतार भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का जश्न है। पूरे भारत में यह त्योहार हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में आभार अभिव्यक्ति विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रुति गुप्ता द्वारा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं ने योगदान प्रदान किया।

मेघा प्रोजक्ट्स में वितरित किया जरूरत का सामान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ई-बुलेटिन का किया गया विमोचन 101 साइकिल, सिलाई मशीन व सुनने की मशीन बांटी

अमृत विचारः शनिवार को आईडब्ल्यूसी ऑफ मुरादाबाद एसेंस 310 की ओर से कैरवी फोर्ट में जिला रैली विस्मया का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आईआईडब्ल्यू की अध्यक्ष ममता गुप्ता और राष्ट्रीय प्रतिनिधि सुनीता जैन उपस्थिति रहीं।

रैली की शुरूआत जिला रैली संयोजक व पूर्व जिला चेयरमैन नीता दुबलिश ने की। जबकि मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष विशाल प्रिया टंडन द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। होस्ट क्लब की अध्यक्ष रुचि सिंगल ने स्वागत भाषण दिया।

सदस्यों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिलाध्यक्ष विशाल प्रिया टंडन की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में विभिन्न मेघा प्रोजेक्ट्स की घोषणा की गई। जिसमें ई-बुलेटिन का विमोचन और 101 साइकिल, 101 सिलाई मशीन, 201 सुनने की मशीन और खाने के पैकेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे, नृत्य प्रस्तुतियां, रास, गरबा, डांडिया और लघु नृत्य नाटिका वार फॉर जस्टिस के प्रदर्शन ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम में विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए और अंत में जिलाध्यक्ष द्वारा स्मृति चिह्न और पुरस्कार प्रदान किए गए। धन्यवाद ज्ञापन जिला वाइस चेयरमैन शालिनी गुप्ता ने दिया। कार्यक्रम में नेहा कोठीवाल, मोना गुप्ता, जूही सिंगल व गुंजन कपूर समेत अन्य सदस्य शामिल रहे।

24 घंटे बाद भी तलाश में जुटे रहे गोताखोर, रेलवे ब्रिज घूमने गए थे दोनों भाई समेत तीन दोस्त

साथी ने किशोर को रामगंगा में धकेला, मदद को चीखता रहा भाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अयात।

अमृत विचारः कटघर थाना क्षेत्र में साथी ने किशोर को रेलवे ब्रिज से रामगंगा नदी में धकेल दिया। पानी के तेज बहाव से वह गहरे पानी में डूब गया। गोताखोर उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। दिन भर की कड़ी मशक्कत के बाद भी सफलता नहीं हासिल हुई है। दोनों भाई समेत तीनों दोस्त शुक्रवार देर रात रेलवे ब्रिज के पास घूमने गए थे। इसी दौरान साथी ने उसे ब्रिज के ऊपर से नदी में धकेल दिया।

थाना क्षेत्र के करूला बाग निवासी दो भाई अयात व अमन दोस्त शहनवाज के साथ शुक्रवार देर शाम गुलाबबाड़ी स्थित दरगाह हाफिज साहब गए थे। इसी दौरान तीनों ने रेलवे ब्रिज घूमने का मन बना लिया। कुछ देर तक खड़े होने के बाद शहनवाज ने अचानक से अयात (14) को ब्रिज के ऊपर से धकेल दिया। रामगंगा नदी के पानी का बहाव तेज होने से वह गहरे पानी में डूब गया। इसके बाद शहनवाज वहां से भाग गया। छोटा भाई अमन वहीं पर खड़े होकर मदद के लिए चिल्लाता रहा। उसकी आवाज किसी ने नहीं सुनी। आनन-फानन में वह घर पहुंचा। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अयात की तलाश के लिए गोताखोरों को नदी में उतारा। देर रात तक उसको ढूंढने का प्रयास किया। दूसरे दिन शनिवार को दिन में भी गोताखोरों की टीम लगी रही। बावजूद इसके 24 घंटे बाद भी नाकामी हाथ लगी। सीओ कटघर सर्किल आशीष प्रताप सिंह ने बताया है कि गोताखोरों समेत अन्य लोगों की मदद ली जा रही है। नदी के पानी का बहाव तेज होने के कारण काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं किशोर की तलाश के लिए अन्य थाना क्षेत्रों की पुलिस को भी लगाया है। उन्होंने बताया है कि किशोर के साथी से पूछताछ की जा रही है। अयात के तलाशी के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

रामगंगा किनारे बैठे किशोर के परिवार के सदस्य व अन्य लोग। ● अमृत विचार

- दिनभर की कड़ी मशक्कत के बाद भी सफलता नहीं मिली
- पानी के तेज बहाव से तलाश में हुई गोताखोरों को परेशानी

बेटे के नदी में डूबने की सूचना पर खाना छोड़कर बदहवास हालत में भागे पिता

मुरादाबाद, अमृत विचार : अयात के पिता मोहम्मद रघू ने बताया कि वह शुक्रवार शाम को काम से वापस लौटे थे। इसी दौरान उनके छोटे बेटे अमन ने उन्हें बताया कि भाई अयात को शहनवाज ने नदी में धकेल दिया। जिस पर वह आनन-फानन में खाना छोड़कर रेलवे ब्रिज की तरफ भागे। पिता के पहुंचने तक काफी देर हो चुकी थी। अंधेरे की वजह से उन्हें कुछ नजर नहीं आया। घटना के बाद परिजनों में मातम पसर गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पिता का कहना है कि शहनवाज के खिलाफ उन्होंने तहरीर दी। फिलहाल गोताखोर अयात की तलाश में जुटे हुए हैं।

कल मनेगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

बाजार में लड्डू गोपाल के लिए कपड़ा, माला, मुकुट, मोर पंखी आदि की खरीदारी तेज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शुभ संयोग में सोमवार 26 अगस्त को मनेगा। इसके लिए तैयारियां घरों व मंदिरों में चल रही है। लड्डू गोपाल के श्रृंगार के लिए कपड़ा, माला, मुकुट, मोर पंखी आदि की खरीदरी बाजार में तेज हो गई है। माखन मिश्री का भोग उन्हें लगाया जाएगा। व्रत रखकर श्रीकृष्ण की कृपा प्राप्त करने के लिए पूजा अर्चना की जाएगी।

भक्त व भगवान के अनन्य प्रेम का प्रतीक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने के लिए लोगों में उल्लास है। सोमवार को मंदिरों व घरों में पूजा अर्चना की जाएगी। व्रत रखकर कान्हा का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिरों व घरों में आकर्षक झांकियां सजाई जाएंगी। दिल्ली रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में भी भव्य आयोजन होगा। वहीं इस्कान सहित अन्य संगठनों की ओर से भी आयोजन किया जाएगा। पुलिस लाइंस में भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनेगा। हरथला, गुरहट्टी, गंज बाजार में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने के लिए खरीदारी हो रही है।

जन्माष्टमी की तैयारी को लेकर बाजारों में बिक रहे भगवान के पालने। ● अमृत विचार

इस बार शुभ संयोग में मनेगा प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म

मुरादाबाद, अमृत विचार : 26 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनेगा। इस बार 30 साल बाद शुभ संयोग आया है। जब अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र के साथ-साथ ग्रह नक्षत्रों के मेल कई शुभ संयोग बनाएंगे। सोमवार 26 अगस्त को अष्टमी तिथि का प्रारंभ सुबह 3 बजकर 39 मिनट पर शुरू होगा और अष्टमी तिथि का समापन 27 अगस्त को होगा। ज्योतिषाचार्य पंडित केदार मुरारी ने बताया कि उदया तिथि के अनुसार इस बार कृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त को ही मनाई जाएगी। इस बार जन्माष्टमी का त्योहार कई शुभ योगों में मनेगा। उन्होंने बताया कि अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र के साथ-साथ ग्रह नक्षत्रों के मेल कई शुभ संयोग बनाएंगे। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भादो कृष्ण पक्ष अष्टमी और रोहिणी नक्षत्र में मध्यरात्रि 12 बजे हुआ था। 26 अगस्त को यह सभी संयोग रहेंगे। ऐसे में इस बार स्मार्त (जो गृहस्थ पांच देवों की पूजा करते हैं) और वैष्णव दोनों ही 26 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व मनाएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार भगवान श्रीकृष्ण का 5251 वां जन्मोत्सव होगा।

बच्चों ने राधा कृष्ण के गीतों पर किया नृत्य

मुरादाबाद, अमृत विचार : शनिवार को अमरनाथ मेमोरियल पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चे राधा एवं कृष्ण के वस्त्र पहनकर विद्यालय आए। बच्चों ने राधा कृष्ण के गीतों पर नृत्य भी किया। इसके अलावा बच्चों ने दही हांडी का भी कार्यक्रम भी किया। इस अवसर पर बच्चों को जन्माष्टमी का महत्व बताया गया। इस दौरान रोटरी क्लब मुरादाबाद मिड टाउन के अतुल भटनागर एवं व संगीता भटनागर, विद्यालय सेक्रेटरी सीए अजीत कुमार अग्रवाल व गुंजन अग्रवाल के सहयोग से विद्यालय में बच्चों को कढ़ी चावल वितरण किए गए। इस अवसर पर मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विक्रांत, पवन, नितिन, हिमांशु, मोहित, रचित, विराज, हर्ष आयुष, परी, रानी, अनामिका, नेहा रितिका, तनिष्का, शिवानी, अक्षी आदि बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ज्योति, ममता शर्मा, ज्योति पाल, सृष्टि शर्मा, वर्षा शर्मा, राखी पाल, मेहरीन, समरीन, नेहा, सिम्मी व इरम शामिल रहे।

राधा-कृष्ण की वेशभूषा में बच्चों ने मन मोहा

मुरादाबाद, अमृत विचारः आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हेमंत कुमार झा द्वारा समस्त विद्यालय परिवार के साथ कृष्ण मुरारी की वंदना करके की गई। इस दौरान नन्हे-मुन्ने छात्रों द्वारा जन्माष्टमी का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।

कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी के छात्र राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सभी के मन को लुभा रहे थे। इस अवसर पर यूकेजी के छात्रों ने नृत्य के माध्यम से कृष्ण के बचपन की अठखेलियों को दर्शाया तो वही अध्यापकों द्वारा श्री कृष्णा पर आधारित मधुराष्टकम् स्तुति प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के समापन पर छात्रों द्वारा मटकी फोड़ी गई। इस मौके उप प्रधानाचार्य नितिन रस्तोगी, डॉ. मंजू सिंह, रूना राय, शालिनी अरोड़ा, चेतना सभरवाल, प्रिया, वर्षा, इला, भावना, रेनू, कबीर शामिल रहे।

गोविंद बोलो, हरि गोपाल बोलो...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः गांधी नगर पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के बच्चों ने राधा-कृष्ण की रंग-बिरंगी पोशाक, सिर में मुकुट व बांसुरी लेकर प्रस्तुति दी।

जन्माष्टमी कार्यक्रम की शुरूआत प्रबंधक रवि कुमार सिंघल व प्रधानाचार्य शशि शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर की। इस दौरान बच्चों ने गोविंद बोलो, हर गोपाल बोलो, छोटी-छोटी गईया, छोटे छोटे ग्वाल गीत पर नृत्य करके सभी का मनमोह लिया। कक्षा नौ की छात्रा अनुष्का विश्नोई व शिक्षिका सोना रस्तोगी ने जन्माष्टमी मनाने का उद्देश्य बताया। कक्षा छह व आठ की छात्राओं ने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, भजन सुनाकर सब को मन्त्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य गुरविंदर कौर, नीलम अग्रवाल, नेहा गुप्ता, विभोर भटनागर, मयंक सिंह, कीर्ति गगनेजा व दीपाली समेत अन्य स्टाफ शामिल रहा। वहीं लाइनपार स्थित मंडी समिति स्थित बालाजी पब्लिक स्कूल में शनिवार को जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। इस मौके पर प्रबंधक प्रदीप कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य रजनी बाला, शिक्षिका पूजा शर्मा, शीतल चौहान, आरती, ज्योति, ममता रानी, कशिश अग्रवाल, चंचल, खुशी, नेहा, दिशा, आदि शामिल रहे। लाइनपार स्थित राइजिंग चिल्ड्रन एकेडमी में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रधानाचार्य प्रीत सिंह व प्रबंधक अनुपेंद्र सिंह ने बच्चों को जन्माष्टमी पर्व के बारे में जानकारी दी।

जन्माष्टमी पर कार्यक्रम प्रस्तुति देते नन्हे बच्चे। ● अमृत विचार

- विभिन्न स्कूलों में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

खो-खो में ग्रीन मिडोज ओवरऑल विजेता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः जिला खो-खो संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। इस मौके पर अतिथियों ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

महानगर के सिविल लाइंस स्थित सेंट पॉल कालेज में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में शनिवार को दूसरे दिन अंडर 14 बालिका वर्ग ग्रीन मिडोज स्कूल की टीम ने प्रथम, सेंट मैरी स्कूल की टीम ने द्वितीय व नेशनल पब्लिक स्कूल भोजपुर ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर 14 बालक वर्ग में ग्रीन मिडोज स्कूल की टीम ने प्रथम, आरके पब्लिक स्कूल की टीम ने द्वितीय व आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल व सेंट फोर्ड स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी तरह अंडर 18 बालिका वर्ग में ग्रीन मिडोज स्कूल की टीम ने प्रथम, पीएमएस पब्लिक स्कूल की टीम ने द्वितीय व सेंट मैरी तथा सेंट फोर्ड स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर 18 बालक वर्ग में ग्रीन मिडोज स्कूल की टीम ने प्रथम, आरके पब्लिक स्कूल की टीम ने द्वितीय व रेनबो पब्लिक व पीएमएस पब्लिक स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। सेंट पॉल स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. पीडी इमानुएल ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में धीरज कुमार, संस्कार यादव, विनीत यादव, रोहित, अमन सैनी, आध्या अग्रवाल व आयुषी सिंह रहे। जिला खो खो संघ मुरादाबाद के अध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

खो-खो प्रतियोगिता में विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि।। ● अमृत विचार

कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर की गई बैठक

पाकबड़ा, अमृत विचारः जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम को लेकर थाने में बैठक हुई। बैठक में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि एवं समाज के लोग मौजूद रहे।

थाना प्रभारी ने सभी से शांति और सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती होगी। उन्होंने अपील की कि चेहल्लुम और जन्माष्टमी को शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। कोई भी व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश न करें। इस अवसर पर रामबाबू भटनागर, प्रमोद गुप्ता, श्याम रूहेला, तोताराम सैनी, वेगराम प्रजापति, कमलसिंह सैनी, लाला सतपाल चौधरी, सभासद हाजी सरताज, मौहम्मद गुल, साने अहमद, अनस सैफी, असफाक, मोमिन, इमाम हाफिज दानिश अली आदि मौजूद रहे।

बैठक | खंड शिक्षाधिकारियों, एसआरजी, एआरपी को बैठक में एडी बेसिक शिक्षा ने दिए निर्देश

जिले में विद्यालयों को निपुण बनाने को करें सुधार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की ओर से एडी बेसिक शिक्षा व प्रभारी प्राचार्य डायट बुद्धप्रिय सिंह की अध्यक्षता में जिले के सभी खंड शिक्षाधिकारियों, एसआरजी, एआरपी की मासिक समीक्षा बैठक नगर संसाधन केन्द्र, गांधी पार्क सिविल लाइंस में हुई। प्रभारी प्राचार्य डायट बुद्ध प्रिय सिंह ने कहा कि निपुण विद्यालय बनाए जाने में जनपद की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है, इस पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

समीक्षा बैठक में निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए ब्लाकवार कार्ययोजना की समीक्षा, कक्षा शिक्षण में पाठ योजना, टीचर डायरी, गणित और विज्ञान किट का प्रयोग, टीएलएम आदि का प्रयोग, टाइम एंड मोशन शासनादेश का पालन, निपुण लक्ष्य ऐप, दीक्षा ऐप तथा पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। इसके अलावा एसआरजी, एआरपी और डायट मेंटर द्वारा किए जाने वाले सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की बिंदुवार समीक्षा डायट प्राचार्य ने की। उन्होंने सभी विद्यालयों के अधिगम स्तर के अनुसार कार्ययोजना बनाकर कार्य करने पर बल दिया।

उन्होंने संकुल बैठकों में भी इस पर चर्चा करने और शिक्षकों को प्रेरित करके निपुण लक्ष्य प्राप्त करने पर बल दिया। बैठक में एसआरजी सचिन शुक्ला ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में जिला समन्वयक प्रशिक्षण तेजपाल सिंह, ऋतु त्यागी, संजय विशाल के अलावा सभी ब्लाकों से आए एआरपी आदि मौजूद रहे।

बैठक में बोलते एडी बेसिक व प्रभारी प्राचार्य डायट बुद्ध प्रिय सिंह व उपस्थित अन्य।

समीक्षा

- सभी विद्यालयों के अधिगम स्तर के अनुसार कार्ययोजना बनाए
- शिक्षकों को प्रेरित कर निपुण लक्ष्य प्राप्त करने पर जोर

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing

Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist

Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology

- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.

Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404

एक नजर

घायल गोवंश को एसडीएम ने गोशाला भिजवाया

बिलारी, अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गोवंश शुक्रवार रात 11 बजे घायल हो गया था। जानकारी पर हरिश्चंद्र तिवारी व अन्य लोगों ने शनिवार सुबह चारा और पानी की व्यवस्था कराई। इसके बाद एसडीएम ने नगर पालिका के वाहन से गोवंश को हाजीपुर गोशाला भिजवाया।

भाकियू की बैठक कल

बिलारी, अमृत विचार : क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर मंथन करने के लिए भारतीय किसान यूनियन असली अराजनीतिक की बैठक 26 अगस्त को सोनकपुर ग्राम के पंचायत घर में होगी। शनिवार को भाकियू असली के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी महक सिंह ने बताया कि बैठक में गन्ना मूल्य के बकाया भुगतान समेत किसानों की अन्य समस्याओं पर भी विचार किया जाएगा। शंभू व खनौरी बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन की समीक्षा होगी। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह मौजूद रहेंगे। इसके लिए चौधरी शिव सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की टीम गांव-गांव संपर्क कर रही है। जिसमें होशियार सिंह, सुमित कुमार, भूरे सिंह, रणवीर सिंह, जितेंद्र सिंह शामिल हैं।

गन्ने की खोई के ढेरों में लगी आग

छजलैट, अमृत विचार : ग्राम मनकुआ के पास विद्युत खंभे पर लगे तार जर्जर हो गए हैं। जर्जर तारों से आए दिन फॉल्ट होते रहते हैं। यहां ग्राम प्रधान सतपाल का कोल्हू संचालित होता है। जिसके लिए कोल्हू के समीप गन्ने की खोई के ऊंचे ऊंचे ढेर लगे हैं। शनिवार को खोई के ढेर में बिजली के तारों की चिंगारी गिरने के कारण आग लग गई। तेज हवा के कारण खोई ने आग पकड़ ली। आग की जानकारी ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को दी। मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से जर्जर तार बदलवाने की मांग की है।

रसोईया से मारपीट में चार पर रिपोर्ट दर्ज

कुंदरकी, अमृत विचार : ग्राम हरियाणा निवासी पुष्पा देवी के अनुसार 23 अगस्त की दोपहर दो बजे वह स्कूल में खाना बना रही थी। तभी नाजिम के पोते ने उसे पत्थर मारा था। इसकी शिकायत करने के लिए वह नाजिम के घर पर गई थी। जहां नाजिम, रागिव, राशिद और सुब्हान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी थी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

भूमि संबंधी विवादों को गंभीरता से लें

थाना दिवस में एसपी देहात ने अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : थाना कांठ व छजलैट में समाधान दिवस में सात फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। अन्य के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग एवं पुलिस की टीम गठित की गई।

कांठ एवं छजलैट थाना में आयोजित समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक देहात संदीप कुमार मीणा ने कहा कि लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक ध्यान रखें कि भूमि संबंधी मामलों की शिकायत थाना दिवस या संपूर्ण समाधान दिवस में आती हैं, ऐसे मामलों को गंभीरता से लें। शिकायत की मौके पर जाकर निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद उसका निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई भूमि या अवैध रूप से किसी की भूमि कब्जा करना चाहता है तो ऐसे मामलों को अत्यंत गंभीरता से लें और उसकी जांच कर स्पष्ट आख्या दें। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी कर्मचारी का पक्षपात का मामला सामने आएगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। कहा कि भूमि संबंधी विवादों को लेकर जिन गांवों में तनाव है, ऐसे ग्रामों को लेखपाल एवं हल्के का कांस्टेबल, दरोगा विवाद के बारे में जानकारी करके विधिक कार्रवाई करें, जिससे क्षेत्र के किसी भी गांव में विवाद न हो। इस अवसर पर एसडीएम अजय मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निंबाड़िया, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा सहित लेखपाल राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

कांठ में शिकायतें सुनते एसपी देहात संदीप कुमार मीणा व साथ में अन्य। ● अमृत विचार

अधिकारियों ने सुनीं लोगों की शिकायतें

मैनाठेर, अमृत विचार : शनिवार को समाधान दिवस में पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण कराया। सुनवाई के दौरान सर्वाधिक भूमि विवाद से संबंधित मामले पहुंचे। अधिकारियों ने शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी विनय कुमार और मैनाठेर इंस्पेक्टर किरणपाल सिंह ने समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर लेखपाल शरीफ अहमद, परवेज अली, कहर सिंह आदि मौजूद रहे।

तीन शिकायतें मौके पर निस्तारित

पाकबड़ा, अमृत विचार : समाधान दिवस में सात शिकायतें मिलीं। जिसमें तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया। शनिवार को थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। थाना प्रभारी ने बताया कि राजस्व से संबंधित सात शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व की टीम बनाकर मौके पर भेजी है। उनका भी जल्द निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान कस्बा इंचार्ज चंद्रकांत वालियान, उप निरीक्षक लोकेश कुमार, उपनिरीक्षक विशाल चौधरी एवं राजस्व व संबंधित विभागों के कर्मी मौजूद रहे।

परिवार नियोजन के प्रति किया जागरूक

छजलैट, अमृत विचार : कुरी रवाना में मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन का आयोजन हुआ। जहां ग्रामीणों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया गया।

सीएचसी कांठ के तहत उपकेंद्र कुरी रवाना के पंचायत घर में चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव के निर्देशन एवं ग्राम प्रधान लईक उर रहमान की अध्यक्षता में मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीणों को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में बताया और परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। वक्ताओं ने कहा कि परिवार नियोजन के अस्थायी साधन जैसे की माला एन की गोली, छाया, कंडोम, कॉपर टी, अंतरा इंजेक्शन आदि साधन हैं। महिला नसबंदी पर लाभार्थी को 2000 रुपये और पुरुष को 3000 रुपये सहयोग राशि दी जाती है। मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन में उमेश कुमार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, सैयद यासिर अली बीसीपीएम, सीएचओ रूबी, संगीनी मंजु, आशा प्रकाशो, संगीत और लता उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अंकित को मिस्टर स्मार्ट चुना गया और प्रधान की तरफ से सम्मानित किया गया।

उत्तम संगति से आचरण भी होता है उत्तम : राजेंद्रानंद

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : संसार में उत्तम संगति और बुरी संगति के लोग रहते हैं। बुरी संगति मानव को विनाश और उत्तम संगति से मानव के आचरण और विचार उत्तम होते हैं। उत्तम से अभिप्राय सत्य से जुड़कर ज्ञान का प्रकाश पाना है।

कथा सुनाते स्वामी राजेंद्रानंद।

यह विचार विश्नोई मंदिर विशनपुरा में जाम्भाणी श्री हरि कथा के शनिवार को हरिद्वार विश्नोई आश्रम भीमगोडा के कथा वाचक स्वामी राजेंद्रानंद ने कथा के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि गुरु जंभेश्वर ने बताया है कि 29 नियमों के पालन से विश्व में शांति आ सकती है। नशा करने से मानव का तन, मन मैला हो जाता है और ऐसे व्यक्ति संसार, समाज व परिवार में सदैव निंदा के पात्र होते हैं। प्रभु भजन से अज्ञानता स्वतः ही नष्ट हो जाती है। अज्ञानता के नष्ट होते ही मानव सांसारिक मोह माया से विरक्त होकर ईश्वर भक्ति और परोपकार में लग जाता है। उन्होंने कहा कि परोपकार से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। हरि कथा के श्रवण करने से मानव मोक्ष की प्राप्ति कर लेता है। उन्होंने बताया कि शास्त्रों में 16 प्रकार की संस्कार हैं परंतु जम्भो जी ने पांच संस्कार ही माने हैं। इस मौके पर कुंवर सुरेंद्र सिंह, दिलावर सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, हेमराज सिंह, राजकुमार सेवक, देवराज सिंह धर्मवीर सिंह, मास्टर धर्मपाल सिंह, श्रीओम बिश्नोई, मुन्नू सिंह, विश्व बंधु बिश्नोई, ऋषिपाल सिंह, राकेश कुमार, सुशील कुमारकुंवर सुरेंद्र सिंह, चंद्र प्रकाश, मुनिराज सिंह, लवकुश कुमार, इन्द्रराज सिंह रहे। संचालन राजवीर सिंह एवं श्रीओम विश्नोई ने किया।

सीएचसी में कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी देते चिकित्सक। ● अमृत विचार

छूने और साथ रहने से नहीं फैलता कुष्ठ

● **तीसरे बैच की 115 टीमों को शनिवार को प्रशिक्षण दिया गया**

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : कुष्ठ रोगी खोज अभियान के तहत चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल की अध्यक्षता में एनएमए मोहम्मद्दीन ने टीमों को प्रशिक्षण के दौरान कुष्ठ रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शनिवार को दिए प्रशिक्षण में उन्होंने बताया कि अभियान में टीमें घर-घर जाकर कुष्ठ रोगी को खोजेंगी। अभियान के दौरान महिला की जांच महिला कर्मी एवं पुरुष की जांच पुरुष कार्यकर्ता करेंगे। संदिग्ध रोगी को निकटतम अस्पताल भेजा जाएगा। जिससे उसकी जांच के पश्चात एमडीटी से इलाज शुरू कर सके और उनको विकृति से बचाया जा सके। पीएमडब्लू कुलवंत सिंह ने बताया कि कुष्ठ रोग छूने से, साथ रहने से नहीं फैलता है। अरूण कुमार ने बताया कि शनिवार को सीएचसी ठाकुरद्वारा पर 3 बैच के 115 टीमों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ब्लॉक लेखा प्रबंधक आशु गुप्ता, अजय कुमार, फैमिली वेलफेयर काउंसलर सरोज कुमार, स्वस्थ्य शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित रहे।

जनसेवा केंद्र में जांच करता आरपीएफ कर्मी। ● अमृत विचार

अवैध रूप से रेल टिकट बनाने में जनसेवा केंद्र पर मारा छापा

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : नगर में जनसेवा केंद्र पर अवैध तरीके से रेल के टिकट बनाए जा रहे थे। जिसकी सूचना आरपीएफ हेड क्वार्टर को मिली थी। वहां से क्राइम ब्रांच को जांच के लिए भेजा तो मौके पर जनसेवा केंद्र पर संचालक अनाधिकृत तरीके से रेल के टिकट बनाता हुआ मिला।

शनिवार को मुरादाबाद की आरपीएफ की टीम ने मोहल्ला ठाकुरान स्थित सुहैब के जनसेवा केंद्र पर छापा मार दिया। आरपीएफ की टीम ने जनसेवा केंद्र में रखे कंप्यूटर व लैपटॉप आदि चेक किए और संचालक का मोबाइल भी चेक किया। जिसमें वह अवैध रूप से रेल के टिकट बनाने में संलिप्त पाया गया। आरोपी पर संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान मुरादाबाद की आरपीएफ की टीम के साथ राजा का सहसपुर जंक्शन स्थित आरपीएफ चौकी इंचार्ज भी मौजूद रहे।

नबी की शान में गुस्ताखी करने वाले को भेजें जेल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : मध्य प्रदेश में कार्यक्रम के दौरान मोहम्मद साहब के खिलाफ दिए आपत्तिजनक बयान को लेकर मुस्लिम समुदाय में रोष है। लोगों ने आरोपी पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

शाहीन ए हिंद ऑर्गनाइजेशन ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की और राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन कोतवाली में थाना समाधान दिवस में मौजूद एसडीएम को सौंपा। ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष मोहसिन अंसारी ने बताया कि मोहम्मद साहब के खिलाफ बयान निंदनीय है। इससे देश के अमन-चैन को खतरा उत्पन्न हो रहा है। नगीना मस्जिद के इमाम मौलाना राहत नइमी ने कहा कि नबी की शान में गुस्ताखी बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस दौरान हाजी मुख्तियार सैफी, सादिक सिद्दीकी, हाजी याकूब कुरैशी, तन्जीम अहमद, शमसुद्दीन, मनीष, साजिद, उवैस खान आदी मौजूद रहे ।

दुष्कर्म पीड़िता के पिता से मिले विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ता

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की टीम ने दुष्कर्म पीड़िता के आवास पर पहुंचकर परिवार का हाल-चाल जाना और विश्वास दिलाया की चाहे कुछ भी हो विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल परिवार के साथ रहेगा। कहा कि दुष्कर्म के आरोपी डॉ. शाहनवाज के घर व मदरसे पर बुलडोजर नहीं चलेगा तब तक संगठन उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ देगा। दुष्कर्म पीड़िता के पिता ने कहा कि आपका सहयोग हमें इसी प्रकार मिलता रहे। जिससे हमें और लड़की को न्याय मिल सके और ऐसी घटना भविष्य में न हो। इस मौके पर पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पंकज सिंह, साजन शर्मा, लकी चौहान व पंकज आदि उपस्थित रहे।

अस्पतालों की जांच करें

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : श्रीराम गायत्री ज्ञान मंदिर में नारी अत्याचार संबंधी गोष्ठी हुई। इसमें वक्ताओं ने एबीएम अस्पताल में दुष्कर्म की घटना पर दुख व्यक्त कर कहा कि प्रत्येक कार्य मानव को सेवा भाव और पवित्र मन से करना चाहिए। अस्पतालों में बढ़ रही ऐसी घटनाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन जिम्मेदार है। प्रशासन को अस्पतालों की जांच कर कर्मचारियों की निगरानी कर ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने का प्रयास करना चाहिए। गोष्ठी में वक्ताओं ने दुष्कर्म पीड़िता और परिवार की हरसंभव मदद करने का निर्णय लिया। बैठक में राजकुमार गांधी, डॉ. मोनिका अग्रवाल, शैल बाला, शिवेंद्र गुप्ता, मनोज चौहान, फैजान अली, दानिया अली, नितिन विश्नोई आदि थे।

झोलाछाप की दुकान पर छापेमारी, दवाएं बरामद

कांठ, अमृत विचार : एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मघपुरी इनायतपुरी में झोलाछाप की दुकान पर छापा मारा। जांच के दौरान रजिस्ट्रेशन व चिकित्सा संबंधी कागज नहीं मिले।

शनिवार को सीएचसी के चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार, एसडीएम अजय कुमार मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ ग्राम मघपुरी इनायतपुरी पहुंचे। वहां उन्होंने झोलाछाप की दुकान पर छापा मारकर कई दवाएं कब्जे में ली। अधिकारियों ने मौजूद कथित चिकित्सक से संबंधित दस्तावेज मांगे तब वह रजिस्ट्रेशन आदि दस्तावेज नहीं दिखा पाया। इस पर एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी को सूचना देकर मौके पर बुलाया। डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि जांच में दस्तावेज फर्जी मिलने आदि अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाई के साथ चिकित्सक पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

आयोजन | निजी शिक्षण संस्थानों में जन्माष्टमी पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए

बच्चों ने स्कूलों में राधा-कृष्ण के रूप में किया नृत्य

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: रुस्तमनगर सहसपुर स्थित रानी प्रीतम कुंवर स्कूल में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम में माहिम, आरव, माहिरा, तन्हा, अयान आदि ने नृत्य प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य रंजीत ईश्वर ने छात्र-छात्राओं को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का महत्व बताया।

कक्षा नौ की सिमर और कक्षा 10 की लवीना खान ने जन्माष्टमी के बारे में जानकारी दी। कक्षा 11 की माहिम खान ने गीता के श्लोक से ईश्वर के धरती पर जन्म लेने का कारण बताया। विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण के बाल स्वरूप में सब का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक मीनाक्षी प्रसाद, परमानंद सक्सेना सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

एसबीएस स्कूल में राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चे व शिक्षक।

रिच लुक किड्स प्ले स्कूल में नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे।

वहीं, एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जन्माष्टमी पर बच्चों ने राधा-कृष्ण के स्वरूप में झांकी प्रस्तुत की। बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। नर्सरी से कृष्यवी, अन्वी, अपर्णा, आराध्या, कार्तिक, तन्मय में आदि ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। एलकेजी से परी, काष्वी, आदिक, भूमिका, तृष्णा, चिराग, समर्थ, सक्षम, लाइवा नूर और दिव्यांश आदि ने भाग लिया। यूकेजी के लक्ष्य, शौर्य, आदित्य, अथर्व, मिस्टी, रिदा फातिमा, हर्षित मिस्टी ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संयोग वशिष्ठ, प्रबंधक राजीव सहाय ने जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।

वहीं, रिच लुक किड्स प्ले स्कूल में बच्चे राधा व कृष्ण की पोशाक में स्कूल आए। स्कूल के डायरेक्टर मगन लांबा ने बताया कि आज के दिन कृष्ण का जन्म हुआ था। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ गिन्नी लांबा, मगन लांबा, रीना लांबा, रोली, शिवानी, प्रिया, अंजलि, रितु, रुकाया, ज्योति, दिशा, शबाना, नमरा, ममता, रूबी, नीरज का विशेष सहयोग रहा।

रात भर बिजली आपूर्ति ठप, लोगों को हुई परेशानी

● **शुक्रवार रात दो बजे से शनिवार सुबह दस बजे तक ठप रही आपूर्ति**

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : उमस भरी गर्मी में बिजली की अंधाधुंध कटौती के कारण नगर के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। शुक्रवार रात नगर और ग्रामीण में 11 हजार केवीए लाइन में फाल्ट से हजारों उपभोक्ताओं को बिजली कटौती से परेशानी हुई।

शुक्रवार रात 11 हजार केवीए विद्युत लाइन में फाल्ट के चलते कांठ बिजलीघर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप रही। शिकायत मिलने पर एसडीओ व भाकियू अराजनैतिक की टीम ने रात में फाल्ट खोजने का काम किया। लेकिन फाल्ट न मिलने से नगर में बिजली आपूर्ति ठप रही। लोगों को पूरी रात गर्मी और मच्छरों के प्रकोप के चलते सलेमपुर, महमदपुर माफी नवादा, रसूलपुर समेत पांच गांवों के साथ कस्बे के हजारों उपभोक्ताओं को रातभर परेशानी झेलनी पड़ी। कस्बा निवासी सुशील अग्रवाल, मुकुल जिंदल, बलवीर सिंह, सईद सैफी ने बताया कि तहसील क्षेत्र में विद्युत विभाग की ओर से शेड्यूल के अतिरिक्त ग्रामीण तथा नगर क्षेत्र में अतिरिक्त विद्युत कटौती कई घंटे तक की जा रही है, जिसकी कोई भी सूचना विद्युत उपभोक्ताओं को पूर्व में नहीं दी जाती है। एसडीओ ज्ञानेंद्र यादव ने बताया कि टीम द्वारा लगातार प्रयास के बावजूद फॉल्ट नहीं मिला था। इसके बाद ग्राम रसूलपुर के जंगल में 11000 की लाइन में पेड़ की डाल पर बेल आदि लिपटने से विद्युत सप्लाई में फाल्ट मिला। जिसके कारण विद्युत रात्रि दो बजे से सुबह 10 बजे तक ठप रही। विद्युत आपूर्ति ठप रहने से पानी की आपूर्ति भी प्रभावित रही।

सार संक्षेप

बाबा जाहरवीर की याद में लगा छड़ी मेला

कुंदरकी, अमृत विचार : ग्राम कुतुबपुर अज्जू में बाबा जाहरवीर की याद में छड़ी मेला लगा। शनिवार को चिड़ियाठेर, जैतपुर पट्टी, चांदपुर मंगोल, मोहनपुर, तखतपुर, चकफाजलपुर, जैतवाड़ा, बाकीपुर, हाथीपुर चित्तु गांवों के ग्रामीणों ने शिव मंदिर में भजन कीर्तन किया। कीर्तन में निर्वेश शास्त्री, राहुल कुमार, ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, मनोज कुमार पुंडीर, राजकुमार पुंडीर, राजू सिंह, सतीश सिंह, राम अवतार सिंह, टीकम सिंह, पप्पू सिंह, प्रेमपाल सिंह, गोपाल सिंह, टिकू सिंह, संजय सिंह, राजेश सिंह, सतेनदरसिंह, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : भायपुर गांव में सात दिवसीय भागवत कथा का डॉ. वीर सिंह सैनी ब्लॉक प्रमुख के पति ने पूजा अर्चना कर किया। शनिवार रात कथा वाचक स्वामी प्रवेश माधव महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत सुनने मात्र से ही मनुष्य के सारे दुखों का समापन हो जाता है। हमेशा भगवती कृपा बनी रहती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वह परिवार सहित कथा अवश्य सुनें और बच्चों को अपने साथ लाएं ताकि उन्हें भी ज्ञान हो। इसी दौरान आयोजक यशपाल सिंह, जसवंत सिंह, कुंवर पाल यादव, राजीव कुमार, राजेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, मुखराम सिंह, राजकुमार, जयप्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

राजेंद्रा अकादमी में जन्माष्टमी मनाते छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ। ● अमृत विचार

राजेंद्रा अकादमी में बच्चों ने मनाई जन्माष्टमी

छजलैट, अमृत विचार : राजेंद्रा अकादमी भीकनपुर में जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने कृष्ण तथा राधा की वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राधा बनी छात्राओं ने झूले का आनंद लिया तथा नृत्य प्रस्तुत किया और कृष्ण ने दही की मटकी फोड़ी। विद्यालय की प्रधानाचार्या सरिता रानी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

बैठक में मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासद। ● अमृत विचार

नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में प्रस्तावों पर चर्चा

कांठ, अमृत विचार : ऊमरी कलां में नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान अली की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में नगर के विकास संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री नगरोदय योजना के लिए कई प्रस्ताव भेजने के लिए चर्चा हुई, जो पांच वर्ष के लिए नगर में विकास के लिए तैयार की जानी है। नगर में सफाई तथा डोर टू डोर कूड़ा एकत्र करने के लिए लोगों में जागरूकता लाने की बात कही गई। बैठक में मोहम्मद उस्मान अली ने कहा कि शासन की प्रस्तावित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन करना उनकी जिम्मेदारी है। उनके शासनकाल में सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ हर वर्ग के व्यक्ति को मिलेगा। विकास कार्यों में सभी सभासदों का सहयोग आवश्यक है। सभी की जिम्मेदारी है कि पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ के लिए किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। सभासदों ने बैठक में अपने वार्ड की समस्याएं उठाईं। बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी श्वेतांक सारस्वत ने किया। बैठक में समस्त सभासद उपस्थित रहे।

गोपीवाला गांव में लगे मेले में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

बाबा जाहर वीर के स्थान पर लगा मेला

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : शनिवार को गोपीवाला गांव में बाबा जाहरवीर के स्थान पर पूजाकर झंडा लगाकर नौमी मेले की शुरूआत हुई। पुजारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि भादो में प्रतिवर्ष यहां मेला लगता है। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर खरीदारी की और बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। इस दौरान मेला समिति ने भंडारे का भी आयोजन किया। इस दौरान सोमन्त सिंह, जयप्रकाश सिंह, भूप्रकाश सिंह, संजीव चौहान, धर्मेन्द्र चौहान, दिनेश सिंह, उपदेश सिंह आदि मेले में मौजूद रहे।

शिव सेंट जोसेफ कॉलेज में राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

राधा-कृष्ण के स्वरूप में भक्ति गीत पर नृत्य किया

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : शनिवार को शिव सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज में जन्माष्टमी पर बच्चों ने राधा-कृष्ण के रूप में मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं और भक्ति गीतों पर नृत्य किया।विद्यालय में कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। छात्रों ने राधा और कृष्ण के रूप में सजकर मनमोहक झांकी प्रस्तुत की।

कृष्ण की बाल लीलाएं सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : चित्रगुप्त मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान मथुरा के कथा वाचक देव कृष्ण महाराज ने बाल गोपाल की लीलाओं का जिक्र करते हुए अमर कथा, कपिल गीता, ध्रुव चरित्र के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भक्त में इतनी शक्ति होती है कि वह भगवान को बच्चा बन सकता है । इसी प्रकार माता अनसुइया ने ब्रह्म, विष्णु और महेश को अपने तप से बच्चा बना दिया था। इस दौरान भगवान नारद व ध्रुव की झलकियां प्रस्तुत की गईं। इस दौरान गोविंद सिंह, सचिन सक्सेना, अमित सक्सेना, गीता देवी मालती देवी विमला देवी सरस्वती नेहा आदि मौजूद रहे ।

जनसेवा केंद्र के संचालक का खाली बैग-लैपटाप मिला

मुरादाबाद, अमृत विचार : पांच दिन पहले जनसेवा केंद्र के संचालक राहुल कुमार को लूटने का एक आरोपी तो मौके से ही पकड़ा गया था। पीड़ित का लैपटाप और बैग पुलिस को रुस्तमपुर बढ़मार गांव के पंचायत भवन के सामने पड़ा मिला है। कटघर थाना क्षेत्र के ग्राम सैफपुर पल्ला गांव निवासी राहुल कुमार पड़ोस के ही गांव जैतिया सादुल्लापुर में जनसेवा केंद्र चलाते हैं। राहुल से मंगलवार शाम को लूट हुई थी । इस दौरान अमरोहा के थाना नौगांवा क्षेत्र के अकबरपुर पट्टी गांव का सूबेचंद पकड़ लिया गया। तीन लुटेरे फरार हो गए थे। राहुल से तमंचा के बल पर डेढ़ लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया था। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि रुस्तम बड़मार गांव के पंचायत भवन के सामने से राहुल का लैपटाप और बैग मिल गया है। पकड़े गए लुटेरे सूबेचंद ने अपने साथियों के नाम विशाल और अर्जुन निवासी कपनेरी, कोतवाली मिलक(रामपुर) बताया। तीसरा लुटेरा गोशाला रोड चंदौसी (संभल) का पवन कुमार है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीमें लगी हैं।

एक नजर

त्योहारों पर भाईचारा बनाए रखें : प्रिंस शर्मा

शाहबाद, अमृत विचार : आगामी त्योहारों को लेकर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक हुई। इसमें कोतवाल प्रिंस शर्मा ने कहा कि आने वाले त्योहारों जन्माष्टमी व चेहल्लुम को मिल जुलकर मनाएं। भाई चारा बनाए रखें और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं। शनिवार को कोतवाली में हुई अमन कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने कहा कि कोई भी असामाजिक तत्व कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश न करें। ऐसे लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान एसआई आदेश कुमार, मयंक अग्रवाल, माधोराम, मंजुलता शर्मा तथा क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

खेत पर गए किसान की बाइक चोरी, दी तहरीर

सैफनी, अमृत विचार : नगर के मझरा मोहल्ला निवासी कुलदीप किसान है। वह शनिवार को रामगंगा नदी के पास स्थित अपने खेत पर काम करने गया था। उसने अपनी बाइक खेत के पास रास्ते के किनारे खड़ी कर दी और खेत में काम करने लगा। कुछ देर बाद वापस आया तो बाइक गायब थी। उसने आसपास तलाश भी की मगर बाइक का कुछ पता नहीं चला। तब उसने थाने पहुंचकर पुलिस को बाइक चोरी की तहरीर दी।

किसानों ने टोल प्लाजा पर दिया धरना

तीन घंटे बाद पहुंचे एनएचएआई के साइट इंजीनियर से वार्ता के बाद धरना स्थगित

संवाददाता, भोट

एनएचएआई के खिलाफ नारेबाजी करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : समस्याओं को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन भानु से जुड़े किसान कोयला टोल प्लाजा पर अनश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। करीब तीन घंटे तक विरोध प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंचे एनएचएआई के साइट इंजीनियर तुषार गुप्ता के आश्वासन के बाद बुधवार तक धरना स्थगित करने की घोषणा की गई।

शनिवार की दोपहर 12 बजे भारतीय किसान यूनियन भानु के प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में किसान कोयला टोल प्लाजा पर एकत्र हुए। एनएचएआई के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर दरी बिछाकर बेमियादी धरने पर बैठ गए। मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि बिलासपुर बाईपास कई जगह धंस गया है। इसके कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। रामपुर से रुद्रपुर तक सभी सर्विस रोड जर्जर हैं। इसके चलते किसान व मजदूरों के वाहन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। टोल प्लाजा के पास ही स्थित सनैया जट गांव को जाने वाले संपर्क मार्ग को कार्यदायी संस्था के ओवरलोड डंपरों ने जर्जर कर दिया था।

किसानों के विरोध पर तत्कालीन अधिकारियों ने संपर्क मार्ग को सही कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन मार्ग अभी तक ठीक नहीं कराया गया। रोड भी नहीं बनवाया गया है। स्थानीय लोगों के सभी वाहनों से टोल वसूली बंद की जाए। हाईवे किनारे लगी लाइटें व नालियां सही कराई जाएं। किसानों के धरने की सूचना पर एनएचएआई के साइट इंजीनियर तुषार गुप्ता मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। निर्णय लिया गया कि बुधवार को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से बिलासपुर उप जिलाधिकारी के कार्यालय में एनएचएआई के परियोजना अधिकारी व अन्य अधिकारियों से वार्ता की जाएगी।

इस दौरान किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाता है तो ठीक है अन्यथा गुरुवार से धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। इसके बाद वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बेमियादी धरना स्थगित करने की घोषणा की।

यह लोग रहे मौजूद

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार, राष्ट्रीय महासचिव शोएब इजहार खान, हारुन खान, मोहम्मद सलीम वारसी, अमरपाल सिंह, अखिल खान, बलजीत सिंह, रणजीत सिंह, तरनजीत सिंह, मुराद खान, आरिफ अली, सफीक अहमद, जमाल आरिफ, ताहिर खान, हारून, शकील अहमद, हसीब वारसी आदि मौजूद रहे।

पत्नी को अगवा करके बेचने का आरोप, रिपोर्ट

बिलासपुर, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति की पत्नी और पुत्र को अगवा कर उन्हें बेचने के संबंध में कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव बेरखेड़ा-रत्नपुरा निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि गाजीपुर निवासी उसकी ममेरी बहन चंद्रकला और उसका भाई छोटू भी उनके साथ ही रहता था। कई बार चंद्रकला और छोटू से उन्होंने कई बार अपने घर जाने को कहा। लेकिन वह नहीं गए। इसके लेकर कई बार विवाद भी हुआ। उसके विरोध करने पर भाई-बहन रंजिश रखने लगे। 20 मई की सुबह उनका छोटा बेटा प्रियांश और पत्नी पार्वती गायब थीं। चंद्रकला और छोटू भी नहीं थे। काफी तलाशने पर भी जब पत्नी व बेटे का पता नहीं चला तो उसने गुमशुदगी भी दर्ज करा दी थी। कुछ दिन बाद सूचना मिली की पार्वती और प्रियांश को चंद्रकला और छोटू अगवा करके ले गए हैं। बहन-भाई ने उसकी पत्नी और पुत्र को बेच दिया है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर राधिका, चंद्रकला और छोटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

10 लाख रुपये की चीनी गायब करने में 6 गिरफ्तार

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : राणा मिल से खरीदकर दूसरी जगह भेजी गई 10 लाख रुपये की चीनी रास्ते से गायब करने में पुलिस ने महिला समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर सख्ती की तो उसने सारे राज खोल दिए। पुलिस फरार महिला आरोपी की तलाश कर रही है। जबकि गिरफ्तार किए गए आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। चीनी भी बरामद कर ली है।

बरेली के बारादरी के 16 कालीबाड़ी निवासी पुनीत अग्रवाल ने चंदौसी के कन्हैया नगला निवासी कुलदीप सिंह के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कराया था। पुनीत के अनुसार उनकी फर्म शाहबाद की राणा शुगर मिल से चीनी का कारोबार करती है। तीन जुलाई को उन्होंने राणा मिल से 9,92,000 रुपये की 250 कुंतल यानी 500 बोरी चीनी खरीदी थी। चीनी फर्रुखाबाद जिले के कायमगंज जानी थी। इसके लिए बदायूं की नव युवक ट्रांसपोर्ट कंपनी से ट्रक किराए पर लिया था। राणा मिल से चालक सचिन सागर चीनी लेकर चला गया। मगर चीनी कायमगंज नहीं पहुंची। ट्रक चालक ने बताया कि गाड़ी बदायूं में खड़ी है और ट्रक के मालिक चंदौसी के कन्हैया नगला निवासी कुलदीप सिंह खुद उसे लेकर कायमगंज जाएंगे। इसके बाद भी चीनी नहीं पहुंची। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी ट्रक मालिक कुलदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

पुलिस ने टांडा थाना क्षेत्र के गांव पीपली नायक निवासी ट्रक चालक सचिन सागर को गिरफ्तार करके पूछताछ की। तब उसने ट्रक मालिक कुलदीप के अलावा 5 और नाम बताए। इस पर पुलिस ने संभल जिले के चंदौसी के ग्राम कैथल निवासी महेश, सीता आश्रम निवासी अर्जुन सक्सेना, कुदैया आलमपुर निवासी कुलदीप, रामवीर और उसकी पत्नी ओमवती को गिरफ्तार कर लिया। जबकि रामवीर की पुत्री दीपा फरार हो गई। पुलिस ने सचिन, महेश व अर्जुन के पास से चीनी से भरे 54 बोरे और 75 खाली बोरे बरामद होने का दावा किया है। पुलिस ने कुलदीप, ओमवती व रामवीर को ट्रक के साथ गिरफ्तार किया है। इसमें चीनी के 23 बोरे थे।

परीक्षा केंद्र के गेट पर चेकिंग के लिए कतार में लगे अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

परीक्षा केंद्र के बाहर तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

दोनों पालियों में 1598 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा शनिवार को भी 13 केंद्रों पर हुई। दोनों पालियों में पंजीकृत 7152 से 5554 ही अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। 1598 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। अधिकारी दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। दूसरे दिन की पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से निपटने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

जिले में 13 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा चल रही है। पहली पाली 10 से 12 बजे और दूसरी पाली 3 बजे से 5 बजे तक हुई। दो घंटे पहले ही चेकिंग करने के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। अधिकारी पूरे दिन परीक्षा की जानकारी लेते रहे। परीक्षा संपन्न होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। पुलिस भर्ती परीक्षा में आसपास के जिलों से युवक-युवतियां परीक्षा देने आ रहे हैं। सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

चेकिंग के दौरान पुलिस रही तैनात

परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग की गई। ताकि परीक्षा केंद्र में कोई भी आपत्तिजनक वस्तु न ले जा सके। इस दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस मौजूद रही। युवकों के जूते मौजे भी चेक किए गए। फिंगर प्रिन्ट और प्रवेश पत्रों को बारीकी से चेक किया गया। शाम को परीक्षा छूटने के बाद कुछ समय के लिए जाम भी लग गया था। तड़के से ही अभ्यर्थियों का सेटरों पर पहुंचना शुरू हो गया था।

महिला को जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

रामपुर, अमृत विचार : सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक महिला का कहना है कि उसकी शादी बरेली के सीबी गंज निवासी प्रमोद से हुई थी। पति उसे परेशान करता है। आरोप है कि पति के कई महिलाओं से संबंध है। वह उनकी अश्लील विडियो वायरल करता है।

पीड़िता का आरोप है कि 25 जुलाई को पति उसका अश्लील वीडियो बनाने का प्रयास कर रहा था। महिला का पिता और भाई भी उससे मिले हुए है। महिला ने इसकी शिकायत कुछ लोगों से कर दी थी। इसके बाद यह लोग उसके पीछे पड़ गए। वह मायके पहुंची मगर उन्होंने भी उसे घर से भगा दिया। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने सिविल लाइन थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जेई टीकाकरण से कोई साइड इफेक्ट नहीं : सीएमओ

- दो दिन पहले शहर में एक महिला का हुआ था वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) टीकाकरण को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एसपी सिंह ने कहा कि टीकाकरण का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। इससे किसी भी बच्चे को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और डब्ल्यूएचओ से प्रमाणित है। प्रदेश के 42 जिलों में एक से 15 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। जनपद में अब तक 73 हजार से ज्यादा बच्चों को टीके लगे चुके हैं। बच्चों को इंजेक्शन से घबराहट हो जाती है। टीकाकरण से किसी को भी घबराने की जरुरत नहीं है, यह पूरी तरह सुरक्षित है।

दो दिन पहले नेशनल पब्लिक स्कूल में बिना बताए अपने बच्चे को वैक्सीन लगाने पर एक महिला द्वारा हंगामा करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। महिला का कहना था कि टीका लगने से उसके बच्चे की हालत बिगड़ गई। वह बेहोश हो गया था। बच्चे की हालत बिगड़ती देख महिला प्रधानाचार्य पर भड़क गई थी। प्रधानाचार्य ने भी अपना पल्ला झाड़ते हुए चिकित्सक और कर्मचारियों द्वारा वैक्सीन लगाने की बात कही थी। इस पर महिला ने चिकित्सक और कर्मचारियों से कहा था कि बिना पूछे मेरे बेटे को जेई का टीका क्यों लगाया। इसे लेकर स्कूल में काफी देर तक हंगामा हुआ था। महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एसपी ने कहा है कि टीकाकरण का कोई साइड इफेक्ट नहीं है।

नो एंट्री में घुसे 2 वाहन सीज, 4 का चालान

मसवासी, अमृत विचार : चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा ने शनिवार की शाम नो एंट्री जोन में घुसने पर रेत से लदे दो डंपरों को सीज कर दिया। इसके अलावा चार वाहनों का चालान भी किया गया है।

चौकी इंचार्ज को कुछ दिन से नो एंट्री जोन में रेत लदे वाहनों के घुसने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इस पर इन वाहनों की धरपकड़ में लगे थे। शनिवार की शाम उन्हें सूचना मिली कि बालू से लदे कुछ वाहन नो एंट्री जोन में घुस गए हैं। इस पर वह तत्काल मौके पर पहुंचे ओर दो वाहनों को पकड़ कर सीज कर दिया। इसके अलावा चार वाहनों के खिलाफ चालान करने की कार्रवाई की गई। पुलिस की कार्रवाई से रेत ढोने वाले वाहनों के चालकों में हड़कंप मचा है। चौकी प्रभारी ने बताया कि नो एंट्री में घुसने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाती रहेगी।

5 लाख नहीं मिलने पर रिश्ता तोड़ा, 4 के खिलाफ रिपोर्ट

- युवती की बहन के साथ छेड़खानी करने का भी लगाया आरोप
- एसपी के आदेश पर स्वार पुलिस ने की आरोपियों पर कार्रवाई

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : मंगनी के बाद 5 लाख रुपये व बाइक की मांग पूरी न करने वर पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। वधू पक्ष ने खर्च किए गए पैसे मांगे तो ससुरालियों ने मारपीट कर युवती की बहन के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर 4 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली के एक गांव निवासी ग्रामीण ने अपनी बेटी का रिश्ता उत्तराखंड के थाना बाजपुर टोपा कालोनी निवासी इरफान से तय किया था। मंगनी में हैसियत के अनुसार खर्च भी किया था। आरोप है कि मंगनी के बाद ससुरालियों ने दहेज में 5 लाख रुपये व बाइक की मांग शुरू कर दी। कन्या पक्ष ने असमर्थता जताई। इस पर वर पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। 19 अगस्त को युवती के पिता ने मंगनी में खर्च किये गए पैसे मांगे तो युवक पक्ष के लोग आग-बबूला हो गए। गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने युवती की छोटी बहन से छेड़छाड़ भी की। युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। तब पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय दिलाने की गुहार लगाई। शनिवार को एसपी के आदेश पर पुलिस ने थाना बाजपुर टोपा कालोनी निवासी इरफान, यासीन खां, आलम जहां व आसिफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोर्ट के आदेश पर 7 के खिलाफ एफआईआर

स्वार, अमृत विचार : इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी व ई-रिक्शा का कारोबार खुलवाने के नाम 21 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक महिला समेत तीन लोगों को नामजद करते हुए चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर पंचायत नरपतनगर निवासी जीशान के अनुसार उत्तराखंड के देहरादून जनपद के पटेल नगर निवासी संजय कटारिया, गीता ढुल और जिला करनाल निवासी सतीश बेनीवाल तथा चार अज्ञात ने इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी व ई-रिक्शा का कारोबार खुलवाने के नाम पर उससे 31 लाख रुपये लिए थे। आरोपियों ने उसे 11 स्कूटी देकर 21 लाख रुपये हड़प लिए। पैसे वापस मांगने पर टाल-मटोल करने लगे। बाद में पैसे वापस करने से साफ इन्कार कर दिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- परिवार में मचा कोहराम, शुक्रवार की देर शाम का मामला
- परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम के सौंपा शव

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के आग्रह पर पोस्टमार्टम कराए बिना ही पंचनामा भरकर शव उन्हें सौंप दिया।

राशिद हुसैन।

गांव गागन नगली निवासी 23 वर्षीय राशिद हुसैन पुत्र आबिद हुसैन वेल्डिंग मिस्त्री था। शुक्रवार की देर शाम वह मुरादाबाद से काम करके घर लौट रहा था। रात लगभग 10 बजे मुंशीगंज तिराहे पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुड़ गई। इस बीच चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद राहगीर घायल बाइक सवार को अस्पताल ले जाने लगे मगर तभी उसने दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन रात में ही मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में ले लिया। लेकिन परिजनों और रिश्तेदारों ने पोस्टमार्टम न करने का आग्रह किया। इस पर पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। परिजनों ने बताया कि एक साल पहले ही राशिद का निकाह हुआ था।

अतिक्रमण के विरुद्ध चलाया अभियान

संवाददाता, बिलासपुर

नाले पर हुए अतिक्रमण को तोड़ते नगर पालिका के कर्मचारी। ● अमृत विचार

- लोगों के लिए परेशानी का कारण बना है अतिक्रमण, मची खलबली

अमृत विचार : नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया। नालियों के स्लैब आदि तोड़कर सड़कों को कब्जा मुक्त कराया।

केमरी तिराहे से लेकर नगर के कुछ मार्गों पर फैला अतिक्रमण लोगों के लिए परेशानी का कारण बना है। नाले-नालियों सहित रास्तों पर किया गया अतिक्रमण अक्सर जाम का कारण बन जाता है। लगातार शिकायतों के बावजूद इस पर ध्यान नहीं दिया जाता। अधिकारी अतिक्रमण को लेकर खानापूर्ति कर पल्ला झाड़ लेते हैं। शनिवार को नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान केमरी तिराहे से मुख्य चौराहे तक ठेले वालों को हटाया। सब्जी मंडी मार्ग से मोहल्ला शीरी मियां तक नालियों पर बने स्लैब आदि तोड़े गए। लोगों ने आरोप लगाया कि माटखेड़ा मार्ग, पुरानी तहसील मार्ग और सिनेमा मार्ग सबसे अधिक अतिक्रमण की जद में हैं। लेकिन, प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। इन मार्गों पर वाहनों का निकलना तो दूर पैदल चलना भी दूभर है। लोग कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। मगर किसी ने संज्ञान नहीं लिया। उधर, नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि यह अभियान जारी रहेगा।

लापरवाही

कहीं पाइपलाइन लीकेज तो कहीं फेल हो गए बोरिंग

घरों तक नहीं पहुंचा पानी, कंपनियों को दिए जाएंगे नोटिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

पाइप लाइन लीक होने से स्वार के गांव लाम्बाखेड़ा की सड़क पर पसरी कीचड़।

अमृत विचार : कंट्रक्शन कंपनिया हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने में नाकाम साबित हो रही हैं। कहीं पाइपलाइन लीकेज है तो कहीं सड़कें खोदकर छोड़ दी गईं। कनेक्शन भी अधूरे हैं। कई गांवों की प्रगति काफी खराब है। अपने काम में लापरवाही बरतने वाली इन कार्यदायी संस्थाओं को विभाग की ओर से जल्द ही नोटिस भेजे जाएंगे।

जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र के हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने की डेटलाइन समाप्त हो चुकी है। लेकिन अधिकतर घरों में पानी नहीं पहुंच सका है। कई गांवों में पाइपाइन लीकेज हो रही है तो कहीं कनेक्शन अधूरे हैं। कहीं पाइपलाइन ही नहीं बिछाई जा सकी है। गांव मिलक-गंगापुर जदीद, अहमदाबाद, मिर्जापुर, परम, रामनगरिया, मऊ, अहमद नगर, कुंदनपुर, मेघा नगला जदीद, अताई नगर, जटपुरा, खेमपुर कदीम, शाहबाद के गांव नबीगंज कदीम, मंसूरपुर, बिचपुरी संग्रामपुर, रेवड़ी खुर्द, जनकपुर, सरकड़ा, केसरपुर, जनकपुर, बिलासपुर के गांव हयातनगर गोधी, भरतपुर, फुलसुंघी, बारादरी, स्वार में मिलक मोहम्मद नबी, नवाबनगर, चंदपुरी, फाजलपुर, सहरिया जवाहर, अहमदनगर, नगलिया, सैदनगर के सांगनी और चमरौआ के गांव अहमदनगर पहाड़ी में पाइपलाइन के कनेक्शन आधे अधूरे हैं। पाइप लाइन लीकेज होने से सड़कों पर पानी भर गया है। इसके चलते गांव की सड़कें दलदल में तब्दील हो गई हैं। इसकी वजह से ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

> हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। गांवों में पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। काम में लापरवाही बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं को नोटिस जारी किए जाएंगे।
>
> –मोहित विक्रम, एक्सईएन जल निगम ग्रामीण

यह है स्थिति

पानी पहुंचाने का लक्ष्य	1098 गांव
इतने घरों में पहुंचना था पानी	311741
इतने घरों में हुए कनेक्शन	272562

मां व बेटे को पीटने में 9 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार : ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव परौता में खेत से घर आ रहे युवक को दबंगों ने पीट दिया। अरोपियों ने उसे बचाने आई उसकी मां को भी पीट दिया। पुलिस ने युवक के पिता की तहरीर पर 9 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी हशमत खां ने गांव के ही अकरम, अजरुद्दीन, उवैस, चांद मोहम्मद, आरिफ खां, पप्पू उर्फ बब्लू, तसव्वर, मुजफ्फर एवं उम्मीद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक उसका बेटा अजमत खां खेत से घर आ रहा था। आरोपियों ने उसे घेरकर पिटाई कर दी। बेटे को पिटता देख मां उसे बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उसकी भी पिटाई कर दी। किसी तरह युवक आरोपियों से छूटकर घर में घुस गया। मगर अरोपियों ने घर में घुसकर उसकी पिटाई की। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

थाने में बैठक करते प्रभारी महेंद्र पाल सिंह। ● अमृत विचार

शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का किया आह्वान

संवाददाता, सैफनी

अमृत विचार : आगामी त्योंहारों को लेकर थाने में अमन समिति की बैठक हुई। इसमें थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह ने दोनों समुदायों के लोगों से सोमवार को निकलने वाले चेहल्लुम के जुलूस और 28 अगस्त को निकलने वाले जन्माष्टमी के जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने आह्वान किया।

इस दौरान उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि किसी ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान, डॉ. सईद अख्तर, बृजेश जोशी, अरविंद जोशी, अमर सिंह जोशी, सभासद हाजी खुर्शीद, रियाज वारसी, मंसूर अली आदि उपस्थित रहे।

बीएसए को निरीक्षण में बंद मिले कई स्कूल

रामपुर, अमृत विचार : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह को निरीक्षण के दौरान ब्लाक चमरौआ के कई स्कूल बंद मिले। उन्होंने बंद मिले सभी विद्यालयों को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है। इससे शिक्षकों में खलबली मची है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय चमरपुरा, कंपोजिट विद्यालय नौगांव, प्राथमिक विद्यालय माझरा लालू नगला, प्राथमिक विद्यालय लालू नगला का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी विद्यालय समय से पहले ही बंद मिले। इस पर उन्होंने बंद मिले विद्यालयों के स्टाफ को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया है। कंपोजिट विद्यालय दबका में निरीक्षण के दौरान शिक्षामित्र महमूद हुसैन उपस्थित पंजिका में हस्ताक्षर होने के बावजूद अनुपस्थित मिले। इस पर शिक्षामित्र का एक दिवस का मानदेय काट दिया। पूरे स्टाफ को चेतावनी नोटिस जारी किया गया है।

एक नजर

ट्रैक की मरम्मत के चलते 28 को 7 घंटे बंद रहेगा मार्ग

बिलासपुर, अमृत विचार : नैनीताल हाईवे पर गांव इंदरपुर के पास रेलवे फाटक संख्या 89 पर ट्रैक की मरम्मत का काम किया जाएगा। इसके चलते 28 अगस्त को 7 घंटे तक यातायात बंद रहेगा। प्रभारी सीनियर सेक्शन इंजीनियर संतोष कुमार के मुताबिक 28 अगस्त को गांव इंदरपुर के पास रेलवे फाटक संख्या 89 पर ट्रैक की मरम्मत की जाएगी। इसके चलते सवेरे 10 से शाम 5 बजे तक यातायात बंद रहेगा। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग गांव दिबदिबा होते हुए रुद्रपुर-काशीपुर हाईवे पर यातायात चालू रहेगा।

मंडलायुक्त को जल्द किया जाएगा सम्मानित

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद उस्मान बबलू और पूर्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद एहसान ने मंडलायुक्त आंजनेय कुमार का एक वर्ष का कार्यकाल बढ़ाने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि जल्द ही राष्ट्रीय लोक दल का प्रतिनिधिमंडल मंडलायुक्त से मिलकर उन्हें सम्मानित करेगा। उन्होंने रामपुर में जिला अधिकारी रहते हुए बहुत कार्य किए। रामपुर के निवासी उन्हें बहुत याद करते हैं। कोरोना काल जैसे समय में भी उन्होंने गरीबों की काफी मदद की थी।

बच्चों ने राधा-कृष्ण बनकर दी नाट्य प्रस्तुति

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने मोहा मन, झांकी बनाई और माखन की मटकी भी फोड़ी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शिव कान्वेंट स्कूल में जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। नन्हे-मुन्ने बच्चे कृष्ण बने तो बच्चियां राधा बनीं। बच्चों ने राधा-कृष्ण बनकर नाट्य प्रस्तुति दी। श्री कृष्ण की झांकी के लिए तिलक लगाकर प्रबंधक ठाकुर अजय सिंह ने कृष्ण वंदना की। बच्चों ने माखन की मटकी भी फोड़ी।

टिकट गंज स्थित शिव कान्वेंट स्कूल में शनिवार को बच्चों को कृष्ण के रूप में आने के लिए कहा गया था। बच्चे घर से ही कृष्ण बनकर स्कूल पहुंचे। अध्यापिकाओं ने स्कूल को सजाया था। प्री नर्सरी से कक्षा 2 तक के छात्र-छात्राओं में सीमा बी, मुस्कान, यश, आकृति, गौरी, अभिनव व धान्या ने नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 6-7 के छात्रों के साथ प्रमोद, विकास, दानिश, रवि, पार्थ, अरनव, अंश, सुधांशु अभिषेक, तुषार, शिवम, जगवीर, प्रवीण, सुमित, श्रवण, सम्राट, रेहान, प्रिंस, प्रतीक्ष, हिमांशु, मोहित, प्रिंस पाल, नवनीत, सचिन, अमान, यश कुमार ने 20 फिट ऊंची माखन की मटकी को फोड़ा। कार्यक्रम का संचालन कुमारी पूजा, रोशनी, स्वाति ने किया। राधा-कृष्ण की झांकी का तिलक प्रबंधक अजय सिंह एवं अध्यक्ष रंजना ठाकुर ने किया। आभार अभिव्यक्ति प्रधानाचार्य प्रणवीर गौड़ ने की।

शिव कान्वेंट स्कूल में राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

मटकी फोड़ते बच्चे। ● अमृत विचार

बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

रामपुर, अमृत विचार : मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुल्लाखेडा में कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन धूमधाम से किया गया। प्रधानाध्यापिका ने प्रत्येक कक्षा के लिए अगल-अलग गतिविधियां निर्धारित कीं। कक्षा एक में बांसुरी और मटकी में रंग भरना, कक्षा 2 में क्राफ्ट कार्य किया। कक्षा 3 के बच्चों ने नाटक के जरिए कृष्ण के जन्म को प्रस्तुत किया। कक्षा 4 के बच्चों ने बांसुरी बनाने और सजाने का काम किया। कक्षा 5 के बच्चों ने मटकी सजाईं और नृत्य प्रस्तुत किए। प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह ने बताया कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चे बहुत जल्द और मनोरंजक तरीके से सीखते हैं। इस अवसर पर श्रष्टि खोखर, प्रिया सिंह, नीलम राणा, कमलेश, गायत्री और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

स्कूल में राधा-कृष्ण बने बच्चे।

राधा-श्रीकृष्ण बने बच्चे। ● अमृत विचार

राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

रासलीला-कृष्ण लीला रही आकर्षण का केंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सिटी मांटेसरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रासलीला एवं कृष्णलीला आकर्षण का केंद्र रही।

शिव बिहार स्थित स्कूल में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीकृष्ण पूजन से हुआ। इसके बाद बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की वेशभूषा धारण की। राधा-कृष्ण के वेश में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दही-हांडी, पालना झूलना, बाल लीला, रास लीला, कृष्ण लीला आकर्षण का केंद्र रहे। प्रबंधक नरदेव सिंह ने भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी प्रेरणादायक वृतांत सुनाया।

इस अवसर पर नरदेव सिंह मौर्य, अजय सिंह, शैलजा कुशवाहा, ज्ञाना सिंह, गुलफ्शा, शशिबाला सैनी, आकांक्षा, रामाऔतार सिंह सैनी, गोविंद आदि उपस्थित रहे।

बच्चों को सुनाई श्रीकृष्ण के जन्म की कथा

रामपुर, अमृत विचार : शनिवार को प्रभावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण और राधा की वेशभूषा में कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य अर्चना शर्मा ने जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ दीप जलाकर किया। इसके बाद बच्चों को श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई। श्रीकृष्ण व राधा की वेशभूषा में सजे बच्चों ने भजनों पर नृत्य किया। इस मौके पर प्रबंधक नवीन कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

चेस प्रतियोगिता में अन्वी को मिला प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारायणपुर लदौरा में इंटर स्कूल चेस प्रतियोगिता हुई। इसमें साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं किड्स गार्डन जूनियर हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्गों में हुआ। अंडर-14 बालिका वर्ग में साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा अन्वी सक्सेना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। किड्स गार्डन जूनियर हाई स्कूल की वैष्णवी द्वितीय स्थान पर रही। अंडर-18 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अंशिका एवं मुस्कान गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर 14 बालक वर्ग में किड्स गार्डन जूनियर हाई स्कूल के दिव्यांश सिंह प्रथम तथा द्वितीय स्थान साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सर्वज्ञ सक्सेना ने प्राप्त किया। अंडर-19 में साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अखिलेश कुमार प्रथम एवं अंश चंदेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य शिवांश सक्सेना विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। निर्देशन राहुल शर्मा ने किया। इस दौरान उपप्रधानाचार्य पंकज कुमार और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

चेस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र।

जिले में बनाए जाएंगे 5 लाख सदस्य : सतेंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने कहा कि जिले में 5 लाख सदस्य बनाए जाएंगे। इसके लिए जिम्मेदारी सौंपी गई।

बजरंग विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर हुई गोष्ठी में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने कहा कि जिले में 5 लाख सदस्य बनाए जाएंगे। इसके लिए जन प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पूर्व सांसद को 30, विधायकों को 15, जिला पंचायत अध्यक्ष को 20 तथा चेयरमैन को 5 हजार सदस्य बनाने हैं। इसके अलावा जिला सहकारी चेयरमैन को 2 हजार, ब्लॉक प्रमुख को 5 हजार, सभासदों को 500 और जिला पदाधिकारियों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को कम से कम 200 सदस्य बनाने होंगे। 27 अगस्त तक मंडलों में कार्यशाला होगी। कार्यकर्ता सदस्यता अभियान को सफल बनाएं। सदस्यता अभियान में टोल फ्री नंबर पर मिस कॉल करके सदस्य बनने का सरल तरीका है।

इस मौके पर राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, जिला प्रभारी राजा वर्मा, शहर विधायक आकाश सक्सेना, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, मोहनलाल सैनी, बीना भारद्वाज, अर्चना गंगवार, दीक्षा गंगवार, रविंद्र सिंह रवि, हरीश गंगवार मौजूद रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हसंराज पप्पू ने की।

कार्यशाला में मौजूद भाजपाई। ● अमृत विचार

● **सभी को सदस्य बनाने के लिए सौंपी जिम्मेदारी**

अतिक्रमण पर चली नगर पालिका की जेसीबी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नैनीताल हाईवे पर नगर पालिका की टीम ने 10 दुकानदारों से दुकानों के आगे किया गया अतिक्रमण हटवाया। साथ ही 10 दुकानदारों पर 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। टीम की इस कार्रवाई से आसपास के दुकानदारों में खलबली मची रही।

चीनी मिल स्थित निर्माणाधीन एसपी ऑफिस के पास कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर खोखे रख लिए हैं। इससे आए दिन हाईवे पर जाम लग जाता है। शनिवार की दोपहर 12 बजे ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने राधा चौराहे पर दुकानदारों को सीमा के अदंर सामान रखने की हिदायत दी। इसके बाद टीम को निर्माणाधीन एसपी आफिस के पास अवैध खोखे रखे मिले। उन्होंने खोखा स्वामियों को बुलाकर सामान समेटने के निर्देश दिए। इसके बाद जेसीबी से खोखों को हटवाया। कर अधीक्षक संजीव कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक डॉ.अविनाश कुमार, द्वारिका नाथ, लिपिक सद्दाम, स्टेनो अजीम

चीनी मिल के पास रखे खोखे हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

पेट्रोल पंप के सामने किया जाएगा पौधरोपण

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में पेट्रोल पंप के सामने खाली जगह पर लोगों ने अवैध रूप से ठेले, खोखे रख लिए हैं। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दो दिन पहले ही नगर पालिका के अधिकारियों ने ठेले व खोखों को हटा दिया था। पालिका प्रशासन ने यहां साफ-सफाई भी कराई दी थी। ईओ ने बताया कि यहां पर तरह-तरह के पौधे लगाए जाएंगे।

> राधा रोड स्थित एसपी के निर्माणाधीन ऑफिस के पास से 10 खोखे हटवा दिए हैं। शहर में कहीं भी अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। -दुर्गेश्वर त्रिपाठी
> ईओ, नगर पालिका परिषद

अधीक्षण अभियंता से की रजा बिजलीघर के कर्मचारियों की शिकायत

रामपुर, अमृत विचार : मोहम्मद राकिम खां ने रजा बिजलीघर के कर्मचारियों की शिकायत अधीक्षण अभियंता से की है। उन्होंने एसई को दिए पत्र में कहा है कि रजा बिजलीघर के कर्मचारी मनमानी पर उतारु हैं।

बिजलीघर में रात में 3 कर्मचारी ड्यूटी पर रहते हैं। 22 अगस्त की मध्य रात्रि में साढ़े 3 से सुबह 9 बजे तक मिस्टन गंज क्षेत्र आपूर्ति बाधित रही। रात में अगर फॉल्ट हो जाए तो इसे सही करने के लिए सुबह तक इंतजार करना पड़ता है। आरोप है कि रात में कोई कर्मचारी फाल्ट ठीक करने नहीं जाता। लोगों के घरों में पूरी रात अंधेरा रहता है। इससे लोगों की दिनचर्या तो प्रभावित होती ही है उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने जेई पर सीयूजी फोन रिसीव नहीं करने का आरोप भी लगाया है।

स्वास्थ्य | देश से 2025 तक टीबी को जड़ से मिटाने का संकल्प

जिले में 7 माह में 6137 टीबी रोगी मिले

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : टीबी को पूरी तरह से खत्म करने के लिए जनपद में अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी जिले में रोजाना टीबी के रोगी मिल रहे हैं। जनवरी से जुलाई तक जिले में क्षय रोग से पीड़ित 6137 लोग मिले हैं। इनका सरकारी अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग ने टीबी को जड़ से मिटाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। इसके तहत शहर से लेकर गांवों की गलियों में विभाग की टीमें घर-घर जाकर टीबी रोगियों की तलाश कर रही हैं। विभाग के अधिकारियों का कहना है जिले में 9 सितम्बर से विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें जनपद की आबादी के 20 प्रतिशत के घर जाकर टीबी के रोगी खोजे जाएंगे। इसके लिए 150 टीमें बनाई जाएंगी। दो सप्ताह से लगातार खांसी, बुखार और भूख का न लगना, रात में पसीना आना और वजन में लगातार गिरावट टीबी के लक्षण हैं। जनपद में टीबी रोगियों के लिए 1021 डॉटस सेंटर, 18 टू नेट मशीन और सीबी नेट की दो मशीन मौजूद हैं।

जिला क्षय रोग केंद्र। ● अमृत विचार

> जनवरी से जुलाई तक टीबी के 6,000 से ज्यादा मरीज चिन्हित किए जा चुके हैं। समितियां रोगियों की नियमित निगरानी कर रही हैं। लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा हैं। पोषण योजना के तहत 5,000 से अधिक रोगियों को 500 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जा रही है।
> -डॉ.सत्यप्रकाश
> जिला क्षय रोग अधिकारी

क्षय रोगियों को गोद ले रहे निजी चिकित्सक

रामपुर, अमृत विचार : जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.सत्यप्रकाश ने बताया कि टीबी रोगियों को निजी चिकित्सक भी गोद ले रहे हैं। जिले में क्षय रोग विभाग की तरफ से चलाए गए अभियान में करीब 6 हजार मरीज चिह्नित किए गए हैं। प्रत्येक मरीज की नियमित देखभाल की जा रही है। शासन ने प्रत्येक मरीज को सामाजिक संस्थाएं, अस्पताल व संभ्रांत व्यक्तियों से गोद लेने की अपील की थी। इस पर कई संस्थाओं ने मरीजों को गोद लिया है। एक निजी चिकित्सक को 10 मरीजों को गोद लेना अनिवार्य है। गोद लेने के बाद वह मरीजों का पूरा ख्याल रखेंगे। वह मरीज को नियमित दवा व पौष्टिक आहार भी देते रहेंगे। उनकी जांच कराकर समय-समय पर जिला क्षय रोग कार्यालय को बताएंगे।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते एमएसओ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

गुस्ताखी करने वाले के खिलाफ की जाए कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में गुस्ताखी करने वाले के खिलाफ मुस्लिम स्टूडेंट आर्गेनाइजेशन (एमएसओ) ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद गृहमंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

जनरल सेक्रेट्री मौलाना आरिफ बरकाती ने कहा कि बेबुनियाद गलत बयानबाजी करके मुस्लिम समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। देश के माहौल को खराब करने की कोशिश की है। शनिवार को मुस्लिम स्टूडेंट आर्गेनाइजेशन के प्रदेश जनरल सेक्रेट्री के नेतृत्व में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। इसमें कहा कि पैगंबर की शान में अपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इससे पूरे विश्व के मुसलमानों में आक्रोश है। रामगिरी महाराज के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में मुफ्ती अजीम अजहरी, मुफ्ती गुलाम नबी, सैयद गुलवेज आदि शामिल रहे।

सार संक्षेप

बच्चों ने कक्षाओं को फूल मालाओं से सजाया

रामपुर, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने फूल-पत्तियों से खूबसूरत रंगोली बनाई। कक्षाओं को भी फूल मालाओं व पत्तियों से सजाया गया। कक्षा 5 के बच्चों ने सुंदर बोर्ड डेकोरेशन किया। कुछ बच्चे राधा और श्रीकृष्ण के परिधान पहन कर विद्यालय आए। कक्षा 4 व 5 के कुछ बच्चे बांसुरियों को सजा कर भी लाए। बच्चों ने राधा-कृष्ण से संबंधित कई गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति भी दी। इससे पूर्व शिक्षामित्र विक्रम कुमार ने बच्चों को जन्माष्टमी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह, हुमा, विक्रम कुमार, ज्योति, नेहा गुप्ता ने सभी को जन्माष्टमी की बधाई दी।

कार्यक्रम में राधा-कृष्ण बने बच्चे।

एमआरएम स्कूल में विभिन्न वेशभूषा में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में लबीबा रहीं प्रथम

मसवासी, अमृत विचार : श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर एमआरएम इंग्लिश मीडियम नेशनल पब्लिक स्कूल में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उपहार जीते। स्कूल में फैंसी ड्रेस और हांडी मेकिंग प्रतियोगिता हुई। हांडी मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा 6 की छात्राएं प्रथम रहीं। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में लबीबा प्रथम, आयरा द्वितीय और आरत तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं का प्रधानाचार्या दीपिका कटारिया ने शिक्षकों के साथ निरीक्षण किया। फैंसी ड्रेस में श्री कृष्ण बने आयुष आकर्षण का केंद्र रहे। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर निशा, हुस्नआरा, नाजमा, रहनुमा, गुलफिजा, अलीशा, अनीश, अमन कुमार, गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

नटखट कन्हैया के रूप सजे में बच्चों ने मन मोहा

शाहबाद, अमृत विचार : नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम शुरू हो गई है। कन्हैया के रूप में सज कर स्कूल आए बच्चों ने मन मोह लिया। शनिवार को मनोरमा इंटर कॉलेज में जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कृष्ण-सुदामा मिलन, माखन चोरी, पूतना वध, कंस वध आदि का मंचन कर बच्चों से मन मोह लिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि कान्हा की बाल लीलाएं जीवन का संदेश देती हैं।

मनोरमा इंटर कॉलेज में कन्हैया बनी श्रीजी गुप्ता। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

बर्दाश्त नहीं होगा व्यापारियों का उत्पीड़न : संदीप

रामपुर/भोट, अमृत विचार : उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि व्यापारी समाज व जनता का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी व्यापारी को परेशान किया जाता है तो व्यापार मंडल डटकर सामना करेगा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक भोट में हुई। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कदीर अहमद को भोट का अध्यक्ष नियुक्त किया। व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का व्यापारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। कहा कि व्यापारी पर हो रहे जुल्म और ज्यादती को लेकर मुख्यमंत्री तक आवाज उठाएंगे। इस मौके पर राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, महफूज हुसैन, पुलकित अग्रवाल, वासिक, महफूज हुसैन, दिलशाद अहमद, फहीम अहमद, पप्पू खान, मास्टर इरफान, यासीन, माहिर, अनस, इमरान खान, फैसल, फैजान, गुलफाम, प्रवीण गुर्जर आदि मौजूद रहे।

देवेंद्र को ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया

मसवासी, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की बैठक का आयोजन रहमतगंज गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में किया गया। बैठक में 5 सितंबर को लखनऊ में होने वाले धरने की तैयारी को लेकर वार्ता हुई। इसके साथ ही रहमतगंज प्राथमिक विद्यालय प्रथम के शिक्षक देवेन्द्र कुमार को ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। ब्लॉक उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने संगठन के निर्णय एवं नीतियों से संतुष्ट होकर संगठन का कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने का आश्वासन दिया। सभी साथियों को धरने में जाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में जिलाध्यक्ष नरेश कुमार मीणा, जिला कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र सैनी, जिला वरिष्ठ संगठन मंत्री किरण पाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शरीफ अहमद, जाने आलम व विनोद कुमार, भावना आर्य, इंदिरा, नारायण दास, संगीता रानी, धर्मसिंह, मीना रानी आदि मौजूद रहे।

शिक्षक देवेंद्र कुमार का स्वागत करते कार्यकर्ता।

चर्चा में है नवेद मियां और सुनील चित्तौड़ की मुलाकात

रामपुर, अमृत विचार : पूर्व मंत्री नवेद मियां और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद की पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ की मुलाकात चर्चा में है। सोशल मीडिया पर दोनों की तस्वीर वायरल हो रही है। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि राजनीति में निष्क्रिय नवेद मियां एक बार फिर सक्रिय हो सकते हैं। नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां ने दो दिन पूर्व आगरा में हुई इस मुलाकात के सियासी मायने होने से इन्कार किया है। उन्होंने इसे शिष्टाचार भेंट बताया है। सुनील कुमार चित्तौड़ उनके पुराने साथी रहे हैं। वह एमएलसी और विधान परिषद में बसपा विधान मंडल दल के नेता रहे हैं। लंबे समय तक उन्होंने संगठन में कार्य किया है। वह नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। दोनों के बीच कोई सियासी गुफ्तगू नहीं हुई है।

आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के साथ नवेद मियां। ● अमृत विचार

भाकिसं की स्वार ब्लॉक की कार्यकारिणी गठित

मसवासी, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम रहमतगंज में भारतीय किसान संघ की स्वार ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन किया गया। भारतीय किसान संघ की पंचायत नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मोर्य के आवास पर हुई। इस मौके पर विभाग के संगठन मंत्री रमेश ने कहा कि संगठन किसानों का हित करने वाला एक संघ ह। इसका लक्ष्य भारतीय किसानों का समग्र विकास करना है। इसके संस्थापक दत्तोपंत ठेगड़ी थे। इस मौके पर सोहन प्रकाश को ब्लॉक अध्यक्ष, सोमपाल को उपाध्यक्ष, राजेंद्र कुमार को मंत्री, सुरेश चंद्र को सहमंत्री, प्रेम सिंह को युवा प्रमुख एवं नेहा को महिला प्रमुख बनाया गया। इस दौरान 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। संगठन के विस्तार को भी बल दिया गया। इस मौके पर संघ के विभाग संगठन मंत्री एवं चुनाव प्रभारी रमेश, जिला सहमंत्री वीरेश शर्मा एवं पूर्व सदस्य विशाल आदि मौजूद रहे।

लौकिक और आध्यात्मिक राधाकृष्ण का प्रेम

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

राधाकृष्ण का प्रेम लौकिक है। अध्यात्म भी है। यहां दो हैं राधा और कृष्ण। राधा होना चाहती है कृष्ण। बिना कृष्ण हुए राधा का प्यार आधा है। इस प्यार को पकने-पकाने के लिए श्रीकृष्ण की आंच और ऊष्मा चाहिए। श्रीकृष्ण की प्रीति ऊष्मा भी सहज नहीं।

इतिहास भूत होता है। इसमें जोड़-घटाव उचित नहीं होता। हम चाहकर भी भूतकाल नहीं बदल सकते,लेकिन भूत इतिहास बनता है। अनुभूत समाज की भावशक्ति पाता है। वह काव्य बनता है, ऋचा या मंत्र बनता है। वह इतिहास में हस्तक्षेप नहीं करता। वह इतिहास को सौन्दर्य देता है। इतिहास और सुंदरता में प्रत्यक्ष सम्बंध नहीं होते। सुंदरता की अनुभूति का स्रोत भावशक्ति है। इतिहास का स्रोत भूत-सत्य है। श्रीकृष्ण इतिहास के महानायक हैं। उन्हें भारत की भावशक्ति मिली। वे गीत बने, काव्य बने। उनका चलना-फिरना भी गीत नृत्य हो गया। उनके कारण यमुना प्यार की नदी हो गई। उनकी बांसुरी के सुर, राग, लय ने इतिहास को मनोरम बनाया। उनका शिशुकाल भी गीत-भजन और स्मरणीय काव्य बना। मथुरा-वृंदावन भारतीय भूगोल का भाग है।

श्रीकृष्ण के जीवन की ऐतिहासिक घटनाओं के भी साक्ष्य हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा वे भारतीय भावशक्ति के 'मिथक' हैं। इतिहास लौकिक होता है। लोकभाव की शक्ति अपने प्रिय को लोक के परे भी देखती है। जैसे प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं पड़ती, वैसे ही प्रेमपूर्ण चित्त को प्रमाण बेकार लगते हैं। हम इतिहास की पोथी पढ़कर राधाकृष्ण का प्रेमतत्व नहीं जान सकते। प्रेममय चित्त बड़ी सरलता से लौकिक को अलौकिक बनाते हैं। वे इस जीवन के बाद भी प्रेमी बने रहने का संकल्प लिया करते हैं। प्रेम और इतिहास में कोई दुश्मनी नहीं। प्रेम गीतों में भी इतिहास हो सकता है और इतिहास में भी प्रेम के कथानक। प्रेमी आकाश में उड़ते, तमाम जन्मों में मिलते-बिछुड़ते गाए जाते हैं। वे स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा पर होते हैं। ऐसे प्रेमी इतिहास के चरित्र भी हो सकते हैं,लेकिन इतिहास उन्हें आकाशचारी नहीं दर्ज करता। श्रीकृष्ण इतिहास में हैं, भाव में हैं। प्रेम में हैं। वे प्रेम रस का परम-चरम हैं। तैत्तिरीय उपनिषद् के ऋषि ने संपूर्णता या ब्रह्म को 'रस-रसो वै सः' गाया है। वैसे ही रस या महारस हैं श्रीकृष्ण। वे स्वयं महारस भी हैं और उस रस का आनंद लेने वाले रसिक बिहारी भी हैं। वे ज्ञाता हैं, ज्ञेय हैं और ज्ञान भी हैं। प्रकृति सृजन का चरम परम है,लेकिन जिस प्रकृति ने उन्हें रचा है, वह प्रकृति भी उन्हीं के मार्गदर्शन में चलती है। राधाकृष्ण का प्रेम लौकिक है। अध्यात्म भी है। यहां दो हैं राधा और कृष्ण। राधा होना चाहती है कृष्ण। बिना कृष्ण हुए राधा का प्यार आधा है। इस प्यार को पकने-पकाने के लिए श्रीकृष्ण की आंच और ऊष्मा चाहिए। श्रीकृष्ण की प्रीति ऊष्मा भी सहज नहीं। राधा यह बात जानती ही रही होगी कि वे मिलें हमसे और मैं राधा न रहूं। श्रीकृष्ण से मिलूं और श्रीकृष्ण ही हो जाऊं। श्रीकृष्ण तो सबकुछ जानते ही थे।

राधा सामान्य नायिका नहीं है। वे धारा के विपरीत हैं। धारा शब्द को उलटने से ही शब्द राधा बनता है। राधा का संस्पर्श भी श्रीकृष्ण को श्रीकृष्ण नहीं रहने देगा। अग्नि आंच दो तरफा है। दोनों की आंच के कारण दोनों का अलग अस्तित्व बचना मुश्किल, लेकिन राधा तैयार है। उन्हें निजी अस्तित्व की चिंता नहीं। राधा मिली श्रीकृष्ण से और श्रीकृष्ण मिले राधा से। वे दो थे। एक हो गए। फिर एक भी नहीं बचा। अद्वैत घटित हो गया। पुराणकार लिख सकते थे कि तब देवताओं ने इस महामिलन पर आकाश से फूल बरसाए, लेकिन राधा माधव की प्रीति के लिए देवों की पुष्पवर्षा की जरूरत ही नहीं थी। इस प्रीति को देखकर मथुरा-वृंदावन और बरसाना के फूल स्वयं ही लहके। उनकी सुगंध आज भी अनुभव की जा सकती है। सोचता हूं कि तब आकाश में बिना बादल ही 'घनश्याम' आ गए होंगे। ऋत सत्य ने गति दी होगी। राधाकृष्ण प्यार की ऊष्मा के जलकण आकाश पहुंचे होंगे। इस महाप्रीति से पर्जन्य ने कृति आकार लिया होगा। ये पर्जन्य और कोई नहीं हम सबके प्रिय घनश्याम ही हैं।

गीता में उन्होंने स्वयं को 12 मासों के चक्र में अगहन-मार्गशीर्ष बताया है। उसके अपने कारण हैं। उनका जन्म कड़कते बादलों के समय हुआ। उस मुहूर्त में सब तरफ पर्जन्य घनश्याम थे। धरती तक उतर आए थे वे। यमुना भावविह्वल होकर उमड़ पड़ीं थी तब। इतिहासकार की सीमा है। पर्जन्य इतिहास का उपकरण नहीं हैं। बांके बिहारी की छवि मस्तिष्क की समृद्धि नहीं है। मोर मुकुट का प्राकृतिक सौंदर्य इतिहास की विषय वस्तु नहीं है। माखन चोरी की प्रथम सूचना रिपोर्ट किसी थाने का अभिलेख नहीं है। गोपियों के बीच नृत्य और रास का वीडियो वायरल नहीं हुआ। प्रेम उल्लास नापने का कोई यंत्र न उस समय था और न ही अब तक बन पाया है। भाव जगत निस्संदेह इसी प्रत्यक्ष जगत का हिस्सा है,लेकिन यह जगत प्रत्यक्ष है। सो इस भूत की स्मृति है। स्मृति का इतिहास है। भाव जगत का इतिहास लिखें तो कैसे लिखें? भारत का मन श्रीकृष्ण में आनंदरस पाता है। आनंदरस की यह प्यास कभी तृप्त नहीं होती। जितना पीते हैं, उतना ही प्यास और ज्यादा बढ़ती है। प्रेम तृप्त नहीं होता। न मिलने से और न ही दूर रहने में, जो तृप्ति दे वह प्रेम नहीं हो सकता। श्रीकृष्ण प्रेम अवतार हैं। उनके भजन, कीर्तन, लीला और नाटक हम सबकी तृप्ति और बढ़ाते हैं। अनंत-अनंत होता है। तृप्ति का अंत नहीं होता। श्रीकृष्ण अनंत हैं। उनकी कथा अनंत है। हरि अनंत हरि कथा अनंता। थोड़ा इतिहास की शरण लें। तब बौद्ध पंथ भारत को आच्छादित कर रहा था। संभवतः दो क्षेत्रों में इसका प्रभाव नहीं पड़ा। पहला क्षेत्र वृंदावन था और दूसरा काशी। बुद्ध के अनुसार यह संसार दुखमय,लेकिन वृंदावन में यह संसार नृत्यपूर्ण था। नृत्य में दुख की जगह कहां होती है?

रास अपने आप में आनंद है। उन्हें कैवल्य की जरूरत ही नहीं। उद्धव को गोपियों ने यही उत्तर दिया था। हमारा सब कुछ श्याम के संग और रंग में है। हम निर्गुण अद्वैत का क्या करें? अद्वैत में वे भी थीं पर इस अद्वैत में इन्द्रधनुष था। श्रीकृष्ण की प्रीति के रंगों में रचा बसा था यह अद्वैत। वामपंथी मित्र कहते हैं कि श्रीकृष्ण काव्य कल्पना हैं। इतिहास के पात्र नहीं। हम कहते हैं कि मथुरा इतिहास है, यमुना इतिहास है। गोवर्द्धन इतिहास है। नन्दगांव इतिहास है। कुरू क्षेत्र इतिहास है। युद्ध इतिहास है। हस्तिनापुर अभी भी है। यह भौगोलिक क्षेत्र है। सो है। इसलिए इतिहास है। श्रीकृष्ण प्रत्यक्ष नहीं हैं, क्योंकि वे इतिहास हैं। वे हमारी नस नस में हैं। हमारे अन्तःकरण में उनकी बांसुरी बजती है। यह हमारा अंतःकरण है।

डॉ. लोहिया ने इसी अंतः क्षेत्र की बात की थी कि श्रीकृष्ण को इतिहास के पर्दे पर उतारने की कोशिश न करना। हम सादर जोड़ते हैं कि इतिहास का पर्दा छोटा है। प्रेमगली संकरी है। इससे होकर प्रेम ही गुजर सकता है। दो नहीं निकल सकते। इतिहास के पास श्रीकृष्ण को समेटकर रखने की जगह नहीं। श्रकृष्ण प्रेम हैं। महाप्रेम के इस महानायक को इतिहास के साथ अपने हृदय में भी खोजना चाहिए। साधारण मुद्रा में नहीं, नाचते हुए। श्रीकृष्ण सतत् नाचते हुए पूर्वज हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बधाई।

मोदी की यूक्रेन यात्रा पर पश्चिमी मीडिया का किंतु-परंतु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूक्रेन दौरे को ग्लोबल मीडिया और विरोधी मुल्क हिकारत की नजरों से देख रहे हैं। विदेशी मीडिया ने यहां तक कह दिया है कि मोदी रूस का एजेंट बनकर यूक्रेन का भेद लेने पहुंचे हैं? यूकेन को सतर्क रहना चाहिए। कमोबेश तस्वीरें भी कुछ ऐसी ही दिखाई दे रही हैं। प्रधानमंत्री के दौरे को यूक्रेन गर्मजोशी से नहीं ले रहा, बल्कि शक की निगाहों से जरूर देख रहा है। प्रधानमंत्री भी उनके बदले नजरिए को भांपे हुए हैं। बेशक, वह कहें कुछ न, लेकिन असहज जरूर हो रहे हैं? उनके इस दौरे के बाद भारत कई देशों के निशाने पर भी आ गया है। खासकर उन मुल्कों के जो रूस के खिलाफ जारी युद्ध में खड़े हुए हैं।

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

अमेरिका, चीन, पाकिस्तान जैसे देश मोदी के दौरे को रूस का एजेंट बताने में लग गए हैं। उनकी स्थानीय मीडिया में मोदी की यूक्रेन यात्रा की खुलेआम आलोचनाएं हो रही हैं। प्रधानमंत्री भी सबकुछ जानकर भी इसलिए चुप हैं, अगर उन्होंने वास्तविक स्थिति पर कुछ कहा, तो वह भारत के विपक्षी दलों के निशाने पर भी आ जाएंगे। विपक्षी दल वैसे हैं भी नहीं यूक्रेन के दौर के पक्ष में हैं?

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की को भी मोदी का दौरा नहीं सुहा रहा। उन्होंने तब भी विरोध किया था जब पिछले महीने प्रधानमंत्री मोदी रूस यात्रा पर गए थे और पुतिन को सबके सामने गले लगाया था। तब, गले मिलने को पश्चिमी मीडिया ने जमकर आलोचना की थी। जेलेंस्की ने भी आपत्ति जताते हुए तब कहा था कि आज रूस के मिसाइल हमले में 37 लोग मारे गए, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। दरअसल जिस दिन मोदी रूस गए थे, उसी दिन रूस ने यूक्रेन के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला किया था। तब वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गुस्से में कहा था कि एक ऐसे दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता का दुनिया के सबसे खूनी अपराधी को गले लगाना शांति स्थापित करने की कोशिशों पर धक्के जैसा है। मोदी से गुस्सा होकर जेलेंस्की सभा से भी चले गए थे। तभी से जेलेंस्की भारत से से भन्नाए हुए हैं। अब मोदी यूक्रेन पहुंचे हैं तो पूरे माजरे को अच्छे से समझ सकते हैं।

मोदी यूक्रेन में भारतीयों से मिल रहे हैं, उनके स्वागत में ढोल-नगाड़े बज रहे हैं। इससे गुस्से की भड़की चिंगारियां को कुछ कम करने की कोशिशें जरूर हो रही हैं,लेकिन ग्लोबल स्तर पर मोदी का मौजूदा यूक्रेन दौरा दुनिया के कई देशों को अखर रहा है। राजनैतिक पंडित मानते हैं कि मोदी का यूक्रेन दौरा उन देशों से रिश्ते खराब कर सकता है, जिनसे हमारे मधुर संबंध हैं। हालांकि ये पहली मर्तबा है, जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन के दौरे पर है, लेकिन विकट परिस्थितियों में? कई लोग मानते हैं कि मोदी का यूक्रेन दौरा रूस को असहज कर सकता है,लेकिन एक राय ये भी है कि राष्ट्रपति पुतिन के चीन दौरे से भी भारत बहुत सहज नहीं रहता है। दुनिया के कई देश दबी जुबान में मोदी के यूक्रेन जाने पर सवाल उठा रहे हैं कि वह ऐसे वक्त यूक्रेन क्यों गए जब वहां के हालात बिगड़े हुए हैं?

यूक्रेन बीते कुछ दिनों से रूस की सीमा में घुसकर हमले कर रहा है। कुछ इलाकों को उसने अपने कब्जे में भी ले लिया है। आशंका ऐसी हैं कि रूस यूक्रेन पर जल्द बड़ा हमला कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो यूक्रेन के पक्ष में कई देश खड़े हो जाएंगे। फिर भारत क्या करेगा? रूस के साथ रहेगा या यूक्रेन के? निश्चित रूप से प्रधानमंत्री के दौरे ने भारत के लिए 'करो या मरो' की स्थिति खड़ी कर दी है।

श्रीकृष्ण और उनका अमर संदेश

निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भगवान कृष्ण 5000 वर्ष पूर्व इस धरा पर प्रकट हुए थे। वे इस पृथ्वी पर 125 वर्ष तक रहे और मनुष्य के समान ही आचरण किया, लेकिन उनके कार्यकलाप अद्वितीय थे। उनके जन्म से लेकर तिरोधान के क्षण तक उनका प्रत्येक कार्य विश्व के इतिहास में अद्वितीय रहा, अतएव जो भी यह जानता है कि भगवान का क्या अर्थ होता है, वह कृष्ण को भगवान के रूप में स्वीकार लेगा।

वैदिक वाङ्मय के अनुसार समस्त युगों में शंकर, रामानुज, माधवाचार्य, विष्णु स्वामी, महाप्रभु चैतन्य जैसे महान आचार्यों तथा उनकी शिष्य परंपरा के समस्त अनुयायियों के अनुसार सभी ने एक स्वर से स्वीकार किया है कि कृष्ण भगवान हैं। वैदिक ऐतिहासिक ग्रंथ, पुराण तथा महाभारत से हमें कृष्ण के अर्विभाव तथा तिरोधान का इतिहास लाखों-करोड़ों वर्ष पूर्व प्राप्त होता है। कृष्ण का ज्ञान इतना पूर्ण है कि वे भूतकाल में लाखों-करोड़ों वर्ष पूर्व की अपने अर्विभाव की घटनाएं स्मरण रखते हैं, पर हमें उनके इतिहास से अधिक उनके संदेश पर विचार करना चाहिए। कृष्ण ने महाभारत के युद्ध में अर्जुन के द्वारा पूरे जगत को ज्ञान दिया। भगवान कृष्ण ने अपने सर्वश्रेष्ठ सुविचारों के माध्यम से मनुष्य को बताया कि अपने अशांत मन को व्यक्ति अभ्यास के माध्यम से किस तरह अपने वश में कर सकता है, क्योंकि जो व्यक्ति अपने मन को काबू में नहीं करते हैं, उनके लिए वह दुश्मन की तरह काम करता है। इस देश ने शुरू से ही मनुष्य को ईश्वर का अंश माना है। मानव का काम है अपने ईश्वरीय पद को प्राप्त करना। इसलिए इस देश ने गुफा के अंदर ध्यान लगाने वाले साधु को पूजा है और उसे एक महल के अंदर विलासमय जीवन बिताने वाले राजा या एक युद्ध विजेता या एक उद्योगपति की तुलना में कहीं अधिक आदर दिया है। एक संस्कृत श्लोक में कहा गया हैः 'जिसका मन सच्चिदानंद स्वरूप परब्रह्म में रम गया है, उसका परिवार और उसकी माता धन्य है। यह सारी पृथ्वी उसको जन्म देने से धन्य है।' प्रत्येक मनुष्य का लक्ष्य यह होना चाहिए कि वह सर्वोच्च आध्यात्मिक सत्ता, परब्रह्म से एकता प्राप्त करे। श्रीकृष्ण ने भगवद्गीता में मनुष्य के इस अंतिम लक्ष्य को प्राप्त करने का सर्वोत्तम तरीका बताया है। उन्होंने हमसे यह नहीं कहा कि हम किसी बात पर एकाएक विश्वास कर लें या किसी के गौरव के कारण उसकी बात मान लें, बल्कि कहा है कि हमें स्वयं ही वस्तुओं की सच्चाई को खोजना चाहिए। यह विश्व प्रक्रिया जो जड़ द्रव्य से जीवन में, जीवन से चेतना में, चेतना से विवेक में और विवेक से आत्मा में पहुंचती है, एक ऐसी आधारभूत सत्ता की अपेक्षा रखती है, जो उसे सहारा दे, उसे शक्ति दे। चूंकि इस प्रकार की सत्ता बुद्धि के लिए अगम्य है, इसलिए शब्दों से उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। वह एक महान रहस्य है, जिसकी महत्ता लोगों के विरोधी वर्णनों से प्रकट होती है।

भगवान श्रीकृष्ण ने न सिर्फ इस संसार को आपस में प्रेम करना सिखाया, बल्कि कई ऐसे प्रेरणादायक और अनमोल सीख भी दी, जिनको अगर हम सभी अपने जीवन में उतार लें तो निश्चय ही एक सफल और श्रेष्ठ जिंदगी जी सकते हैं। इसके साथ ही श्रीकृष्ण ने हिन्दू धर्म के पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भगवतगीता के माध्यम से मनुष्य के जन्म-मरण के चक्र की खूबसूरत व्याख्या की है और मनुष्य को इस संसार रूपी मोह से निकालकर मोक्ष प्राप्ति का सूत्र बताया है। मनुष्य अपने विश्वास से निर्मित होता है, जैसा वो विश्वास करता है, वैसा वह बन जाता है। मन की गतिविधियों, होश, श्वास और भावनाओं के माध्यम से भगवान की शक्ति सदा तुम्हारे साथ है और लगातार तुम्हें बस एक साधन की तरह प्रयोग कर सके सभी कार्य कर रही है। तुम उसके लिए शोक करते हो, जो शोक करने के योग्य ही नहीं होते और फिर भी ज्ञान की बातें करते हो, बुद्धिमान व्यक्ति न तो जीवित और न ही कभी मृत व्यक्ति के लिए शोक करते हैं। पिछली पांच सहस्त्र शताब्दियों से भारत का मनुष्य जाति के लिए यह संदेश रहा है कि यह दुनिया ही सब कुछ नहीं है, इसको धारण करने वाला परमात्मा है जिसे हम समझ सकते हैं और विभिन्न उपायों से प्राप्त कर सकते हैं। यह संदेश आज भी हमारे लिए महत्व रखता है। कोई जीवित संस्कृति गतिहीन नहीं होती। उसका प्रयत्न सदा ही स्थायी संतुलन, एकता, शांति प्राप्त करने के लिए होता है, जिसमें सभी सामाजिक, आध्यात्मिक और वैयक्तिक तनाव शांत हो जाते हैं। यह एक ऐसी अवस्था होती है, जिसमें मनुष्य आपस में प्रकृति की शक्तियों के साथ स्वयं अपने से शांति रखते हैं।

आज हमारे चित्त विभ्रांत हो गए हैं। लोगों के अंदर एक अविवेकशीलता, एक आवेगशीलता, एक नैतिक और आध्यात्मिक शून्यता दिखाई देती है। अजीब-अजीब आवाजें सुनाई देती हैं। अगर हमें गलत बातों से पथभ्रष्ट नहीं होना है, अगर हमें अपनी राष्ट्रीय पवित्रता को सुरक्षित रखना है तो जो संदेश प्राचीन काल से हम तक पहुंचा है, उसे पुनर्जीवित करना होगा। हमें राम, कृष्ण, बुद्ध, चैतन्य जैसे महापुरुषों के उपदेशों को स्मरण करना होगा। हममें से सभी साधु तो नहीं हो सकते, किन्तु वाणिज्य, व्यापार, उद्योग, अध्यापन या चिकित्सा, जो कुछ भी हम करें, ईश्वर भक्ति समझकर करें। हमारे विचार और विश्वासों के रूप में परिवर्तन होना बढ़ती हुई बेचैनी का पहला चिन्ह है और यह शीघ्र ही राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्थाओं में स्वयं को प्रकट करेगा। हमें दुनिया की बदलती हुई परिस्थितियों के साथ बदलना चाहिए,लेकिन ऐसा करते हुए अपनी सांस्कृतिक विरासत के ढांचे के अंदर ही रहना चाहिए।

संतुलन जीवन का मूल मंत्र

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज सामाजिक संबंधों का जाल है। व्यक्ति एवं परिवार जहां नींव है, वहीं राष्ट्र समाज की परस्पर संयोजन एवं सामंजस्य की पराकाष्ठा है। व्यक्ति न केवल अपने परिवार और समाज का अपितु राष्ट्र के गौरव एवं समृद्धि का आधार है। लोकतांत्रिक समाज की बुनियाद समाज के वैचारिक मतों के बहुमत पर निर्भर होता है। जैसा समाज होता है, वैसा वहां के तौर तरीकों की स्वीकृति तथा अस्वीकृति का परिचालन।

डॉ. पवन कुमार सिंह
रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली

मानवीय समाज की जिम्मेदारी होती है कि राष्ट्र को शिखर पर ले जाए या राष्ट्र को अवनति के गड्ढे में धकेल दे। शिक्षक राष्ट्र निर्माता और विधाता है। तभी तो गुरु की गणना गोविंद समतुल्य की गई है। शिक्षक का पुनीत धर्म एवं कर्तव्य है कि राष्ट्र को परम वैभव पर प्रतिष्ठित कर प्रत्येक नागरिकों को अपनी सांस्कृतिक ज्ञान परंपरा का बोध कराए। आज कल एक नया ट्रेंड भारतीय संस्कृति की अनोखी ज्ञान परंपरा को चकाचौंध को धूमिल कर रहा है। पीठ पीछे लोगों की बुराई, ईर्ष्या-द्वेष, झूठी एवं हवा-हवाई शक्ति का प्रदर्शन, अतिशय चापलूसी और चाटूकारिता का प्रदर्शन। आज यह ट्रेंड सामाजिक समरसता, धार्मिक समभाव सहृदयता, सहिष्णुता एवं भाईचारे की आपसी प्रेम स्नेह रूपी भावनाओं को आत्मिक रूप से तोड़ रही है। विश्वास की नींव को क्षीण कर रही है।

मृत्यु लोक के हर प्राणी का जीवन अच्छाई एवं बुराई के द्वेत का संगम है। यदि अच्छाई ही अच्छाई व्यक्ति में होती तो देवता होता और स्वर्ग लोक में अतिसुंदर अप्सराओं के बीच रासलीला का आनंद लेता होता। यदि बुराई ही बुराई होती तो नरक लोक में डांडिया का प्रदर्शन देखता। पृथ्वी लोक में वही जन्म लेता है, जिसमें अच्छाई एवं बुराई दोनों गुणों का संतुलन होता है। हम सभी इससे विरक्त नहीं। सृष्टि का यही विधान है। जीवन की यही सच्चाई है। संतुलन जीवन का मूल मंत्र है।

सामाजिक परिवर्तन के नायक बीपी मंडल

बीपी मंडल ने पिछड़े समाज की सामाजिक व आर्थिक दशा को बहुत ही करीब से समझा था। इसके लिए उन्होंने देश के जिलों का भ्रमण किया। लोगों से सामाजिक परिस्थितियों का अवलोकन किया, तब कहीं जाकर देश के 406 जिलों के पिछड़े वर्गों की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक रूप से पिछड़ी हुई जातियों को चिन्हित किया और उन्हें पिछड़े वर्ग की सूची में शामिल किया। 31 दिसंबर 1980 को प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि ज्ञानी जैल सिंह को मंडल आयोग की रिपोर्ट सौंपी, जिसमें 3743 जातियों को शामिल किया गया था। यह दस्तावेज पिछड़ों की प्रगति के लिए था, लेकिन कांग्रेस उदासीन रही तो भाजपा विरोध में पिछड़ों को भलाई में कौन आगे बढ़े, जबकि संख्या का अनुपात 52 प्रतिशत का हिस्सेदारी का हकदार था। एम आर बालाजी बनाम मैसूर राज्य 1962 केस में उच्चतम न्यायालय ने आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत निर्धारित कर दी थी। इसलिए 27 प्रतिशत आरक्षण की ही संतुति की गई। मंडल आयोग की 40 अनुशंसाओं में मात्र एक अनुशंसा को अर्थात सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण को संयुक मोर्चा में जनता दल की सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने लागू किया। इसीलिए 7 अगस्त को मंडल दिवस के रूप मनाया जाता है। 2006 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार में शैक्षिक संस्थानों में मंडल आयोग की एक और अनुशंसा लागू हुई।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

बिंदुश्वरी प्रसाद मंडल 25 अगस्त 1918 को बनारस में जन्मे तथा उनका मूल गांव मुरहो, मधेपुरा, बिहार है। उनके पिता व दादा मुरहो के राजा थे। बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल राजकुमार थे, लेकिन दिल कमजोरों के लिए धड़कता था। मंडल ने उच्च शिक्षा पाई थी अंबेडकर, पेरियार की संगति रही सो सामाजिक न्याय के पक्षधर रहे। इनके पिता रासबिहारी बोस ने अछूतों को जनेऊ पहनने के लिए आंदोलन किए। वे कहते थे ब्राह्मण को जनेऊ पहनने से प्रतिष्ठा मिलती है तो सबसे अपमानित व्यक्ति को जनेऊ पहनाकर प्रतिष्ठित किया जाना चाहिए। मंडल आयोग की राजनीति से पिछड़े वर्ग में राजनितिक चेतना भी जगी, पिछड़े वर्ग के लोग मुख्यमंत्री, एमपी, एमएलए, बनने शुरू हुए। बीपी मंडल को मानने लोग 25 अगस्त को सामाजिक परिवर्तन दिवस के रूप में मनाते हैं, राजनीतिक दलों के अतिरिक्त शिक्षण संस्थानों में भी छात्र उनकी जयंती के दिन सभाओं में उनके संघर्ष को याद करते हैं।

गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की आवश्यकता

डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

अनुसंधान ज्ञान और समझ को आगे बढ़ाने, समस्याओं को हल करने और आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शोध उस प्रक्रिया अथवा कार्य का नाम है, जिसमें बोधपूर्वक तथ्यों का संकलन कर व्यवस्थित व सावधानीपूर्वक सूक्ष्म बुद्धि से तथ्यों का अवलोकन कर नए तथ्यों या सिद्धांतों का उद्घाटन किया जाता है। सीखने का एक अधिक संवादात्मक और सहयोगात्मक तरीका पेश किया गया है, जिसके बहुत सारे लाभ हैं। शिक्षण एवं शोध का आपस में गहरा संबंध है। शिक्षण को प्रभावी, वास्तविक, प्रयोगिक एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने में शोध की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षण में उसमें से भी अधिक महत्व है क्रियात्मक शोध का।

क्रियात्मक शोधों के माध्यम से हम क्षण प्रतिक्षण स्वयं के द्वारा शिक्षा नवाचारों के प्रभावों का आकलन, पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन करते हुए उसकी रणनीति को बदलने का कार्य कर सकते हैं, जिससे यह सुनिश्चित कर पाने में सक्षम होते हैं कि शोध के पश्चात परिणाम प्रत्येक दशा में परिकल्पना के अनुरूप ही प्राप्त हो सकेंगे। यह शिक्षकों और छात्रों के लिए फायदेमंद है, क्योंकि शिक्षकों को केवल किताब तक सीमित रहने के बजाय जानकारी लेने और पढ़ाने के लिए एक पूरा मंच मिलता है। छात्रों को कक्षा में अधिक ध्यान देने का मौका मिलता है और उन्हें पढ़ाई में मजा आता है। इस तकनीक की बदौलत छात्र इस महामारी के समय में भी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार बड़ी संख्या में छात्रों तक पहुंचने के लिए सीखने का एक आभासी तरीका पेश किया गया है। हालांकि यह एक नई अवधारणा है, जिसे दुनिया में समस्याग्रस्त स्थितियों के कारण जबरदस्ती पेश किया गया है, लेकिन इसकी वास्तविक क्षमता तक नहीं पहुंचा जा सका है। भविष्य में स्मार्ट क्लासरूम सफल होने वाली है, क्योंकि वे अपनी दक्षता और महत्व साबित करेंगे।

बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण अंतः विषय अनुसंधान, अंतर-विषयक शिक्षा और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान कर सकता है, जिससे छात्रों को अधिक विविध और अंतः विषय कार्यबल के लिए तैयार किया जा सकता है। व्यापक अर्थ में अनुसंधान (त्मेमंतबी) किसी भी क्षेत्र में 'ज्ञान की खोज करना' या विधिवत गवेषणा करना होता है। वैज्ञानिक अनुसंधान में वैज्ञानिक विधि का सहारा लेते हुए जिज्ञासा का समाधान करने की कोशिश की जाती है। नवीन वस्तुओं की खोज और पुरानी वस्तुओं एवं सिद्धांतों का पुनः परीक्षण करना, जिससे कि नए तथ्य प्राप्त हो सकें, उसे शोध कहते हैं।

क्रियात्मक अनुसंधान का तात्पर्य मूलतः करके सीखना है। सबसे पहले किसी समस्या की पहचान की जाती है, फिर उसका समाधान करने के लिए कुछ कार्रवाई की जाती है, फिर किए गए प्रयासों को कितनी अच्छी तरह से मापा जाता है और यदि परिणाम संतोषजनक नहीं हैं तो प्रयासों को किया जाता है। शिक्षा में क्रियात्मक अनुसंधान का विशेष महत्व है, जिसमें शिक्षक अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करते हैं।

अंतः विषय अनुसंधान सहयोगात्मक और एकीकृत अनुसंधान को संदर्भित करता है, जिसमें कई विषयों या अध्ययन के स्रोत्रों का योगदान शामिल होता है। यह एक शोध दृष्टिकोण है, जो एक ही अनुशासन की पारंपरिक सीमाओं से परे जाता है और जटिल समस्याओं और घटनाओं को संबोधित करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों, विधियों और सिद्धांतों को संयोजित करने का प्रयास करता है। शिक्षा में प्रौद्योगिकी को शामिल करना किसी भी आयु वर्ग के छात्रों में सीखने की दक्षता बढ़ाने का एक उत्कृष्ट तरीका है। स्पष्ट विचार प्राप्त करने के लिए वे जो पढ़ रहे हैं उसकी कल्पना कर सकते हैं। स्कूलों में नवोन्मेषी कक्षाएं एक बेहतरीन पहल है, जिसे कई संस्थान अपनाते हैं। इससे छात्रों को डेटा के लंबे, उबाऊ अनुच्छेदों को छवियों, वीडियो, ग्राफ, चार्ट, तालिकाओं आदि से बदलने में मदद मिलती है, जो बहुत अधिक उपयोगी है। इससे छात्रों को ऐसी पेचीदा जानकारी लंबे समय तक याद रखने में मदद मिलती है, क्योंकि शब्दों की तुलना में दृश्य आपके दिमाग में बेहतर तरीके से संग्रहीत होते हैं।

अनुसंधान ज्ञान और समझ को आगे बढ़ाने, समस्याओं को हल करने और आर्थिक व सामाजिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह जटिल मुद्दों के साक्ष्य आधारित समाधान प्रदान करता है, प्रभावी निर्णय लेने और नीति विकास का समर्थन करता है और विभिन्न क्षेत्रों में प्रथाओं और प्रक्रियाओं के सुधार में योगदान देता है। कुल मिलाकर अंतः विषय अनुसंधान एक मूल्यवान दृष्टिकोण है,जो नई अंतर्दृष्टि और खोजों को जन्म दे सकता है और उन जटिल समस्याओं का प्रभावी समाधान प्रदान कर सकता है,जिनके लिए कई विषयों की विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

ई-कामर्स में तेज वृद्धि चिंतनीय

ऑनलॉइन चैनलों से छोटे खुदरा विक्रेताओं पर पड़ रही चोट पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपनी टिप्पणी दी है। कहा है कि भारत में ई-कामर्स का तेजी से विकास चिंता का विषय है,उन्होंने कहा है कि ऑनलॉइन बेहद सस्ता सामान मिलने से करोड़ों दुकानें बंद हो जाएंगी,उन्होंने इस क्षेत्र की तेज वृद्धि को फक्र करने की नहीं अपितु फिक्र करने की बात है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

पीयूष गोयल का कहना था कि ई-कामर्स की इस वृद्धि से हम बड़ा सामाजिक व्यवधान तो पैदा नहीं कर रहे,उन्होंने कहा कि उन्हें इसमें गर्व महसूस नहीं होता कि 10 साल बाद हमारा आधा बाजार ई-कामर्स का हिस्सा बन जाएगा। इससे खुदरा में रोजगार घट सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने अमेजन के एक अरब डॉलर निवेश के वायदे के बारे में कहा है कि वो किसी बड़ी सेवा या निवेश के लिए नहीं आ रही। "भारत में रोजगार एवं उपभोक्ता कल्याण पर ई-कामर्स का शुद्ध प्रभाव" नाम की एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी करते हुए श्रीगोयल ने कहा कि ई-कामर्स कंपनियां छोटे खुदरा विक्रेताओं की हिस्सेदारी को खा रही हैं।

उनकी इन टिप्पणियों से ऑनलाइन और ऑफलाइन खुदरा विक्रेता बंटे हुए से लग रहे हैं। बहस शुरू हो चुकी है। देखना यह होगा कि देश के खुदरा व्यापार के बारे में सरकार कोई ठोस उपाय कर सकेगी?

एक नजर

घर के बरामदे में खड़ी बाइक चोरी

असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव सकरपुर सोत निवासी धनवीर सिंह शुक्रवार की शाम ताऊ के अंतिम संस्कार में शामिल होने अमरोहा जिले में बृजघाट गया था। घर में धनवीर सिंह की पत्नी बरामदे में सो रही थी और पास में ही बाइक खड़ी थी। मुख्य दरवाजा नहीं होने पर देर रात चोर घर में घुस आए और बाइक चोरी कर ले गए। शनिवार को धनवीर सिंह थाने पहुंचा और तहरीर देकर पुलिस से बाइक बरामद करने की मांग की।

ओटीपी भेजकर खाते से रकम उड़ाई

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा जट निवासी देवेंद्र सिंह ने शनिवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि 10 अगस्त की शाम फोन पर रखा हुआ था। किसी व्यक्ति ने फोन किया। देवेंद्र के परिजनों के फोन रिसीव करने पर व्यक्ति ने खुद को एसबीआई बैंक का कर्मचारी बताया और क्रेडिट कार्ड वेरीफाई करने के नाम पर ओटीपी भेजने की बात कही। परिजनों ने बैंक कर्मचारी समझकर व्यक्ति को ओटीपी बता दिया। जिससे देवेंद्र के अकाउंट से 31500 रुपये कट गए।

दो बाइकों की टक्कर में महिला सहित तीन गंभीर

बहजोई, अमृत विचार : थाना कैला देवी के गांव सारंगपुर निवासी राजेश , करू व उसकी पत्नी सोमवती बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में जा रहे थे। चौपा शोभापुर के निकट दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। महिला सहित तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अस्पताल संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई

बहजोई, अमृत विचार : शुक्रवार को गांव चितनपुर रोड पर अस्पताल में चार दिन से एक महिला का उपचार किया जा रहा था। दिल्ली ले जाते समय महिला की मौत हो गई थी। परिजनों ने चिकित्सक द्वारा गलत उपचार किए जाने का आरोप लगाया था। नोडल अधिकारी डॉ. विश्वास अग्रवाल ने अस्पताल सील करने के बाद संचालक पर मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाल योगेश कुमार ने बताया कि नोडल अधिकारी की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

7968 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 2254 रहे गैरहाजिर

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन शनिवार को केंद्रों के बाहर लगी अभ्यर्थियों की कतार

कार्यालय संवाददाता, संभल

परीक्षा केंद्र पर कतार में लगीं महिला परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की तलाशी लेते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- एंटी रोमियो टीम, सेक्टर और जोनल मस्जिस्ट्रेट केंद्रों पर तैनात रहे
- अभ्यर्थियों ने सफलता मिलने की उम्मीद जताई

अमृत विचार : संभल में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में दूसरे दिन नौ केंद्रों पर कड़े सुरक्षा एवं निगरानी के प्रबंध के बीच दो पालियों में परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्रों से बाहर आए अभ्यर्थियों ने सफलता मिलने की उम्मीद जताई। दोनों पालियों में 7968 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 2254 अनुपस्थित रहे।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज, बीआरएस कन्या इंटर कॉलेज, हिंद इंटर कॉलेज, जेएलएम इंटर कॉलेज सिरसी, एमजीएम कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय डिग्री कॉलेज, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज, जेडयू इंटर कॉलेज केंद्र पर शनिवार को सुबह आठ बजे से ही अभ्यर्थियों की कतारें लग गईं। चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। इस दौरान एंटी रोमियो टीम, सेक्टर और जोनल मस्जिट्रेट केंद्रों पर तैनात रहे। पहली पाली में सुबह 10 बजे से परीक्षा शुरू हुई, जो 12 बजे तक चली। दोपहर में केंद्रों से बाहर अभ्यर्थियों का कहना रहा कि प्रश्नपत्र आसान रहा। सफलता मिलने की उम्मीद है। दूसरी पाली में कड़ी धूप के बावजूद अभ्यर्थियों की केंद्रों के बाहर कतारें लग गईं। प्रवेश मिलने के बाद अभ्यर्थियों ने दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा दी। इस बीच नोडल अधिकारी एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा के साथ ही एसडीएम विनय कुमार मिश्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी व अन्य अधिकारी केंद्रों का भ्रमण करते नजर आए। परीक्षा संपन्न होने के बाद यातायात पुलिस ने वाहनों को निकलवाने की जिम्मेदारी संभाली। एएसपी दक्षिणी ने बताया कि पहली पाली में पंजीकृत 3984 अभ्यर्थियों में से 2814 ने परीक्षा दी और 1170 गैरहाजिर रही। दूसरी पाली में पंजीकृत 3984 अभ्यर्थियों में से परीक्षा देने 2900 अभ्यर्थी पहुंचे। 1084 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

कूड़ा कलेक्शन एजेंसी को देने होंगे 20 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, संभल

घोटाला

- इस धनराशि से वाहनों की कराई जाएगी मरम्मत
- एजेंसी द्वारा रकम नहीं देने पर जमानत राशि से होगी रिकवरी

अमृत विचार : संभल शहर में कूड़ा कलेक्शन की जिम्मेदारी संभालने वाली एजेंसी पर शिकंजा कसा जा रहा है। वाहनों की मरम्मत के लिए नगर पालिका ने 20 लाख रुपये मांगे हैं। अगर एजेंसी द्वारा रकम नहीं दी जाएगी तो उसकी जमानत धनराशि से रिकवरी कराने की कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया द्वारा नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण करने पर कूड़ा कलेक्शन एजेंसी द्वारा घपला किए जाने की पोल खुली थी। जिसके बाद नगर पालिका ने कूड़ा कलेक्शन का कार्य अपने हाथों में ले लिया था। जांच में यह बात भी सामने आई कि एजेंसी द्वारा नगर पालिका के कई वाहनों की मरम्मत नहीं कराई। जिस कारण वाहन कंडम हो गए।

अधिशासी अधिकारी डॉ. मणिभूषण तिवारी ने बताया कि एजेंसी द्वारा 10 वाहन कंडम कर दिए जबकि जो वाहन चल रहे हैं वह भी कंडम की श्रेणी में हैं। वाहनों की मरम्मत के लिए एजेंसी से 20 लाख रुपये की मांग की गई है। यह रकम खाते में देनी है। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि अगर एजेंसी ने रकम नहीं दी तो उसकी जमानत धनराशि से रिकवरी कराने की कार्रवाई की जाएगी।

छात्रा से सरेराह छेड़छाड़ के दोनों आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, संभल

- पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज की
- तलाशी लेने पर उनके पास तमंचा और चाकू बरामद हुआ

अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में ट्यूशन पढ़कर घर जा रही छात्रा के साथ सरेराह छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने दूसरे समुदाय के दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तलाशी लेने पर उनके पास तमंचा व चाकू बरामद हुआ। तहरीर नहीं मिलने पर पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज कर दोनों युवकों का चालान कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी युवती शुक्रवार की देर शाम ट्यूशन पढ़ने जा रही थी तभी सरथल पुलिस चौकी के निकट दूसरे समुदाय के युवकों ने उसके साथ छेड़छाड़ कर शर्मनाक हरकत की। छेड़छाड़ की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में साफ दिखता है कि युवक छात्रा के पास पहुंचता है और छेड़छाड़ करने लगता है। छात्रा ने विरोध करते हुए शोर मचाया आसपास के लोगों की मदद से पुलिस ने भागने की कोशिश कर रहे युवक सहित दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को युवकों के पास से एक तमंचा व चाकू बरामद हुआ।

इस मामले में भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल के नेतृत्व में लोग कोतवाली पहुंचे और सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि कोट गर्वी निवासी आलम व उसके साथी मुहल्ला मिया सराय निवासी अदनान को गिरफ्तार कर लिया गया है।

किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपी फरार ,रिपोर्ट

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में दोस्त की 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री को साथ ले जाकर दुष्कर्म करने वाले 50 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने रिपार्ट दर्ज कर ली है। हालांकि पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी निसार ने 16 अगस्त को दोस्त के साथ हादसा होने की झूठी सूचना उसकी पत्नी को देकर 14 वर्षीय पुत्री को बाइक पर बैठाकर ले गया था। सुनसान जगह पर निसार ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। हालत बिगड़ने पर गुरुवार को किशोरी ने अपने साथ दुष्कर्म होने की बात अपनी भाभी को बताई। उपचार कराने के बाद शुक्रवार की देर शाम परिजन कोतवाली पहुंचे और तहरीर देकर निसार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाल अनुज तोमर ने बताया कि पुलिस निसार को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

सफाई व्यवस्था में शिथिलता पर एडीओ पंचायत का जवाब-तलब

कार्यालय संवाददाता, गुन्नौर

- डीएम ने ब्लॉक गुन्नौर का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

अमृत विचार : जिलाधिकारी ने ब्लॉक गुन्नौर का औचक निरीक्षण कर विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं की जानकारी ली। सफाई व्यवस्था में शिथिलता पर एडीओ पंचायत का जवाब-तलब किया।

जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने शनिवार को सुबह अचानक ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विभाग वार विकास कार्यों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायत राज विभाग के विकास कार्य, मनरेगा के कार्यों की जानकारी लेते हुए अभिलेखीय जांच की।

गांवों में सफाई व्यवस्था में शिथिलता की शिकायत पर एडीओ पंचायत प्रमोद कुमार का जवाब तलब करने के निर्देश सीडीओ को दिए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की परियोजना वार गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कुपोषण दर में कमी लाने के लिए बेहतर कार्य योजना तैयार की जाए और उसका गंभीरता से पालन करने का काम करें। कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए विशेष निगरानी की जाए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, एसडीएम दीपक कुमार चौधरी, बीडीओ, नरेश पाल सिंह, एसीएमओ डॉ.पंकज कुमार विश्नोई, सीएचसी अधीक्षक डॉ. पवन कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

सार संक्षेप

खेत पर काम कर रही किशोरी के साथ छेड़छाड़

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में खेत में काम कर रही किशोरी के साथ मुहल्ला के ही युवक ने छेड़छाड़ की। शोर को सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों को देखकर युवक भाग गया। तहरीर देकर किशोरी के पिता ने युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी व्यक्ति की 15 वर्षीय पुत्री शुक्रवार को 12 बजे के आसपास खेत में काम कर रही थी। आरोप है कि मुहल्ला का ही एक युवक खेत पर पहुंचा और किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। छेड़छाड़ का विरोध करते हुए किशोरी ने शोर मचा दिया। शोर को सुनकर आसपास के लोगों को पास आता देखकर युवक किशोरी को धमकी देते हुए भाग गया। घर पहुंचकर किशोरी ने सारी बात अपने परिजनों को बताई। तहरीर मिलने पर पुलिस ने शनिवार को किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में मुहल्ला के ही विशाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

यूरिया कालाबाजारी में दुकान का लाइसेंस निलंबित

संभल, अमृत विचार : गुन्नौर तहसील क्षेत्र में यूरिया की कालाबाजारी को लेकर दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। जिला कृषि अधिकारी ने दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। एसडीएम गुन्नौर से शिकायत की गई कि कृषि किसान सेवा केंद्र कादराबाद द्वारा यूरिया निर्धारित दर से अधिक दर पर 290 से 300 रुपये प्रति बोरा के हिसाब से बेचा जा रहा है। जिसके बाद जिला कृषि अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। जिला कृषि अधिकारी ने संस्था का लाइसेंस निलंबित करते हुए बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा कि दुकानदार निर्धारित दर पर ही यूरिया बेचने का काम करें। अगर कहीं से कोई शिकायत मिली तो जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सती और शिव विवाह के प्रसंग का वर्णन किया

संभल/मनोटा, अमृत विचार : विकास खंड असमोली की ग्राम पंचायत मनोटा में स्थित शिव मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक राधा नंदिनी कुमारी निशु किशोरी ने सती और शिव विवाह का प्रसंग सुनाया। राधा नंदिनी ने कहा कि सतयुग में माता शक्ति ने राजा दक्ष प्रजापति के यहां पर कन्या के रूप में जन्म लिया और राजा दक्ष ने कन्या का नाम सती रखा। सती महादेव शिव की पहले से ही पूजा करती थीं। जब सती विवाह योग्य हो गईं तो ब्रह्मा जी के कहने से राजा दक्ष ने सती का विवाह महादेव से कर दिया लेकिन दक्ष के मन में महादेव के प्रति विरोध उत्पन्न हो गया। राजा दक्ष ने यज्ञ कराया लेकिन पुत्री सती को निमंत्रण नहीं दिया। जब सती को पता चला तो महादेव से बोलीं, यज्ञ आयोजन में हम भी चल रहे हैं। महादेव ने कहा कि जहां का निमंत्रण न हो, वहां जाना नहीं चाहिए लेकिन मना करने के बावजूद सती चली गईं और वहां पर महादेव का अपमान होता देख उनसे रहा नहीं गया। सती हवन कुंड की अग्नि में कूद गईं। इस दौरान तमाम श्रद्धालु रहे।

आठ दंपति ने अपना विवाद किया समाप्त

बहजोई, अमृत विचार : पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित पुलिस परिवार परामर्श से सुलह समझौता केंद्र पर 8 दंपति ने समझौते के आधार पर अपना विवाद समाप्त कर एक बार फिर से साथ-साथ रहने का फैसला किया। महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद ने बताया कि 62 पत्रावलियों को सुनकर 15 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। 8 दंपति को मिलाया गया तो वहीं 5 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संस्तुति की। इस दौरान काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय, कंचन महेश्वरी, सीमा आर्य, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा आदि ने सहयोग किया।

नाला निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, प्रदर्शन

संभल, अमृत विचार : पंवासा विकासखंड क्षेत्र के गांव अजीमाबाद में स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास लोक निर्माण विभाग की ओर से पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण कराया जा रहा है। शनिवार को नाला निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप लगाकर ग्रामीण विपिन शर्मा, उमेश सिंह, मदन यादव, इंद्रपाल यादव, दिग्विजय यादव, सतीश यादव, छवि राम यादव, डांडी सिंह, रोहताश, किशनपाल यादव आदि ने विरोध प्रदर्शन किया। दिग्विजय यादव ने बताया कि नाला निर्माण में ठेकेदार की ओर कार्य मानक के विपरीत कराया जा रहा है। कहा कि जल्द ही सुधार नहीं हुआ तो डीएम से शिकायत की जाएगी।

जयंती पर क्रांतिकारी शहीद राजगुरु को किया याद

चन्दौसी, अमृत विचार : महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने संयुक्त रुप से क्रांतिकारी शहीद राजगुरु की जयंती राजेश कुमार पब्लिक स्कूल मुहल्ला सेमरटोला में धूमधाम से मनाई। देश की आजादी में दिए गए उनके योगदान व वीरगाथा को याद किया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने क्रांतिकारी शहीद राजगुरु के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। कहा कि क्रांतिकारी शहीद राजगुरु का जन्म 24 अगस्त 1908 को महाराष्ट्र के पुणे जिले के खेड़ गांव में हुआ था। वाराणसी में पढ़ाई के दौरान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के संपर्क में आए और हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य बन गए। राजगुरु ने 28 सितंबर 1929 को ब्रिटिश गवर्नर को मारने की कोशिश की। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 1929 में दिल्ली असेंबली में बम फेंका। बाद में भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दे दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश कुमार प्रधानाचार्य ने की। संचालन दिनेश चंद्र गुप्ता ने किया। एनके शर्मा, एसके सक्सेना, रजनी वार्ष्णेय, प्रवीण वार्ष्णेय, अनमोल कश्यप, सुमन देवी, लखपत सिंह मौजूद रहे।

तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत कराएं : डीएम

बहजोई, अमृत विचार : डीएम राजेंद्र पैंसिया ने जल जीवन मिशन की बैठक में अधिकारियों के साथ चल रही योजनाओं की समीक्षा में तोड़ी गई सड़कों को ठीक कराने के निर्देश दिए। जल कनेक्शन के लिए चौपाल लगाने को भी कहा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि जो सीसी रोड तोड़ी गई हैं उन्हें प्रत्येक दशा में गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराई जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में न आए। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि जल कनेक्शन लेने के लिए जनपद में जन चौपाल लगाई जा रही हैं। उनमें जल निगम विभाग जनमानस को जागरूक करें। जिससे अधिक से अधिक लोग जल कनेक्शन ले सकें।

तहसीलदार के सामने महिलाओं का हंगामा

संभल, अमृत विचार : गांव बिछोली में ईदगाह के पास सरकारी जमीन पर मकान निर्माण की जांच को मौके पर तहसीलदार पहुंचे तो महिलाओं ने विरोध करते हुए हंगामा किया। महिलाओं ने आसपास के मकानों को भी सरकारी जमीन पर ही बताया। तहसीलदार से महिलाओं ने कहा कि पहले दूसरों के मकानों को तोड़ो उसके बाद इस मकान को तोड़ना। तहसीलदार ने कहा कि किसी का मकान सरकारी जमीन पर बना होगा तो कार्रवाई होगी। महिलाओं ने कहा कि पुराने ग्राम प्रधान ने उन्हें यह जमीन दी है तभी उन्होंने अपना मकान का निर्माण किया है। अब अचानक उनके मकान को सरकारी जमीन पर बना बताया जा रहा है।

न्यू सत्यम एकेडमी में जन्मानष्टमी उत्सव पर माखन मटकी फोड़ते छात्र। ● अमृत विचार

माखन मटकी प्रतियोगिता में सर्वपल्ली राधाकृष्णन येलो हाउस ने बाजी मारी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : न्यू सत्यम एकेडमी में जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सीनियर विंग के छात्र-छात्राओं ने माखन मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भागीदारी की।

प्रतियोगिता में सर्वपल्ली राधाकृष्णन (येलो हाउस) की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य एससी गंगवार, नमिता चौधरी व श्वेता मचंदा रहे। इसके अलावा जूनियर व सीनियर केजी के बच्चों ने मटकी व बांसुरी में रंग भरो प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्ले ग्रुप व नर्सरी के बच्चों ने क्राफ्ट पेपर की मटकी सजाई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्नेहा, स्वाति, कोमल, झान्वी, गीता, राखी, नीशी, कीर्ति, मीमांस, यशी, आयुषी, रूवी, आरती, सपना, कोमल, अमित, जयगोपाल, विशाल, विशेष, अभय, नुजामिल, अंशिका, राखी, रितु, अनन्या, एकता, विषय, दीपक, देवऋषि, मनु, सुमित, नियाज, चंचल, अनु, प्राशी, गौरी का सहयोग रहा।

घर में संचालित अवैध पैथोलॉजी लैब और अल्ट्रासाउंड सेंटर सील

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

गवां में अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कराते नोडल अधिकारी व तहसीलदार।

- गांव बिछौली और गवां में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

अमृत विचार : जिला प्रशासन के निर्देश पर शनिवार को जनपद में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर और पैथालॉजी लैब के खिलाफ अभियान चलाया गया। संभल में एसडीएम की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध पैथोलॉजी लैब सील की तो गवां में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील किया गया। यहां से एक युवक को भी हिरासत में लिया गया।

संभल सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बिछौली में स्थित एक घर पर शनिवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्र, तहसीलदार रवि सोनकर टीम के साथ पहुंचे। घर में अवैध रूप से पैथोलॉजी लैब संचालित की जा रही थी। एसडीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी भी टीम के साथ पहुंच गए और जांच पड़ताल शुरू की। घर में संचालित लीबा पैथोलॉजी लैब से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखाया जा सका। जिसके बाद नोडल अधिकारी ने लैब से उपकरण कब्जे में कराए। साथ ही, लैब को सील कर दिया गया। इस कार्रवाई से खलबली का माहौल बन गया। दूसरी तरफ गवां में स्थित एसके अल्ट्रासाउंड सेंटर पर एसीएमओ डॉ.पंकज कुमार विश्नोई, तहसीलदार गुन्नौर, नोडल अधिकारी डॉ. मनोज चौधरी ने छापेमारी की। डॉ.मनोज चौधरी ने बताया कि अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील करने की कार्रवाई की गई। यहां से पुलिस ने एक युवक को भी हिरासत में लिया। उन्होंने कहा कि अवैध पैथोलॉजी लैब और अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। वहीं इस कार्रवाई से अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड सेंटर और पैथोलॉजी लैब संचालकों में खलबली मची रही।

प्राथमिकता से कराएं शिकायतों का निस्तारण

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने पहुंच फरियादियों की शिकायतें सुनीं। थाना दिवस में चार शिकायतें आईं। जिसमें दो शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समावधि के अंदर समाधान कराएं। ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। कहा कि यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिलता है तो निश्चित अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने कहा कि महिलाओं से संबंधित शिकायत को मौके पर जाकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। इस अवसर पर एसडीएम नीतू रानी, सीओ प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

डीएम व एसपी ने मौके पर पहुंच कर दिया समस्या का समाधान कराने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

हनुमानगढ़ी में जलभराव की समस्या का जायजा लेते डीएम , एसपी व एसडीएम।

- हनुमानगढ़ी नई बस्ती में लंबे समय से है जलभराव की समस्या

अमृत विचार : डीएम व एसपी ने हनुमानगढ़ी नई बस्ती पहुंच जलभराव की समस्या का निरीक्षण किया। नगर पालिका के जेई को जलनिकासी कराने के निर्देश दिए। साथ ही नई बस्ती में नए निर्माण पर रोक लगाने की बात कही।

हनुमानगढ़ी नई बस्ती में जलभराव की समस्या कई वर्ष पुरानी है। वर्तमान में नई बस्ती की स्थिति यह है कि सड़कें व भूखंड गंदे पानी से लबालब भरे हुए हैं। जिससे गंदे पानी से उठने वाली दुर्गंध से घरों में रहना मुहाल है। जबकि नई बस्ती के लोग काफी समय से जलनिकासी की मांग करते चले आ रहे हैं।

कुछ दिन पहले जिलाधिकारी से भी शिकायत की गई थी। शनिवार की दोपहर एक बजे जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत, पालिकाध्यक्ष लता कुमारी व एसडीएम नीतू सिंह के साथ हनुमानगढ़ी नई बस्ती जा पहुंचे। जहां डीएम ने जलभराव की समस्या को देखा और बस्ती के लोगों से वार्ता की। डीएम ने नगर पालिका के जेई केके अग्रवाल से नई बस्ती में जलभराव की जलनिकाली का समाधान करने की बात कही। कहा कि नालियों को ऊंचा बनाया जाए, नई बस्ती के लोग सड़कों पर मिट्टी डलवाएं। उन्होंने कहा कि आगे से नई बस्ती जलभराव की समस्या को देखते हुए बस्ती में नया निर्माण कार्य नहीं होगा। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे।

नक्शे के विपरीत नदी की खोदाई का काम बंद करा कर प्रदर्शन किया

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : नरोत्तम सराय में लोगों ने नक्शे के विपरीत नदी की खोदाई कराने का आरोप लगाते हुए जेसीबी से हो रही नदी खोदाई का काम रुकवा कर प्रदर्शन किया। बाद में एसडीएम मौके पर पहुंचकर काम शुरु कराया।

शहर से होकर गुजर रही भैंस नदी को जीवित करने के लिए जमीन को कब्जा मुक्त कराकर जेसीबी से खोदाई कराई जा रही है। शहर से सटे मुहल्ला नरोत्तम सराय निवासी लोग राजस्व विभाग पर भैंस नदी की खोदाई नक्शे से अलग कराने का आरोप लगा रहे हैं और कई बार विरोध करते हुए लोगों ने खोदाई का काम रुकवा दिया था। शनिवार को भैंस नदी की खोदाई करने के लिए चालक जैसे ही जेसीबी लेकर पहुंचा। कई महिलाएं व पुरुष घर से निकल आए और काम बंद कराकर प्रदर्शन किया। एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने आश्वासन देकर खोदाई शुरु कराई। वहीं शाम को एसडीएम व सीओ ने चौधरी सराय में नदी की भूमि को देखा। यहां भी जमीन कब्जा मुक्त कराकर काम शुरु होगा।

नरोत्तम सराय में नदी खोदाई का विरोध कर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

बहजोई के स्कूल में जन्माष्टमी कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं। ● अमृत विचार

चन्दौसी के स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव पर माखन की मटकी फोड़ते छात्र।

बबराला के लोहिया कान्वेंट स्कूल में जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

एक नजर

पूर्व पालिकाध्यक्ष कमल कौशल का निधन

संभल, अमृत विचार :श्री नवदुर्गा महोत्सव समिति के अध्यक्ष, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कमल कौशल एडवोकेट (77 वर्ष) का शनिवार को दोपहर निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार थे।मुहल्ला कोट पूर्वी निवासी कमल कौशल एडवोकेट वर्ष 1991 में भाजपा के नगर अध्यक्ष रहते हुए वर्ष 1991 में ही संभल नगर पालिका के अध्यक्ष भी बने। वह श्रीराम मंदिर आंदोलन में भी जेल गए थे। पेशे से अधिवक्ता रहे कमल कौशल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रह चुके थे। बेटे कशिश कौशल एडवोकेट ने बताया कि उनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 9 बजे निवास स्थान से गोमासती शमशान घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

कमल कौशल की फाइल फोटो।

दिनदहाड़े चोरी के मामले में पुलिस खाली हाथ

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में ग्रामीण के घर में दिनदहाड़े चार दिन पहले नकदी व जेवर चोरी करने वाले चोरों का अभी तक पता नहीं लगा पाई है। थाना क्षेत्र के गांव गैलुआ निवासी लल्लू सिंह के मकान की दीवार फांदकर बुधवार को चोर घर में घुस गए थे और नकदी व जेवर सहित एक लाख रुपये से अधिक का सामान चोरी कर भाग गए थे। चार दिन बीतने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा सकी।

दो गांवों के सात घरों में बिजली की चोरी पकड़ी

संभल, अमृत विचार : पंवासा सब डिवीजन से जुड़े क्षेत्र के गांव चिरौली भगवंतपुर और सिरोही में शनिवार की सुबह साढ़े पांच बजे बिजली विभाग की टीम ने बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया। एसडीओ देहात के नेतृत्व में चले बिजली चोरी रोकने के अभियान में अवर अभियंता लखपत सिंह व लाइनमैन ने चिरौली भगवंतपुर में पांच और सिरोही में के दो घरों में मौके पर वीडियोग्राफी कराकर बिजली की चोरी पकड़ी। अवर अभियंता ने बिजली चोरी कर रहे सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

राधाकृष्ण स्वरूप में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुत किए

कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिह्न, फल एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज हनुमानगढ़ी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में राधा-कृष्ण स्वरूप में सजे बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बच्चों ने उपस्थित दर्शकों का मनमोह लिया।

कार्यक्रम का आरंभ प्रबंध समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य पंकज सर्राफ, सदस्य शिवम यादव, समाजसेवी डॉ. टीएस पाल, प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह, प्रभारी सुरेश चंद्र ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती एवं भगवान श्री कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ने राधाकृष्ण स्वरूप में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मनमोह लिया। अंत में माखन मटकी फोड़ने का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। आयोजकों ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिह्न, फल एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन आचार्य जगपाल ने और छायांकन अनमोल शर्मा ने किया।

इस दौरान प्रेम नारायण, अनमोल शंखधार, कन्हैया लाल, बृजनंदन, रितु अग्रवाल, मुकेश शर्मा, कपिल गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

चन्दौसी के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में डांडिया खेलती राधा स्वरुप में बच्चे। ● अमृत विचार

ऑक्सफोर्ड चिल्ड्रेन एकेडमी में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी महोत्सव

चन्दौसी, अमृत विचार : ऑक्सफोर्ड चिल्ड्रेन एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। एकेडमी के डायरेक्टर अंकित वार्ष्णेय ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बाल गोपाल को झूला झुलाया तथा श्रीकृष्ण लीलाओं को बताते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। बाल गोपाल को माखन मिश्री का भोग लगाया गया साथ ही प्रसाद वितरित किया गया। छात्र-छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में राधाकृष्ण स्वरुप में सजे छात्र-छात्राओं ने मनमोह लिया और डांडिया भी खेला। मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी हुई। इस अवसर पर राहुल वार्ष्णेय, पीयूष वार्ष्णेय, ऋतिक वार्ष्णेय, स्नेहा शर्मा, हुदा अब्बासी, अंजली कश्यप, साक्षी खंडेलवाल, वंशिता गर्ग, हुमा मालिक, नाजिया मालिक, मनतशा, दिशा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

चन्दौसी के ऑक्सफोर्ड चिल्ड्रेन एकेडमी में जन्माष्टमी मनाते बच्चे। ● अमृत विचार

छात्र-छात्राओं ने श्री कृष्णा राधा स्वरुप में दी प्रस्तुति

बहजोई, अमृत विचार :कृष्ण मुरारी मनोरमा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ प्रधानाचार्य नरेंद्र मोहन ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने श्री कृष्ण भक्ति भजनों पर प्रस्तुति देकर जमकर तालियां बटोरी।वहीं भगवान श्री कृष्ण लीला का मंचन कर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य नरेंद्र मोहन ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने सत्य मार्ग पर चलने का रास्ता दिखाया। इस दौरान आचार्य वीरेंद्र कुमार, योगेश कुमार, रामचंद्र, संदीप कुमार, तारकेश्वर, मुनेंद्र कुमार, प्रेम सिंह, राजीव, सुनील, तेज प्रसाद, नरेंद्र कुमार आदि ने सहयोग किया।

जीके सिल्वर स्टोन में मनाई जन्माष्टमी

चन्दौसी, अमृत विचार : जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंड्री स्कूल में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से संपन्न हुआ। पीजी से यूकेजी के राधाकृष्ण स्वरुप में सजे बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन कर समां बांध दिया। क्राफ्ट एक्टिविटी द्वारा बांसुरी, मुकुट, पालना, दही मटकी आदि कलात्मक ढंग से बनाए गए। 11 व 12वीं के छात्रों ने मटकी फोड़ने के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। प्रबंधक मनोज गुप्ता एवं योजना गुप्ता ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

श्रीकृष्ण-राधा रूप में सजे बच्चों ने मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार :श्री बीडी इंटर कॉलेज सरायतरीन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। जिसमें बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेकर प्रतिभा दिखाई।

श्री बीडी इंटर कॉलेज सरायतरीन में हुए कार्यक्रम में बच्चों ने मटकी सजावट, श्रीकृष्ण पालना, बांसुरी की सजावट आदि गतिविधियों में हिस्सा लिया। छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा के रूप में सजकर झांकियां प्रस्तुत की। जिन्हें देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। विद्यालय प्रबंधक निर्दोष कुमार और प्रधानाचार्य नीरू चौधरी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए।

स्कूल में प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

बबराला, अमृत विचार : श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में लोहिया कान्वेंट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में राधा और श्रीकृष्ण बने बाल गोपालों ने मन मोह लिया। बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने कंस वध, कारागार में कृष्ण जन्म, बाल रूप कृष्ण की लीलाएं, माखन चोरी, कालिया नाग मर्दन और कृष्ण-सुदामा मिलन आदि प्रसंगों का सुंदर मंचन किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी हुई। प्रधानाचार्या हेमलता यादव ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की बधाई दी। इस दौरान रीता यादव, सीमा, बरखा, प्राची, प्रतिमा, बृजेश, धर्मेंद्र, बबीता, दुर्गेश और अभिभावक मौजूद रहे।

सार संक्षेप

ओपीएल पब्लिक स्कूल में राधा कृष्ण के स्वरूप में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

बच्चे भगवान का रूप होते हैं: नीति वार्ष्णेय

संभल, अमृत विचार :ओपीएल पब्लिक स्कूल हयातनगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। नन्हें मुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण राधा के रूप में सजकर कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नोएडा से आईं नीति वार्ष्णेय ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। बच्चों की प्रस्तुति को देखकर उन्होंने कहा कि बच्चे स्वयं भगवान का रूप होते हैं। आगे चलकर यही बच्चे देश का नाम रोशन करने में कोई कमी नहीं छोडेंगे। मुख्य अतिथि ने बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान प्रबंधक नीलांशु वार्ष्णेय, कोषांध्यक्ष रेखा वार्ष्णेय, शशि वार्ष्णेय, प्रधानाचार्य शिवानी गुप्ता, बबीता वार्ष्णेय, अंजू वार्ष्णेय, मोना वार्ष्णेय, सोनल आर्य, शिखा, आरती सर्राफ, आरती वार्ष्णेय, अंजलि गुप्ता, प्रीति आर्य, संगीता वार्ष्णेय, प्रियांशु वार्ष्णेय आदि रहे।

श्रीकृष्ण राधा के रूप में सजे बच्चों ने दी प्रस्तुति

रजपुरा अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव भकरौली में हंसा देवी गजराम सिंह मैमोरियल कन्या इंटर कॉलेज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। छात्र-छात्राओं ने श्रीकृष्ण और राधा के स्वरूप में सजकर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। केक काटकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया। स्कूल में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार एवं वीरेश आर्य ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान स्वेता यादव, अनीता शर्मा, सर्वेश यादव, नीलम वार्ष्णेय, प्रसिद्धि गौतम, अनुष्का यादव, मुकेश यादव, आशीष राघव, प्रतिभा उपाध्याय मौजूद रहे।

छात्रा ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत बिगड़ी

चंदौसी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव पतरौआ में मां की फटकार से क्षुब्ध होकर कक्षा 9 की छात्रा ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गांव पतरौआ निवासी ज्योति गांव के ही स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा है। शनिवार को छात्रा की मां ने रोटी बनाने को लेकर छात्रा को फटकार लगा दी। जिससे क्षुब्ध होकर छात्रा ने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ी तो परिजनों को जानकारी हुई। आनन-फानन में परिजन ज्योति को सीएचसी ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

कबड्डी प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: एसएम इंटर कालेज में जनपद स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया ।

प्रतियोगिता का आरंभ प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता व जिला खेल सचिव शशिकांत गुप्ता ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया। सीनियर बालक वर्ग अंडर 19 के पहले मैच में चन्दौसी संकुल व संभल संकुल ने भाग लिया। जिसमें चन्दौसी संकुल ने 47-5 के साथ शानदार जीत हासिल की। जूनियर बालक वर्ग अंडर 17 के मैच में चन्दौसी संकुल व बबराला संकुल ने भाग लिया। जिसमे चन्दौसी संकुल 47-28 से विजयी रहा।

सीनियर बालक वर्ग अंडर 19 के दूसरे मैच में चन्दौसी संकुल व रजपुरा संकुल ने भाग लिया जिसमें रजपुरा संकुल ने 36-29 के साथ जीत हासिल की। सीनियर बालिका वर्ग अंडर 19 के पहले मैच में चन्दौसी संकुल ने बबराला संकुल को 27-9 से हराया। सब-जूनियर बालिका वर्ग अंडर 14 में जुनवाई संकुल ने चन्दौसी संकुल को 27-19 से हराया।

जूनियर बालिका वर्ग अंडर 17 का जुनवाई संकुल ने बबराला संकुल को 14-13 से हरा कर जीत हासिल की। सीनियर बालिका वर्ग अंडर 19 के दूसरे मैच में जुनावई ने बबराला 29-9 से विजयी रहा। बालक वर्ग में पात्रता की जांच करने में गणेश सिंह, नेमचंद, ममता शर्मा, नेहा श्रीवास्तव, विनीता रानी व आकाश शर्मा रहे।

बालिका वर्ग की पात्रता की जांच करने में शोभना सैनी, सीमा रुकैया, गीता त्यागी, करिश्मा अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल, शिवानी शर्मा रहीं। बालक वर्ग में रेफरी के रूप में शिवम कुमार, बालिका वर्ग में एके सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस अवसर पर योगेश बाबू, मनोज कुमार, पीटीई संजीव कुमार, चंद्रप्रकाश, चंद्रकांत यादव, राकेश दिनकर, मनवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

एसएम इंटर कॉलेज में कबड्डी प्रतियोगिता का आरंभ करते प्रधानाचार्य।

- एसएम इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित की गई प्रतियोगिता

ई-केवाईसी नहीं करा रहे कोटेदारों को फटकारा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने विभागीय समीक्षा बैठक में जनपद के सभी कोटेदारों से माह के अंत तक 100 प्रतिशत ईकेवाईसी कराने के निर्देश दिए थे। इसको लेकर शनिवार को जिलापूर्ति अधिकारी ने टीम के साथ शहर के कोटेदारों की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अधिकांश कोटेदारों ने ईकेवाईसी नहीं की। जिससे जिला पूर्ति अधिकारी ने कोटेदारों की जम कर फटकार लगाई। लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

जिलापूर्ति अधिकारी शिवी गर्ग एवं पूर्ति निरीक्षक चन्दौसी ललित कुमार ने नगर के ऐसे उचित दर विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया, जो शासन की प्राथमिकता में शामिल ई-केवाईसी के कार्यों को करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। इनके द्वारा जानबूझकर शासन के कार्यों में लापरवाही बरती जा रही थी। जबकि जिला पूर्ति अधिकारी के कार्यालय से इनको प्रति दिन निर्देश दिए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने 22 अगस्त को की गई विभागीय समीक्षा बैठक में भी सभी कोटेदारों से माह के अंत तक 100 प्रतिशत ई-केवाईसी कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए थे,लेकिन चन्दौसी नगर के राशन डीलर उक्त कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं।

इन कोटेदारों में मोनू मिश्रा, प्रेमपाल, बाबूराम, दीपचंद, हरीश को जिलापूर्ति अधिकारी ने समय से दुकान न खोलने और कार्ड धारकों की ईकेवाईसी करने में रुचि नहीं लेने पर फटकार लगाई। चेतावनी देते हुए इस माह के अंत तक 100 प्रतिशत ईकेवाईसी करने के निर्देश दिए। ऐसा नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

राशन की दुकान का निरीक्षण करतीं जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग।

- जिलापूर्ति अधिकारी ने नगर के राशन की दुकानों का किया निरीक्षण

डीएम व एसपी ने गणेश चतुर्थी मेला स्थल का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- मेले में आने वाले लोगों की सुविधाओं व सुरक्षा के बारे में जानकारी की
- गणेश मंदिर में पूजा अर्चना की व झांकी बनाने का कार्य भी देखा

अमृत विचार: जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने गणेश चतुर्थी मेला स्थल व गणेश मंदिर व मेला स्थल में प्रवेश व निकासी द्वारों का निरीक्षण किया और अपने मेले में आने वाले लोगों के लिए दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। दोनों अधिकारियों ने गणेश मंदिर में प्रथम पूज्य श्री गणेश की पूजा-अर्चना भी की।

शनिवार को जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत गणेश मंदिर पहुंचे। यहां गणेश मेला कमेटी के पदाधिकारियों से वार्ता की। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने गणेश मंदिर में विधि विधान से पूजा-अर्चना की। प्रसाद का भोग भी लगाया । इसके बाद गणेश मंदिर के सामने विनायक विहार में बन रही झांकियों को देखा। गणेश विहार स्थित गणेश जी की विशालकाय प्रतिमा की तारीफ की। इसके बाद डीएम व एसपी मेला ग्राउंड पहुंचे और मेले में लगने वाली दुकानों, झूलों व अन्य की जानकारी मेला परिषद के पदाधिकारियों से की। पूछा कि मेला देखने कितने लोग पहुंचते हैं। बताया गया कि मेला स्थल में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहता है।

इस अवसर पर एडीएम प्रदीप कुमार, एसडीएम नीतू रानी, सीओ प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह, मेला परिषद के सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, मनोज कुमार, विनय सर्राफ, ललित किशोर, रवींद्र कुमार, शशिकांत गुप्ता, प्रजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

आयोजन

एसपी ने किया शुभारंभ, राज्यमंत्री के प्रतिनिधि ने की मुख्य सिंहासन की आरती

धूमधाम से निकाली गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर की ओर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने फीता काटकर शोभायात्रा का आरंभ किया।

मुख्य सिंहासन की आरती राज्यमंत्री के प्रतिनिधि रामपाल सिंह ने की। शोभायात्रा में सबसे आगे गणेश जी स्वचलित झांकी सभी को मंत्रमुग्ध कर रही थी। इसके बाद शिव सती, राम लला, खाटू श्याम, बाहुबली हनुमान, शिव गंगा अवतरण की झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

शोभायात्रा में श्रीकृष्ण व राधा के स्वरूप बचे बच्चे डीजे की धुन पर नृत्य कर रहे थे। इसके पीछे बांके बिहारी का फूल डोल था। प्रेम मंदिर, कृष्ण संग गोमाता की झांकी शामिल रही। इसके पीछे बाबा महाकाल की पालकी थी। शोभायात्रा में डीजे की धुन पर महिलाएं डांडिया खेलती चल रही थीं। अंत में भगवान श्रीकृष्ण का सिंहासन था। शोभायात्रा में जगह-जगह भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई तथा खीर, हलवा का प्रसाद का वितरण किया गया। कागजी मोहल्ला स्थित श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर से आरंभ हुई शोभायात्रा फव्वारा चौक, रामस्वरूप रोड, मुरादाबाद गेट से होती हुई पुनः पंजाबी मंदिर पर पहुंच संपन्न हुई। इस अवसर पर ब्लाक बनियाखेड़ा प्रमुख सुगंधा सिंह, सतीश अरोरा, सुधीर मल्होत्रा, अशोक अरोरा, वेद प्रकाश अरोरा, अभिषेक सक्सेना, शिवराम अरोरा, जतिन अरोरा, सुमन अरोरा, मनीषा खुराना, आनंद, गगनप्रीत, राम खत्री, पारस बजाज, आशु खुराना आदि मौजूद रहे।

शोभायात्रा के दौरान एसपी समेत अन्य अतिथियों का पगड़ी पहना कर स्वागत करते कमेटी पदाधिकारी। ● अमृत विचार

जन्माष्टमी शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

चाचा पर लगाया प्लाट बेचने का आरोप

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव निबौरा निवासी गंगू सिंह ने शनिवार को बहजोई पहुंचकर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत को शिकायती पत्र सौंपा। कहा कि कई वर्ष पहले चाचा से प्लाट खरीदा था। आरोप लगाया कि चाचा ने इसके बाद भी प्लाट किसी और को बेच दिया। जिसका वाद न्यायालय में विचाराधीन है। प्लाट बेचने का विरोध किया तो चाचा ने दूसरे पक्ष के लोगों से मिट्टी ड़लवाकर प्लाट पर निर्माण कार्य शुरु करा दिया। सूचना मिलने के बाद भी पुलिस ने निर्माण कार्य नहीं रुकवाया। गंगू सिंह ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

मरकजी मदरसा में भरे जाएंगे हज जाने के लिए फार्म

संभल अमृत विचार : 2025 में हज पर जाने वाले आजमीनों के लिए फार्म भरने की तिथि 13 अगस्त से 9 सितंबर है। मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम, तेल मंडी में हज के फार्म भरने की व्यवस्था कर दी गई है। यह जानकारी जिला हज ट्रेनर अब्दुल खालिक ने दी। फार्म भरने के लिए पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ब्लड ग्रुप, फोटो पासपोर्ट साइज व्हाइट बैकग्राउंड, कवर हेड की कैंसिल चेक/ पासबुक, मोबाइल नंबर, नॉमिनी का नाम, पता और उसका मोबाइल नंबर चाहिए।

सम्बन्ध-विच्छेद

पुत्र फरमान पुत्रवधु श्रीमती इलमा के द्वारा मेरे प्रति गलत व्यवहार के कारण पुत्रवधु और पुत्र दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। इन दोनों के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरा कोई वास्ता नहीं होगा। शाहाना परवीन पत्नी मोहम्मद तामिल, निवासी मोहल्ला दौलतबाग़, मुरादाबाद।

सम्बन्ध-विच्छेद

मेरा पुत्र वाजिद हुसैन गलत संगत में पड़ गया है जिस कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद कर मैंने अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कुकृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। वाहिद हुसैन पुत्र जमील अहमद व मुसरीफ जहाँ पत्नी वाहिद हुसैन निवासीगण मौ. अंसारियान बिलारी तह. बिलारी जिला मुरादाबाद।

सूचना

उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 धारा 116 अली हैदर बनाम अली हसनैन आदि नोटिस परवेज आलम पुत्र मोहम्मद हसनैन आसिफ अब्बास पुत्र मोहम्मद हसनैन मोहल्ला बांग्ला नौगांवा सादात को न्यायालय उप जिलाधिकारी तहसील नौगावां सादात समक्ष 28 अगस्त 2024 को समय 10:00 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है।

एक नजर

बाजारों में बढ़ी रौनक कान्हा के वस्त्र पहली पसंद

अमरोहा, अमृत विचार : जिले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। बाजारों में रौनक बढ़ गई है। महिलाएं खरीदारी कर रही हैं। कान्हा के वस्त्र, मोर पंख, मटकी, आसन, पगड़ी, लटकन झूले लोगों को लुभा रहे हैं। 26 अगस्त सोमवार को जन्माष्टमी हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। मंदिरों में कान्हा के स्वागत के लिए सजावट की जा है। सफाई, आकर्षक लाइटें, फूल मालाओं व चमकीली लड़ियों से सजाने में लोग जुटे हैं। श्रीकृष्ण जन्म से संबंधित सुंदर झांकियां श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगी। दुकानदारों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न तैयारियां की हैं। दुकानदारों का कहना है कि विभिन्न डिजाइन में लड्डू गोपाल की मूर्तियां, वस्त्र मौजूद हैं। शहर के बड़ा बाजार, मोहल्ला कोट, बाजार बटवाल सहित कॉलोनियों व ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई दुकानों को लड्डू गोपाल व उनके श्रृंगार के सामान से सजाया गया है। श्रद्धालु पूजन सामग्री खरीदने के लिए भी बाजारों में उमड़ रहे हैं।

नगर में निकाली गई बांके बिहारी की प्रभातफेरी

हसनपुर, अमृत विचार : श्री राम सेवा समिति की ओर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर शनिवार को चौथे दिन बांके बिहारी लाल की प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी मोहल्ला कायस्थान स्थित रानू रस्तोगी के आवास से प्रारंभ होकर नगर में भ्रमण करती हुई मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित भाजपा नेत्री कविता सैनी के आवास पर पहुंची। जहां ठाकुर जी 24 घंटे विश्राम करेंगे। प्रभात फेरी में भक्ति बांके बिहारी के जयकारे लगाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष पंकज भटनागर, दिनेश अग्रवाल, राहुल गुप्ता, विजय पारछा, पुनीत अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, मोहित, बीना शर्मा, सुनीता शर्मा, पूनम शर्मा, आंचल चौहान आदि मौजूद रहे।

सिमथला गांव में हुई बैठक

अमरोहा, अमृत विचार : श्री बाला जी धाम मंदिर एवं बालाजी आश्रम ट्रस्ट की बैठक गांव सिमथला में हुई। बैठक संस्थापक महंत बाबा सेवकदास की अध्यक्षता में हुई। धाम के निर्माण को लेकर चर्चा की गई। ट्रस्ट के सदस्य रामनिवास त्यागी और धीरज को पद मुक्त किया गया। इस मौके पर पूनम, दीपक, रमेश आदि मौजूद रहे।

हसनपुर के रामसरन एवं सुशीला आनंद हाईस्कूल में झांकी प्रस्तुत करते बच्चे।

एचएसएस पब्लिक स्कूल में नृत्य करतीं बच्चियां। ● अमृत विचार

रंग बिरंगी ड्रेस में सजे हिल्टन पब्लिक स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

जन्माष्टमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और गोवर्धन पर्वत को उठाने के प्रसंगों को दर्शाया, नाटक, लघु नाटिकाओं से मन मोहा, मटकी फोड़ी

संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

अमृत विचार : कैलसा स्थित घनश्याम दास टंडन सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर छात्रों ने नृत्य की प्रस्तुत से शिक्षकों और अभिभावकों का मन मोह लिया।

छात्रों ने भगवान कृष्ण के जन्म और गोवर्धन पर्वत को उठाने सहित उनके जीवन के प्रसंगों को दर्शाया। नाटक और लघु नाटिकाएं प्रस्तुत कीं। इस दौरान प्रधानाचार्य राजेंद्र वर्मा, नितिन, पूजा, अंजलि, प्रीति, लवी, बीना, श्वेता, मुनेश आदि रहे। उधर, राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बच्चों ने नृत्य एवं संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या डॉ. शिक्षा सरदाना ने श्रीकृष्ण की सोलह कलाओं से युक्त होने का ज्ञान बताया। इस दौरान विद्यालय के संरक्षक अजय टंडन, प्रबंधिका अंजली टंडन, अदिति टंडन, रिंकू सक्सेना आदि रहे। संस्कार भारती की ओर से हिल्टन कान्वेंट स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित श्रीकृष्ण स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता में हर्ष प्रथम, नव्या अग्रवाल द्वितीय और अभिमन्यु तृतीय रहे। श्रीकृष्ण बालकथा वाचन प्रतियोगिता में हृदयांशी ने पहला, अन्नया ने दूसरा और इच्छा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिसर को श्रीकृष्ण के बाल रूप के चित्रों एवं मोर पंखों से सजाया गया। जगह-जगह दही हांडी लगाई गई। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि शिक्षक श्योनाथ सिंह, स्कूल की निदेशका भावना सैनी, संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष डॉ. दीपक अग्रवाल, जिला महासचिव विमल किशोर, उपाध्यक्ष राजनिकेतन शर्मा, प्रधानाचार्य अवनीश शर्मा ने किया। बाल वाटिका के छात्र एवं छात्राएं कृष्ण और राधा की वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र बने।

क्राउन मेकिंग में देव प्रथम, अलीजा द्वितीय और नकुल तृतीय रहे। मटकी डेकोरेशन में अनन्या प्रथम, वाणी द्वितीय, हर्षित तीसरे स्थान पर रहे। बांसुरी मेकिंग प्रतियोगिता में वैष्णवी प्रथम, ओम सिंह द्वितीय, मनप्रीत तृतीय रहे। झूला मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, श्रीकृष्ण पद मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं भी कराई गईं। मुख्य आकर्षण का केंद्र उत्कर्ष अग्रवाल एवं छात्र-छात्राओं द्वारा गाए गए श्रीकृष्ण के भजन और दही हांडी प्रतियोगिता रही। इस दौरान प्रधानाचार्य मंजू माहेश्वरी, कमल राघव, रंजना चौहान, सनी दुआ, वाकेश चौहान, पिंकी आदि मौजूद रहे। उधर, हैप्पी हार्ट्स इंटरनेशनल प्री स्कूल कैलसा में भी कन्हैया जी की आरती की गई। बच्चों ने राधा, कृष्ण, ग्वाला एवं गोपियों की सुंदर एवं मनोहारी वेशभूषा धारण की। शिक्षिकाओं ने श्री कृष्ण के जन्म व उनकी बाल लीला पर आधारित नाटकीय मंचन किया।

गजरौला शहर में नवादा रोड पर स्थित कार्मेल पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर गीत प्रस्तुत कर छात्रा-छात्राओं ने सबका मन मोह लिया। भगवान श्रीकृष्ण व राधा की झांकी सजाई। प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान व प्रधानाचार्य सुधंशु शर्मा ने जन्माष्टमी की महत्ता बताई। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक आरपी सिंह, सौरभ कुमार, जितेन्द्र सिंह, उर्मिला पाल, अनीता भटनागर, संजय चौहान, चन्द्रपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, कमलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

गोया वर्ल्ड स्कूल में प्रसन्न मुद्रा में बच्चों के साथ शिक्षिका।

गजरौला के कार्मेल पब्लिक स्कूल में बच्चों के साथ शिक्षिका।

श्रीकृष्ण के गीतों पर जमकर झूमे बच्चे

सैदनगली, अमृत विचार : गोया वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को जन्माष्टमी पर प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने बच्चों के साथ भगवान श्री कृष्ण के जीवन के विभिन्न पहलुओं की चर्चा की। प्रबंधक आकाश गर्ग ने बताया कि श्रीकृष्ण पूर्ण अवतार थे। मटकी फोड़ कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बाद में कृष्ण भक्ति के गीतों पर बच्चे जमकर झूमे। उधर, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भी श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। यशी ने श्री कृष्ण के जन्म, पालन पोषण, बाल लीलाओं का वर्णन किया। अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय ने श्री कृष्ण के जन्म से पूर्व व बाद की परिस्थितियों का वर्णन किया। इस दौरान विद्यालय में शिशु वाटिका और शिशु मंदिर के छात्रों की श्री कृष्ण राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता कराई गई। प्रभा शंकर तिवारी, क्षेत्रीय संगीत प्रमुख सुरेंद्रनाथ मिश्र ने प्रतिभागी बच्चों का तिलक-पूजन भी किया।

भारती इंटर कॉलेज में मनाई जन्माष्टमी

रहरा, अमृत विचार : शिक्षा भारती इंटर कॉलेज में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर प्रधानाचार्य सतेंद्र त्यागी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण युगों से हमारी आस्था के केंद्र रहे हैं। बच्चो ने झाकियां प्रस्तुत कीं। राधा कृष्ण बनकर बच्चों ने नृत्य किया व दही हांडी का कार्यक्रम हुआ। इसमें बच्चों ने मटकी फोड़ी। इस मौके पर निदेशक सक्षम त्यागी, नंदन त्यागी, नेहा, शिवानी त्यागी, कनिका कश्यप, आरती, शैफाली आदि रहीं। उधर, बुरावली के राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। छात्र-छात्राओं ने मटकी फोड़ लीला का मंचन किया। भक्ति गीत प्रस्तुत कर नृत्य कर सबका मन मोह लिया। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह आर्य ने श्री कृष्ण की विभिन्न विधाओं का वर्णन किया। यहां प्रबंधक सरोज गुर्जर, महेंद्र सिंह, छवि गुर्जर रहे।

स्कूलों में छात्र-छात्राओं ने भजनों पर किया नृत्य

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला न्यू तुलसी कॉलोनी स्थित चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर प्रबंधिका इंद्रेश देवी व प्रधानाचार्य नरेंद्र पाठक ने लड्डू गोपाल की आरती करी। बच्चों ने भजनों पर नृत्य किया। दही हंडी फोड़ने का कार्यक्रम किया गया। राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाईस्कूल में भी भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन मनाया गया। नगर के एचएसएस पब्लिक स्कूल की बाल वाटिका में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इस आरंभ प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य वरुण मोहन ने किया। सीनियर छात्र-छात्राओं ने दही हांडी फोड़ी। नगर के मोहल्ला होली चौक स्थित जीडी एकेडमी में भी बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। निर्देशक ब्रज त्यागी व स्टाफ मौजूद रहा। उधर, प्राथमिक विद्यालय दरियापुर तुगन में जन्माष्टमी पर छात्र छात्राएं गदगद नजर आए। भगवान श्री कृष्ण के जीवन से संबंधित गीतों पर बाल कलाकारों ने नृत्य किया। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक काविंदर सिंह, छत्रपाल सिंह, अमित कुमार शर्मा, जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

हसनपुर में टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में झूला झूलतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

सैदनगली के सरस्वती शिशु मंदिर कॉलेज में मौजूद बच्चे, साथ में शिक्षक।

कार्यक्रम में विजेता विद्यार्थियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

फाउडेंशन जूनियर हाईस्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं।

राधा, गोपी बनकर नृत्य किया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : पक्का बाग स्थित फाउडेंशन प्रीपेरेटरी जूनियर हाईस्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राधा, गोपी बनकर नृत्य किया। नर्सरी के आयांश कुमार ने कृष्ण की भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य कविता ने श्री कृष्ण के प्रसंग सुनाए और बच्चों से कहा कि जीवन में इनके आदर्शों को अपनाए। उधर, हिल्टन पब्लिक स्कूल आवास विकास कालोनी प्रथम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बच्चों ने बांसुरी, राधाकृष्ण की आकृतिक बनाई। कक्षा 6 से आठ के बच्चों ने 15 फीट ऊंची दही हांडी फोड़ी। डायरेक्टर भावना सैनी, एडवाइजर तहीर फात्मा ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य मोहित शर्मा, फबिया, जहान्वी, अंकित, वैशाली, बबीता, प्रमोद कुमार, कपिल, राजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

राधा-कृष्ण की लीलाओं का किया मंचन

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर विभिन्न स्कूलों में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। राधा व कृष्ण की झांकियां प्रस्तुत कीं।

नगर के हीरा इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं ने भगवान श्री कृष्ण की विविध लीलाओं पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसमें श्री कृष्ण जन्म, माखन चोरी, रासलीला, कृष्ण सुदामा मिलन, रुकमणी और सत्य के मध्य नारदजी द्वारा प्रतिस्पर्धा आदि दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। जूनियर सेक्शन के छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य प्रस्तुत किया। निदेशक कपिल अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम की सराहना की। एमएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी छात्र-छात्राओं ने कृष्ण और राधा के रूप में सुंदरता का प्रदर्शन किया।

हीरा इंटरनेशनल स्कूल में माखन की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

जन्माष्टमी पर ब्लू बड़र्स इंटरनेशनल स्कूल में राधा-कृष्ण की लीला का मंचन करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

जन्माष्टमी

- **राधा-कृष्ण की झांकियां प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा**
- **श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन के मंचन की हुई प्रशंसा**

भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। मटकी फोड़ प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। स्कूल प्रबंधक विरेश पाल सिंह ने कहा कि इन सब कार्यक्रमों से बच्चों में ईश्वर के प्रति आस्था की उत्पत्ति होती है।

ब्लू बर्डस इंटरनेशनल स्कूल में पर बच्चों ने मटकी फोड़ लीला का मंचन किया। श्रीकृष्ण सुदामा मिलन, माता यशोदा द्वारा भगवान कृष्ण का ओखल बंधन एवं कंस द्वारा कारागार में देवकी से कृष्ण को लेकर मारने का उपक्रम एवं तदोपरांत श्री कृष्ण द्वारा गीता के उपदेश एवं रामलीला का मनमोहक प्रस्तुति की गई। प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने कहा कि संस्कृति राष्ट्र की पहचान होती है। स्कूल की प्रधानाचार्य अंजलि दूबे ने कहा कि इतिहास अपने अंदर बहुत से घटनाओं और दुर्घटनाओं को समेटे होता है। इस दौरान निर्देशिका राखी अग्रवाल सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

सार संक्षेप

थाना समाधान दिवस में तीन शिकायतें आईं

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में चकबंदी अधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं। राजस्व विभाग की तीन शिकायतें दर्ज हुईं, लेकिन राजस्व कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया। इस दौरान चकबंदी अधिकारी ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप आने वाली शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक समय से निस्तारण करें। इस मौके पर पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

गंगा में बैराज से 1.32 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा

गजरौला, अमृत विचार : गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा। बिजनौर बैराज से 1.32 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। शनिवार को जलस्तर 200 .20 सेंटी मीटर गेज मापा गया, जबकि यहां खतरे का निशान 202 मीटर गेज पर है। गंगा का जलस्तर बढ़ने से मंदिर वाली, शीशोवाली, दारानगर, अलीनगर, चकनवाला ऐतवाली, सुल्तानपुर, ओसिता जगदेपुर, कांकाठेर, तिगरी के ग्रामीण परेशान हैं। खेतों में गंगा का पानी भर गया है और गांवों के किनारों तक पहुंच गया है।

भैंसा बुग्गी से गिरकर दो महिलाएं घायल

बुरावली, अमृत विचार : बुग्गी से नीचे गिरकर दो महिलाएं घायल हो गईं, जबकि एक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने मेरठ के लिए रेफर कर दिया है। निरयावली खादर निवासी रजनी पत्नी नरेश व इमरती पत्नी देवी शरण शुक्रवार देर शाम खेतों से भैंसा बुग्गी में पशुओं के लिए चारा ला रही थीं। रास्ते में सांड़ को देख भैंसा बिदक गया। इससे दोनों महिलाएं बुग्गी से नीचे गिर गईं। रजनी बुग्गी के पहिये के नीचे आ गई। इससे दोनों महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि रजनी की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने मेरठ को रेफर कर दिया। रजनी की हालत गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार को ही गांव के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर सांड़ों को गोशाला भिजवाने की मांग की थी।

नौगांवा सादात में सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर का स्वागत करते भाजपाई।

सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर का हुआ स्वागत

अमरोहा, अमृत विचार : नौगांवा सादात में भाजपा के राष्ट्रीय महासंपर्क विभाग के जिला संयोजक एवं पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी के नेतृत्व में कैंप कार्यालय स्थित मोहल्ला अलीनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर का स्वागत किया। सांसद ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। कहा कि सभी कार्यकर्ता एक सितंबर से शुरू हो रही भाजपा की ऑनलाइन सदस्यता ज्यादा से ज्यादा लोगों को मोबाइल से 8800 00 2024 पर मिस कॉल करवा कर सदस्य बनवाए। इस अवसर पर जिला महामंत्री चंद्रभान सिंह भाटी, पूर्व मंडल अध्यक्ष थमन सिंह चौहान, महेंद्र यादव, मयंक कुमार, सचिन चौहान, आनंद प्रजापति, सुमित गुर्जर, राजा राम सैनी, मोनू सैनी, राजेंद्र सैनी, पवन चौहान, दिनेश प्रजापति महेंद्र पाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुलिस भर्ती परीक्षा — कड़ी सुरक्षा में शांतिपूर्ण तरीके से हुई पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा

गणित और रीजनिंग के सवालों में उलझे अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले में शनिवार को भी यूपी पुलिस सिपाही की भर्ती परीक्षा नौ केंद्रों पर हुई। दोनों पालियों में 8544 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। पहली पाली में 2000 अभ्यर्थी शामिल हुए। 2272 अभ्यर्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे। दूसरी पाली में 2161 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी। दोनों पालियों में 4433 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड दी।

शनिवार को आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन अभ्यर्थी सुबह से ही अपने-अपने केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए। दूरदराज से परीक्षार्थी परीक्षा देने आए थे। केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतार लग गई। अभ्यर्थियों की चेकिंग व बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद उन्हें केंद्र में जाने दिया। परीक्षा की पहली पाली सुबह 10 शुरू हुई जो 12 बजे तक चली। परीक्षा देकर लौटे परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशी थी। परीक्षार्थियों ने बताया पेपर सरल था। सामान्य ज्ञान के अलावा अलग अलग कई बिंदुओं पर प्रश्न पूछे गए थे। दूसरी पाली दोपहर तीन से पांच तक हुई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो पालियों में परीक्षा हुई। अभ्यर्थियों का कहना था कि गणित और रीजनिंग के सवालों ने उलझा दिया, जबकि हिंदी और सामान्य ज्ञान अच्छा हुआ है। सफलता मिलने की पूरी उम्मीद है। परीक्षार्थियों ने साथियों के साथ सवालों के जवाबों का मिलान किया। परीक्षा के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

चेकिंग के बाद परीक्षा केंद्र में मिला प्रवेश

अमरोहा, अमृत विचार : दूसरे भी दिन अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग के बाद ही उन्हें अंदर प्रवेश मिला। सबसे पहले अभ्यर्थियों का प्रवेशपत्र चेक किया गया। इसके बाद अंगूठा और बाद में आखों की स्केनिंग की गई। एलआईयू की टीम ने भी अभ्यर्थियों की चेकिंग की। एडीएम मायाशंकर यादव, एएसपी राजीव कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने सीसीटीवी से मानीटरिंग की स्थिति को देखा। डीएम राजेश कुमार त्यागी ने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए।

चिकित्सक को ब्लैकमेल करने में महिला व उसके साथियों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- **तीन महीने पहले महिला ने चिकित्सक के खिलाफ दर्ज कराया था दुष्कर्म का मामला**

अमृत विचार : महिला व उसके साथियों ने चिकित्सक पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर उसे ब्लैकमेल किया। पुलिस जांच में दुष्कर्म का मामला फर्जी निकला। इसके बाद फिर महिला ने अस्पताल पहुंचकर हंगामा किया और मुकदमे में फसाने की धमकी दी। चिकित्सक की तहरीर पर पुलिस ने महिला व उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जोया अमरोहा रोड स्थित डॉ. बिलाल अहमद के अस्पताल का है। तीन महीने पहले एक महिला ने चिकित्सक के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। गजरौला निवासी एक अन्य डॉक्टर पर भी उसने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। डॉक्टर बिलाल का आरोप है कि वह महिला अपने साथी चिकित्सक डॉक्टर कासिम निवासी गांव सिनोरा व कुछ अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उन्हें ब्लैकमेल कर रही थी। आए दिन रुपयों की मांग की जा रही थी। जब दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने जांच की तो मामला गलत पाया गया। आरोप है कि 17 अगस्त को महिला फिर अस्पताल में पहुंची और डॉक्टर बिलाल के केबिन में हंगामा किया। इस दौरान वह डॉक्टर कासिम व अन्य साथियों से फोन पर बात कर रही थी। रुपये नहीं देने पर उसने फिर मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर महिला व उसके साथी डॉक्टर डॉ. कासिम सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ ब्लैकमेलिंग के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

एक नजर

निरयावली खादर में दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

रहरा, अमृत विचार : खेत पर फसल की रखवाली कर रहे किसानों को तेंदुआ दिखाई दिया। इससे लोगों में दहशत है। शुक्रवार देर रात गांव निरयावली खादर निवासी मनोज कुमार अपने खेत पर फसल की रखवाली कर रहे थे। इस दौरान उन्हें गन्ने के खेत से निकलता हुआ एक जानवर दिखाई दिया। पहले उन्होंने सोचा कि कोई कुत्ता या गीदड़ होगा, लेकिन जैसे ही उन्होंने उस पर टॉर्च लगाई तो वह घबरा गए। तेंदुआ देखकर किसान मनोज ने शोर मचा दिया। इसके बाद ग्रामीण लाठी डंडे लेकर वहां पहुंच गए। कुछ ग्रामीणों ने अपने मोबाइन से तेंदुए का वीडियो भी बनाया है। उन्होंने वन विभाग की टीम को इसकी जानकारी दी है।

सदस्यता अभियान के लिए भाजपा की बैठक आज

बुरावली, अमृत विचार : रुखालू मंडल क्षेत्र में भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशाला की बैठक रविवार को राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज में होगी। इसमें मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी रहेंगे। मंडल के सभी कार्यकारिणी व पदाधिकारी समय से बैठक में पहुंचे। यह जानकारी सेक्टर संयोजक सरोज गुर्जर ने दी है।

डाकखाने में वसूली का आरोप, हंगामा

महिलाओं ने संभल-गजरौला बाईपास पर लगाया जाम, पुलिस से नोकझोंक

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार: नगर के मोहल्ला ग्रीन सिटी में स्थित डाकघर में आधार कार्ड संशोधित कराने नाम पर की जा रही अवैध वसूली के विरोध में महिलाओं ने हंगामा कर सड़क पर जाम लगा दिया। इस दौरान महिलाओं की पुलिस से नोकझोंक हो गई। गुस्साए लोगों को शांत कराने में पुलिस का पसीना छूट गया। इस बीच कर्मचारी डाकखाना बंद करके भाग गए।

नगर के ग्रीन सिटी में स्थित डाकखाने में आधार कार्ड संशोधित का कार्य चल रहा है। शनिवार सुबह से ही डाकखाने में आधार कार्ड में संशोधित कराने के लिए भीड़ जुटनी शुरू हो गई। हजारों की संख्या में लोग डाकखाने के बाहर जुट गए। इस बीच महिलाओं ने वहां हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और गुस्साए लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन उन्हेंने उनकी एक नहीं सुनी। महिलाएं पुलिस से नोकझोंक करने लगीं। महिलाओं का आरोप है कि डाकखाने में आधार कार्ड में संशोधन करने वाले कर्मचारी 200 से लेकर 500 रुपये तक अवैध वसूली कर रहे हैं। इसके बावजूद भी समय पर भी उनका आधार कार्ड संशोधन नहीं किया जा रहा है। हंगामे के बीच कर्मचारी डाकखाना कार्यालय में ताले डालकर मौके से फरार हो गए। जब लोगों को उनकी बातों को जवाब देने वाला नहीं मिला तो वह उत्तेजित हो गई।

डाकखाने के बाहर हंगामा कर रहे लोगों को समझाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

गुस्साई महिलाओं ने संभल-गजरौला बाईपास मार्ग पर जाम कर दिया। इससे रोड की दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। महिलाओं ने सड़क पर आधे घंटे तक जाम लगाया। सूचना मिलने पर कोतवाल रविंद्र प्रताप पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारी महिलाओं को समझा कर जाम खुलवा दिया। कोतवाल ने पोस्ट मास्टर को फोन कॉल करके मौके पर बुला लिया और डाकखाने को खुलवा दिया। घंटों तक हंगामा होने के कारण अफरा तफरी मची रही।

दोस्त पर युवक की हत्या करने का आरोप, हंगामा

गजरौला, अमृत विचार: दोस्त के घर पहुंचकर मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को शांत कराया। शहर के मोहल्ला शांति नगर निवासी अभिषेक उपाध्याय (25) अपने दोस्त के साथ गुरुवार को बाइक से हापुड़ के गढ़ क्षेत्र में गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। इस बीच रात में गढ़ रेलवे फाटक के पास सड़क किनारे अभिषेक का शव मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोस्त पर ही अभिषेक की हत्या करने का आरोप लगाया। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार देर शाम अभिषेक का शव घर पहुंचा तो परिजनों का गुस्सा फूट गया। परिजन उसके दोस्त के घर में घुस गए। घर में मौजूद लोगों के साथ हाथापाई कर तोड़फोड़ कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को शांत कराया। चौपला पुलिस चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने बताया कि मामला गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र का है। वहां की पुलिस ही मामले में जांच कर रही है।

नगर पालिका की अध्यक्ष शशि जैन का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

बिजनौर रोड चौड़ीकरण की अभी योजना नहीं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार: व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान एवं व्यापारी संघर्ष समिति अमरोहा का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन से मिला। पदाधिकारियों ने अमरोहा बिजनौर रोड चौड़ीकरण को लेकर उनसे बात की।

इस पर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि वह खुद और सांसद कंवर सिंह तंवर ने शनिवार सुबह ही सड़क चौड़ीकरण के मुद्दे को लेकर एक बैठक जिलाधिकारी के साथ की है। इसमें डीएम ने उनसे कहा कि प्रशासनिक तौर पर अभी अमरोहा बिजनौर रोड चौड़ीकरण का कोई प्लान नहीं है और न ही भविष्य में ऐसा कोई प्लान है।

ट्रेन से गिरकर मुरादाबाद के युवक की जान गई

गजरौला, अमृत विचार: रेल लाइन पर युवक का पड़ा मिला। माना जा रहा है कि उसकी मौत चलती ट्रेन से गिरकर हुई है।

शनिवार सुबह जुबिलेंट कंपनी के पीछे गेट संख्या-5 के पास रेल ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। तो वह शव अक्षय शर्मा (26) निवासी एमडीए अवंतिका कॉलोनी मुरादाबाद थाना सिविल लाइंस का निकला। औद्योगिक पुलिस चौकी इंचार्ज विपिन कुमार ने बताया कि युवक मुरादाबाद से ट्रेन में बैठकर दिल्ली जा रहा था, जैसे ही वह जुबिलेंट कंपनी के गेट नंबर 5 के सामने से ट्रेन गुजरी तो युवक का पैर फिसल गया और ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई।

मीरपुर में कीचड़, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार: गंगेश्वरी विकासखंड की ग्राम पंचायत हैदलपुर के गांव मीरपुर डबका में मुख्य मार्ग पर कीचड़ व जलभराव से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार उन्होंने अधिकारियों से शिकायत की। लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

गांव निवासी जगदीश सिंह ने बताया कि लोग रास्ते पर कीचड़ से निकलने के लिए मजबूर हैं। जब बाइक लेकर निकलते हैं, तो गिर जाते हैं। आए दिन ग्रामीण चोटिल हो रहे हैं। कई बार जनप्रतिनिधियों से रास्ते को लेकर शिकायत की गई। चुनाव के समय जनप्रतिनिधि आते हैं। लेकिन उसके बाद कोई दिखाई नहीं देता। उधर, गांव निवासी रोहित कुमार का कहना है कि महीने भर पहले से गांव में कोई सफाई कर्मी भी नहीं आया है। बदहाल रास्तों से निकलना दुश्वार हो रहा है। जलभराव होने से संक्रामक रोग फैलने की आशंका है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर गांव के रास्तों को सही करने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में अरविंद कुमार, रोहित कुमार, गोपाल सिंह, राजेश सिंह, बुद्धसैन सिंह, राजपाल सिंह, राम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

मीरपुर डबका में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद

पत्रांक: 1320/स्वी.अनु./बा.ख./परि.-ई-निविदा/2024-25 दिनांक : 24 अगस्त 2024

बाजरा खरीद ई-टेण्डर विज्ञप्ति (परिवहन कार्य हेतु)

शासनादेश सं.-563/29-4-2024/304/2021 दिनांक 02.08.2024 के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत बाजरा की खरीद हेतु ऑनलाइन ई-टेण्डर के माध्यम से परिवहन /हैण्डलिंग ठेकेदारों की नियुक्ति कराने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके अनुपालन में जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सम्भल के कार्यालय पत्र दिनांक 09.08.2024 व जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अमरोहा द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक- 444/ कय.अनु./बा.ख../2024-25 दिनांक-07 अगस्त, 2024 व जिला खाद्य विपणन अधिकारी, मुरादाबाद के कार्यालय पत्रांक 307/क्रय अनु./धा.ख./2024 दिनांक 23 अगस्त, 2024 व जिलाधिकारी, रामपुर के कार्यालय पत्रांक 919/जि.ख.वि.अ. -कय केन्द्र/बाजरा खरीद दिनांक 16.08.2024 के द्वारा बाजरा कय केन्द्र स्वीकृत किये गये हैं। शासन के पत्र संख्या - 569/29-4-2024/304/2021 दिनांक 02.08.2024 में बाजरा क्रय व्यवस्था संबंधी समय सारिणी में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में मुरादाबाद सम्भाग में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत खाद्य विभाग की विपणन शाखा के बाजरा केन्द्रों पर परिवहन कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन - ई निविदाऐं आमन्त्रित की जाती हैं। परिवहन कार्य हेतु ई-निविदाऐं निम्न सूची अनुसार पृथक-पृथक केन्द्रवार प्राप्त की जायेंगी । केन्द्रवार बाजरा क्रय केन्द्रों की सूची निम्नवत् है:-

क्रम संख्या	जनपद का नाम	केन्द्र का नाम (खाद्य विभाग)
01	सम्भल	1. मण्डी स्थल चन्दौसी प्रथम, 2. मण्डी स्थल चन्दौसी द्वितीय, 3. मण्डी स्थल बहजोई प्रथम, 4. मण्डी स्थल बहजोई द्वितीय, 5. मण्डी स्थल सम्भल प्रथम, 6. मण्डी स्थल सम्भल द्वितीय, 7. मण्डी स्थल बबराला प्रथम 8. मण्डी स्थल बबराला द्वितीय, 9. पवासा, 10 असमौली 11. रजपुरा ।
02	अमरोहा	1. खत्ती गोदाम अमरोहा 2. नौगावां सादात एट अमरोहा मण्डी 3. धनौरा मण्डी 4. हसनपुर मण्डी 5. गजरौला मण्डी ।
03	मुरादाबाद	1. मुरादाबाद मण्डी प्रथम 2. मुरादाबाद मण्डी द्वितीय 3. दलपतपुर पंचायत भवन 4. गन्ना समिति बिलारी 5. मिलक गुरेर पंचायत भवन 6. एस.एफ.सी. गोदाम कुन्दरकी।
04	रामपुर	1. शाहबाद मण्डी प्रथम, 2. शाहबाद मण्डी द्वितीय 3. पटवाई, 4. सैफनी एट खरसौल 5. ढकिया, 6, रामपुर मण्डी 7. मिलक मण्डी

1. प्रति केन्द्र निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये - 500+90=590/- (मात्र पांच सौ नब्बे रूपये, जी.एस.टी. सहित) ।
2. प्रति केन्द्र धरोहर धनराशि रुपये -15,000/- (मात्र पन्द्रह हजार रूपये)
3. सम्भागीय वरिष्ठ लेखाधिकारी (खाद्य), मुरादाबाद, सम्भाग मुरादाबाद के खाता सं.-34446938072 एवं आई.एफ.एस.सी. कोड- SBIN0000682 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी./ऑनलाइन के माध्यम से जमा किया जायेगा । प्रत्येक निविदा के साथ पृथक-पृथक निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि की "स्केन्ड कॉपी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्रों के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी ।
4. निविदा अपलोड किये जाने की दिनांक - 25.08.2024 के प्रात: 09:00 बजे से दिनांक-09.09.2024 की सांय 06:00 बजे तक तथा टेक्निकल बिड खोले जाने की दिनांक-10.09.2024 पूर्वाहन 10:00 बजे ।
5. टेक्निकल बिड परीक्षणोपरान्त स्वीकार्य/अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की फाइनेंशियल बिड निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी ।
6. इच्छुक निविदादाता ऑनलाइन बेबसाइट https://etender-up-nic-in एवं विभागीय बेबसाइट www.fcs.up.gov.in का अवलोकन करते रहें, चूंकि निविदा का विवरण एवं प्रपत्र, टेन्डर फार्म में नियम एंव शर्ते/निविदा की शर्ते, निर्धारित प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं निविदा सम्बन्धी अन्य सम्बन्धित जानकारी तथा निविदा की किसी भी शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की जानकारी उक्त ऑनलाइन बेबसाइट पर उपलब्ध होगें व निविदा सूचना के अनुसार निविदा सम्बन्धी जानकारी ऑनलाइन/ऑफलाइन अधोहस्तक्षरी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक, मुरादाबाद, सम्भाग मुरादाबाद के पास सुरक्षित रहेगा।

सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक
मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद

बीयर बार के बाहर युवक की मौत, हत्या करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● इमली वाली मढैया में हुई घटना
परिजनों ने किया हंगामा

अमृत विचार : बाइक सवार युवकों को बीयर पहुंचाने गया युवक घायल हो गया था। शनिवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने युवक के शव को बीयर बार के बाहर रखकर हंगामा किया और हत्या करने का आरोप लगाया। पहुंची पुलिस ने परिजनों को आश्वासन देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

यह मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के इमली वाली मढैया का है। मंगलसेन का बेटा सोनू तीन बहनों का इकलौते भाई था। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। सोनू एक निजी स्कूल की गाड़ी चलाता था। परिजनों के मुताबिक, शुक्रवार रात 10:30 बजे सोनू बीयर बार के बाहर खड़ा था। तभी उसके पास बाइक से दो युवक पहुंचे। इस दौरान सोनू बियर की बोतल पहचाने बाइक सवार युवकों के पास गया। इस बीच एक कार भी उनके पास से गुजरी। तभी सोनू संदिग्ध हालत में जमीन पर गिर गया। कार सवार मौके से चले गए। जबकि, बाइक सवार युवक सोनू को संभालने लगे। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने सोनू को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शनिवार दोपहर सोनू की मौत हो गई। इसके बाद परिजन उसका शव लेकर बीयर बार के बाहर पहुंचे और हंगामा किया। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई, जबकि ग्रामीणों ने बीयर बार को आबादी से हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट कराने की मांग की।

सूचना के बाद अमरोहा नगर, देहात थाना और रजबपुर पुलिस को मौके पर बुला दिया गया। पुलिस ने चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

29 अगस्त से होगी उर्स ए-रजवी की शुरुआत

बरेली, अमृत विचार : उर्स- ए- रजवी की तैयारियां दरगाह आला हजरत, मथुरापुर मदरसे और इस्लामिया मैदान में चल रही हैं। शहर में जायरीन की आमद शुरू हो चुकी है। दरगाह की गलियों में भी रौनक देखने को मिल रही है, लेकिन इस बार पाकिस्तान, यमन और बांग्लादेश के जायरीन उर्स में शामिल नहीं हो सकेंगे। उन्हें वीजा नहीं मिल रहा है। इससे जायरीन मायूस हैं।

उर्स- ए- रजवी 29 से 31 अगस्त मनाया जाएगा। जायरीन के लिए शहर के होटलों में कमरे बुक हो चुके हैं। वहीं, पाकिस्तान, यमन बांग्लादेश के अकीदतमंदों को वीजा नहीं मिल पा रहा है। इस वजह से इन देशों के जायरीन उर्स में शामिल नहीं हो सकेंगे। वे अपने देश में उर्स- ए- रजवी मनाएंगे। वहां के जायरीन ने दरगाह पर बात कर दुआ की गुजारिश की है।

भाइयों ने की थी भतीजे की हत्या, आरोपी पकड़े

बदायूं, अमृत विचार : गांव सिरसा दबरई में बालक की हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जमीन को लेकर दो भाइयों ने ही चचेरे भाई के बेटे की हत्या की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त नल का हत्था बरामद किया।

गांव सिरसा दबरई निवासी सोरन सिंह का का 12 साल का बेटा नीतेश 23 जुलाई दोपहर लगभग तीन बजे खेत पर जाने की बात कहकर घर से गया लेकिन वापस नहीं लौटा। पुलिस ने 25 जुलाई को बालक की गुमशुदगी दर्ज करके तलाश शुरू की थी। शेखूपुर पुलिस चौकी के इंचार्ज उपनिरीक्षक रामपाल सिंह ने विवेचना की। 26 जुलाई को अपहृत नीतेश का शव गांव के पास झाड़ियों में मिला था। बालक का सिर नहीं था। उसका हाथ और बाएं पैर की उंगलियां कटी हुई थीं।

सार संक्षेप

खंड शिक्षाधिकारी ने सहायक अध्यापक को थमाया नोटिस

रहरा, अमृत विचार : सहायक अध्यापक के भाई को परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक को हड़काना महंगा पड़ गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के सहायक अध्यापक को नोटिस जारी किया है। दैनिक अमृत विचार समाचार पत्र के गुरुवार के अंक में "प्रधानाध्यापक से कहा, स्कूल आ रहा हूं, तुम्हारी रेल बना दूंगा" शीर्षक से एक खबर प्रकाशित हुई थी। इसका खंड शिक्षा अधिकारी ने संज्ञान लिया है। मामला गंगेश्वरी विकासखंड के संविलियन विद्यालय ओगपुरा का है। जहां तैनात सहायक अध्यापक जितेंद्र सिंह स्कूल देरी से आते थे। इस पर प्रधानाध्यापक ने इसकी सूचना व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अधिकारी को दी थी। इसके बाद सहायक अध्यापक ने प्रधानाध्यापक के साथ गाली गलौज की। देर शाम सहायक अध्यापक के भाई ने प्रधानाध्यापक को फोन पर धमकी दी और कहा था कि स्कूल आ रहा हूं, तुम्हारी रेल बना दूंगा। प्रधानाध्यापक ने आदमपुर थाने में तहरीर भी दी थी। खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि ऑडियो उनके द्वारा सुनी गई है। उन्होंने विद्यालय के सहायक अध्यापक जितेंद्र सिंह को नोटिस जारी किया है।

दो सितंबर को होगा महामंडल समिति का चुनाव

हसनपुर, अमृत विचार : नगर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के परिसर में दो सितंबर को सुबह 11 बजे श्री शिव महामंडल रामनाथ समिति की कार्यकारिणी का चुनाव होगा। यह जानकारी श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के प्रबंधक राकेश अग्रवाल ने दी है।

दुकानदार और कारीगर के बीच मारपीट

अमरोहा, अमृत विचार : नौगांवा सादात थाना क्षेत्र में बीलना नहर पुल के पास मिठाई की दुकान पर कारीगर और दुकानदार के बीच मारपीट हो गई। दोनों दुकान का लोहे का सामान उठाकर एक-दूसरे पर हमलावर हो गए। इस मारपीट में दो लोग घायल हुए हैं। थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

दुकान में सोता मिला पुलिसकर्मी, फोटो वायरल

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली नगर में तैनात पुलिसकर्मी संभल बस अड्डे पर स्थित बाइक मिस्त्री की दुकान में सोता मिला। उसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि क्यूआरटी पर तैनात पुलिसकर्मी की ड्यूटी इन दिनों नगर में चल रही है। ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी एक बाइक मिस्त्री की दुकान में आराम फरमाता नजर आ रहा है।

हाईवे पर कैंटर पलटने से लगा जाम

गजरौला, अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर कैंटर पलटने से जाम लग गया। पुलिस ने कैंटर को हटवाकर जाम खुलवाया। नेशनल हाईवे पर शनिवार सुबह ट्रक को ओवरटेक करते समय कैंटर डिवाइडर से जा टकराया। बाद में कैंटर हाईवे पर ही पलट गया। चालक ने शीशा तोड़कर बाहर निकाल आया। पुलिस ने क्रेन से कैंटर को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नेशनल हाईवे पर पलटा पड़ा कैंटर। ● अमृत विचार

ईओ विजयपाल सिंह ने संभाला चार्ज

हसनपुर, अमृत विचार : नगर पालिका स्थित कार्यालय में शनिवार को पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने अधिशासी अधिकारी विजय पाल सिंह को कार्यभार ग्रहण कराया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई, स्वच्छ पेयजल, विद्युत, पूरे नगर पालिका में एलईडी लाइट की समुचित व्यवस्था, प्रत्येक व्यक्ति के अंदर स्वच्छता जागरूकता उनकी प्राथमिकता होगी। नगर क्षेत्र की जनता की समस्या सुनने न निदान के लिए कटिबद्ध हैं। इस मौके पर सभासद शाहनवाज अंसारी, हम्जा अली, यशपाल सिंह चौहान, नौशाद, मोहसिन, जुनैद खान अलीमुद्दीन, जावेद, रवि शंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

मुकदमे में फैसले का दबाव बना रहा फौजी, रिपोर्ट दर्ज

अमरोहा, अमृत विचार : विवाहिता को धोखा देकर फौजी ने दूसरी शादी कर ली थी। पीड़िता ने ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। आरोपी फौजी मुकदमे में समझौता करने का दबाव बना रहा है। इस पर महिला की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है। यह मामला नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां के निवासी किसान ने अपनी बेटी की शादी पास के गांव में रहने वाले सेना में तैनात युवक के साथ की थी। आरोप है कि युवक ने इससे पहले भी उत्तराखंड की एक युवती के साथ शादी कर रखी है। दूसरी शादी के समय इस बात को राज रखा गया। इसके बाद ससुराल वालों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मामले में विवाहिता ने आरोपी ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था जो कोर्ट में विचाराधीन है। आरोप है कि 16 अगस्त की रात पति ने दहेज को लेकर विवाद किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। कहा कि छुट्टी से आने पर फौजी तुझे जान से मार देगा। विवाहिता का आरोप है कि कार्ट में चल रहे मुकदमे को वापस लेने का दवाब बनाया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है

भागीरथी डिग्री कॉलेज में छात्रों का शारीरिक परीक्षण लेते अधिकारी।

एनसीसी के लिए 40 विद्यार्थियों का चयन

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नगर स्थित भागीरथी डिग्री कॉलेज के परिसर में शनिवार को 33वीं वाहिनी एनसीसी अमरोहा के कर्नल सुनील कॉल के निर्देश पर एनसीसी की भर्ती हुई। भर्ती प्रक्रिया में सबसे पहले छात्र-छात्राओं के प्रमाण पत्रों का सत्यापन, मेडिकल टेस्ट हुआ। एनसीसी भर्ती में शामिल होने के लिए 74 छात्र छात्राओं ने नामांकन कराया था। इसमें शामिल होने के लिए 61 छात्र छात्राएं आए। विभिन्न परीक्षाओं में अनफिट होने के बाद अंतिम रूप से लिखित परीक्षा में 26 छात्र और 14 छात्राएं शामिल हुईं। 40 छात्र-छात्राओं को लिखित परीक्षा के लिए सफल पाया गया। इस दौरान सूबेदार रज्जाक, सूबेदार हबीब खान, हवलदार राकेश कुमार, नायक सुनील कुमार, प्राचार्य डॉ. अभय कुमार, लेफ्टिनेंट संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

भाकियू की पंचायत में किसानों के मुद्दों पर हुई चर्चा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नगर के ब्लॉक परिसर में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत हुई। इसमें किसानों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। गन्ना प्रजाति 05009 व 05011 की जांच का बहिष्कार किया। उपखंड अधिकारी विद्युत निगम के धनौरा कार्यालय में तैनात प्रधान लिपिक सचिन की कार्यशैली पर असंतुष्टता जताई। बैठक में एक सितंबर को संभल के जुनावई में होने वाली किसान महापंचायत में जिले से सैकड़ों की संख्या में किसान भाग लेंगे। पंचायत में पहुंचे बेव शुगर मिल के प्रतिनिधि मंडल में दिनेश कुमार व रामवीर सिंह यादव सरकारी गन्ना समिति सचिव, एसडीओ ने समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान चौधरी डूंगर सिंह, नरेश कुमार, जयपाल सिंह आदि मौजूद है।

छात्रों के गुटों में हुई मारपीट, दो छात्र घायल

गजरौला, अमृत विचार : दो गुटों के बीच हुई मारपीट में दो छात्र घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। शहर के मोहल्ला फाजलपुर निवासी मयंक व ऋषभ एक इंटर कॉलेज में पढ़ते हैं। बीते दिनों उनका कॉलेज में ही पढ़ने वाले कुछ छात्रों से विवाद हो गया था। आरोप है कि शनिवार को जब छुट्टी के बाद मयंक व ऋषभ घर लौट रहे थे तो दूसरे गुट के छात्रों ने उन्हें रास्ते में घेरकर मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। आरोपी छात्र मौके से फरार हो गए।

दो दिन से फुंका ट्रांसफार्मर, लोग परेशान

बुरावली, अमृत विचार : गांव नवाबपुरा में जगदीश व ब्रह्मपाल सिंह के खेत के पास रखा ट्रांसफार्मर दो दिनों से फुंका पड़ा है। इससे फलसों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। धान व गन्ना आदि फसलें बिना सिंचाई के सूखने की कगार पर हैं। किसानों ने फुंके ट्रांसफार्मर की शिकायत भी की, लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका।

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है कांग्रेस व नेकां गठबंधन : योगी

जम्मू-कश्मीर चुनावों में कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस गठजोड़ पर उठाया सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन पर खूब बरसे। कहा कि कांग्रेस व नेकां का गठबंधन राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर अनेक बड़े सवाल खड़ा करता है। भारतीय संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा व निष्ठा रखने वाले हर व्यक्ति को चिंतित भी करता है।

मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत में दोनों पार्टियों के गठबंधन पर तमाम सवाल उठाए। कहा कि नफरत की फसल काटने वाली कांग्रेस व नेकां की सियासी जमीन सदा के लिए बंजर हो गई है। योगी ने कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी को कठघरे में खड़ा करते हुए कई सवाल भी पूछे। साथ ही, गठबंधन से राष्ट्रविरोधी मंसूबों को सामने रखा। योगी ने कहा कि भारत के मुकुट जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 और 35ए का कलंक मिटाने के साथ ही भाजपा ने विधानसभा चुनाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की थी। योगी ने कहा कि हाल ही में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने घोषणापत्र जारी किया है। इसमें अनेक ऐसे बिंदु हैं, जो भारत की एकता-अखंडता व राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति आशंकित करती है।

योगी के निशाने पर रहे राहुल, पूछे कई सवाल

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता से पूछना चाहता हूं कि क्या उनकी पार्टी नेशनल कांफ्रेंस के जम्मू-कश्मीर में फिर से अलग झंडे के वादे का समर्थन करती है? क्या राहुल गांधी व कांग्रेस अनुच्छेद 370 और आर्टिकल- 35ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके अलगाववादी ताकतों का फिर से समर्थन करती है? क्या कांग्रेस और राहुल गांधी पाकिस्तान के साथ एलओसी ट्रेड शुरू करने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के निर्णय और फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद व उसके इकोसिस्टम को पोषण करने का समर्थन करती है?

- कांग्रेस ने गठबंधन कर राष्ट्रविरोधी मंसूबों को देश के सामने रखा

आंद्रा वामसी बने गृह राज्यमंत्री के निजी सचिव

लखनऊ, अमृत विचार : शासन में स्टाम्प व पंजीयन विभाग के विशेष सचिव आंद्रा वामसी को केंद्रीय गृह मंत्रालय के राज्यमंत्री बी संजय कुमार का निजी सचिव नियुक्त किया गया है। केंद्र की ओर से उप्र. के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है।

यूपी कैडर के 2011 बैच के आईएएस अफसर आंद्रा वामसी की छवि तेजतर्रार अफसर और ऑन स्पॉट फैसले लेने वाले अधिकारियों के तौर पर रही है। वे मूल रूप से आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। पहले प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा पास करके आईएएस अफसर बने। लखनऊ में कौशल विकास मिशन के निदेशक और बस्ती में जिलाधिकारी के तौर पर उन्हें खूब सराहना भी मिली।

सिपाही भर्ती परीक्षाः अब तक 20 की हुई गिरफ्तारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- धांधली करने में युवतियां भी कम नहीं

अमृत विचारः सिपाही भर्ती परीक्षा में एसटीएफ लगातार कार्रवाइयां कर रही हैं। छह माह में 400 से अधिक अपराधी गिरफ्तार हो चुके हैं जबकि साढ़े 15 सौ अपराधी राडार पर हैं। इसके बाद भी धांधली करने वाले बाज नहीं आ रहे हैं। सिपाही भर्ती की पुनर्परीक्षा के दौरान एसटीएफ और उप्र. पुलिस ने 20 लोगों को गिरफ्तार किया है जो प्रतक्ष्य अथवा अप्रतक्ष्य रूप से या तो परीक्षा में धांधली कर रहे थे अथवा धांधली करा रहे थे।

आगरा के शाहगंज थाने में हाथरस निवासी विवेक सिंह को परीक्षा में जन्मतिथि व नाम बदलकर विमल कुमार के स्थान पर परीक्षा देते गिरफ्तार किया गया। कानपुर नगर में मथुरा निवासी योगेश सारस्वत को उम्र कम कराने के लिए 10वीं की परीक्षा दो बार देकर फर्जी मार्कशीट एवं दस्तावेज तैयार कर परीक्षा में सम्मिलित होने पर गिरफ्तार किया गया। लखनऊ में भदोही निवासी अनिरुद्ध मोदनवाल को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से पैसा लेकर ठगी करते पकड़ा गया।

जिला महराजगंज में हरियाणा के योगेश के जेब से दो डिवाइस चेकिंग के दौरान बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया। ललितपुर में हरीमरपुर निवासी अवधेश कुमार को अभ्यर्थी द्वारा आयु कम करने के लिए दोबारा मैट्रिक और इंटरमीडिएट का फर्जी प्रपत्र तैयार कर परीक्षा में शामिल होने पर पकड़ा गया। रायबरेली में औरैया निवासी उपेंद्र सिंह पाल को परीक्षा हाल के अंदर परीक्षा देते हुए एयरफोन के साथ गिरफ्तार किया गया।

सार-संक्षेप

भाजपाइयों के मन में है महिलाओं और शोषित समाज के प्रति कटुता : अखिलेश यादव

लखनऊ, अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा विधायक राजेश चौधरी के बसपा प्रमुख मायावती पर टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि एक भूतपूर्व महिला मुख्यमंत्री के प्रति कहे गए अभद्र शब्द दर्शाते हैं कि भाजपाइयों के मन में महिलाओं और खासतौर से वंचित-शोषित समाज से आने वालों के प्रति कितनी कटुता भरी है। उन्होंने विधायक पर कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, पर मायावती का मान-सम्मान खंडित करने का अधिकार किसी को नहीं है। भाजपाई कह रहे हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर गलती की थी, ये भी लोकतांत्रिक देश में जनमत का अपमान है और बिना किसी आधार के ये आरोप लगाना कि वह सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री थीं, बेहद आपत्तिजनक है।

ग्रुप बनाकर कर रहा था वसूली, गिरफ्तार

लखनऊ, अमृत विचार : सिपाही भर्ती परीक्षा में एसटीएफ ने एक ऐसे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जो अपने मोबाइल पर इंस्पेक्टर हंसराज के नाम से ग्रुप बनाकर परीक्षा के नाम पर वसूली कर रहा था। इस दौरान उसने सैकड़ों पुरुषों से एक-एक हजार और महिलाओं से पांच-पांच सौ रुपए की वसूली भी कर डाली। प्रकरण की भनक एसटीएफ को लगते ही इंस्पेक्टर पुनीत परिहार ने वाराणसी में हंसरंजन नामक व्यक्ति की गिरफ्तारी की। पूछताछ में हंसरंजन ने बताया कि उसने 80 वाट्सएप व टेलीग्राम ग्रुप बनाकर 35 हजार लोगों को जोड़ रखा था। इस दौरान उसने फोन पे के माध्यम से सिपाही भर्ती के नाम पर लाखों रुपए की वसूली कर डाली।

नगर निगम में 10 हजार की घूस लेते लिपिक गिरफ्तार

कानपुर, अमृत विचार : विजिलेंस (सतर्कता अधिष्ठान) कानपुर की टीम ने नगर निगम के विज्ञापन व कार्मिक विभाग में तैनात कनिष्ठ लिपिक राजेश कुमार यादव को 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। लिपिक ने एसीपी का वित्तीय लाभ देने के नाम पर विभाग में ही कार्यरत बेलदार से घूस मांगी थी। शनिवार को जैसे ही बेलदार का बेटे ने 10 हजार रुपये लिपिक को दिए पहले से तैनात विजिलेंस टीम ने उसे दबोच लिया। आरोपी लिपिक अपर नगर आयुक्त प्रथम मो. आवेश खान के पीए का काम भी देखता था। विजिलेंस की कार्रवाई के समय उनके कार्यालय में ही था। थाना सतर्कता अधिष्ठान कानपुर सेक्टर ने मुकदमा दर्ज कर लिपिक को जेल भेज दिया। टीम ने बताया कि नगर निगम के जोन 2 में मो. अरसलान संविदा चालक के पद पर कार्यरत हैं। उसके पिता इफ्तखार मुश्ताक नगर निगम में बेलदार हैं।

बलिया में बेटी की हत्या का आरोपी पिता गिरफ्तार

बलिया,एजेंसी : जिले के गड़वार थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने दूसरी जाति के युवक से शादी का प्रयास करने पर कथित तौर पर अपनी बेटी की हत्या कर दी जिसके बाद शनिवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) मूल चन्द्र चौरसिया ने बताया कि पुलिस ने हरख बसंत गांव के निबाहन वर्मा को अपनी बेटी मनी (21) की हत्या के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पखनपुरा नहर के समीप 13 अगस्त को एक युवती का शव मिला था, जिसकी पुलिस ने छानबीन के उपरांत मनी के रूप में शिनाख्त की। उन्होंने बताया कि निबाहन वर्मा ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए कहा है कि उसकी बेटी दूसरी जाति के एक लड़के से विवाह करना चाहती थी, इसी को लेकर उसने अपनी बेटी की गांव के कब्रिस्तान में 11 अगस्त को धारदार हथियार से वारकर हत्या कर दी थी।

स्कूली बस पर गोली चलायी जांच के लिये तीन टीमें गठित

सहारनपुर,एजेंसीः

जिले के देवबंद थानाक्षेत्र में छुटटी के बाद बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रही एक स्कूल बस पर एक व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर गोली चला दी। कोई घायल नहीं हुआ। बस चालक ने इस मामले में थाने में तहरीर दी है।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि राजमार्ग 59 पर स्थित एक स्कूल का बस चालक रवि कुमार आज छुटटी के बाद बच्चों को छोड़ने जा रहा था और जब बस राजबाहे के निकट पहुंची तब कुछ युवकों ने उसे रोकने का प्रयास किया। जैन ने बताया कि चालक ने खतरे की आशंका को देखते हुए बस को नहीं रोका जिस पर इन युवकों ने बस पर गोलियां चला दीं।

चालक बस को तेजी से निकालकर ग्राम दिवालहेडी तक ले गया और इस बीच बदमाश भी फरार हो गये। उन्होंने ने बताया कि गोलियां चलाने वाले एक युवक की पहचान कर ली गयी है और आरोपियों की तलाश के लिए तीन टीमें गठित की गयी हैं। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि बदमाशों ने एक छात्र को निशाना बनाते हुए ये गोलियां चलायी थीं। जैन ने बताया कि बस में सवार सभी विद्यार्थी पूरी तरह सुरक्षित हैं, किसी को किसी तरह की चोट नही लगी है।

प्रबंधक, प्रधानाचार्य भेजे जेल, स्कूल की मान्यता रद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचारः जहांगीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे में स्थित अवध एकेडमी स्कूल का छज्जा गिरने के मामले में शनिवार को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी ने जिला अस्पताल में घायल बच्चों और उनके परिजनों से मुलाकात की।

उन्होंने बच्चों के समुचित इलाज ओर स्कूल के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस पूरे प्रकरण में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और डीआईओएस की जांच जारी है। स्कूल को सील कर मान्यता रद कर दी गई है। यहां पढ़ रहे बच्चों का दाखिला दूसरे स्कूलों में कराने की कवायद शुरू हो गई है, जिससे उनकी पढ़ाई सुचारू रूप से चलती रहे। साथ ही स्कूल के प्रबंधक अवधेश कुमार वर्मा और प्रधानाचार्य शिव कुमार वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

स्कूल में घटनास्थल का निरीक्षण करते श्याम त्रिपाठी व अधिकारी। ● अमृत विचार

हादसे में घायल 17 वर्षीय छात्र आकाश को हेड और आई इंजरी के चलते डॉक्टरों ने जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया है। जबकि जिला अस्पताल में भर्ती कुल 27 बच्चों में से 17 बच्चों की हालत में सुधार के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। बता दें कि शुक्रवार को अवध एकेडमी स्कूल का छज्जा गिरने से 40 बच्चे घायल हो गए थे। जिसके बाद घायल छात्र-छात्राओं को प्राइवेट और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस हादसे के बाद जिला प्रशासन ऐसे स्कूलों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है, जो नियम विरुद्ध संचालित हो रहे हैं।

- बाराबंकी स्कूल हादसे की मजिस्ट्रेट जांच जारी

"बच्चों और उनके अभिभावकों से मुलाकात कर हर संभव मदद का अश्वासन दिया है। साथ ही स्कूल की मान्यता रद्द करने के निर्देश दिये हैं। इस तरह के जितने भी स्कूल संचालित हैं, उन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
-**श्याम त्रिपाठी**, सदस्य, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग।

मंदिर निर्माण पूरा करने राजस्थान से आएंगे श्रमिक

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राममंदिर निर्माण कार्य को समय से पूरा करने के लिए अब राजस्थान से श्रमिकों की फौज आएगी। निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने पहले दिन की बैठक में शुक्रवार को श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए थे। दूसरे दिन की बैठक में शनिवार को कार्यदायी संस्था एलएंडटी की ओर से बताया गया कि श्रमिकों की संख्या को बढ़ाने के लिए 12 से भी अधिक ठेकेदारों के संपर्क किया गया है।

मंदिर निर्माण के समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने शनिवार को बताया कि पत्थरों से संबंधित कार्य करने वाले अच्छे श्रमिक राजस्थान में मिलते हैं। इसलिए वहां के ठेकेदारों से संपर्क किया जा रहा है। राजस्थान से अयोध्या की दूरी अधिक होने के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है, लेकिन फिर भी प्रयास किया जा रहा है कि वहां से आये श्रमिकों को यहां घर जैसा माहौल यहां मिले। सप्त मंदिर की प्रगति अच्छी है। उसमें जो मूर्तियां लगनी हैं वह अक्टूबर तक आ जाएंगी।

चुनाव में बसपा देगी भाजपा विधायक को जवाब:माया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा विधायक के विवादित टिप्पणी करने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पक्ष में उतरने पर बसपा प्रमुख मायावती ने उनका आभार जताया।

उन्होंने कहा कि चुनाव में बसपा भाजपा विधायक को जवाब देगी। बसपा प्रमुख ने कहा कि सपा प्रमुख ने भाजपा विधायक को उनके गलत आरोपों का जवाब देकर उनके ईमानदार होनी की सच्चाई को माना है। इसके लिए पार्टी उनकी आभारी है। उन्होंने भाजपा विधायक पर पलटवार करते हुए कहा कि लगता है कि भाजपा में अब विधायक की पूछ नहीं है, इसलिए वह अनाप-शनाप बयान देकर सुर्खियों में आना चाहते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

वर्ग पहेली-171

बाएं से दाएं

4. 1. पानी निकालने के लिए ज़मीन में खोदा हुआ गहरा गड्ढा, कूप 2. बहुत गहरी और अंधेरी जगह 3. रहस्य संप्रदाय में हृदय रूपी कमल। (मु.)-खोदना : किसी को हानि पहुंचाना। कुएं में गिरना : मुश्किल में पड़ना। कुएं में बांस डालना : बहुत खोज करना। कुएं में भांग पड़ी होना : बुद्धि भ्रमित होना, सभी का पागल हो जाना।

5. 1. थपकी देना, दुलारना 2. उत्साहवर्धन के लिए शाबाशी देना 3. धीरे से ठोंकना।

8. हवा से रहित, वायु शून्य।

ऊपर से नीचे

1. 1. एक सफ़ेद एवं मुलायम धातु जो गहने बनाने के काम आता है

2. 1. निराहार व्रत या उपवास 2. वह व्रत जिसमें भोजन नहीं किया जाता मुख्यत : बौद्ध तथा जैन मतों में उपवास के लिए प्रयुक्त शब्द।

3. 1. परेशान होना, आकुल होना, बेचैन होना, विह्वल होना 2. घबड़ाना, डरना, कांपना।

6. 1. शिकायत, निंदा, दोषकथन 2. अपवाद 3. आरोप, दोषारोपण 4. झूठी निंदा 5. लोहे के तारों से निर्मित अंगूठी जिसे पहन कर सितार बजाते हैं

7. 1. समाप्त होने की अवस्था या भाव 2. अंत, नाश, मृत्यु 3. सफ़ाया, हत्या।



वर्ग पहेली -170 का हल

	1 लु	ढ़	2 क	ना	
			णि		3 ए
	4 अं	श	का	लि	क
5 दे			यि		चा
6 व	का	ल	त		रि
पु					णी
7 र	घु	ना	थ		

बैजनाथ बने अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकार ने शुरू की ढाई साल से लटकी पड़ीं राजनीतिक नियुक्तियां
- सदस्यों में बरेली से उमेश कठेरिया व संजय सिंह शामिल

अमृत विचारः राज्य सरकार ने ढाई साल से लटकी पड़ीं राजनीतिक नियुक्तियां शुरू कर दी है। सबसे पहले उप्र अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष समेत 20 सदस्यों को नामित किया गया है। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रालोद प्रमुख जयंत चौधरी के एक करीबी को भी जगह मिली है।

राज्यपाल की स्वीकृति मिलने के बाद समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने बताया कि बाराबंकी के बैजनाथ रावत को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। वह तीन बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके हैं। साथ ही, लोकसभा चुनाव में बाराबंकी क्षेत्र से टिकट के दावेदार थे।

अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा

सरकार और संगठन के शीर्ष नेताओं में अपनों को आयोग, निगम और बोर्डों में आसीन कराने को लेकर चल रही गुटबाजी से ढाई साल से लटकी पड़ी राजनीतिक नियुक्तियों का मुद्दा 10 अगस्त को उठाया था। इसके बाद मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में संघ, सरकार और संगठन की बैठक में नियुक्तियों को लेकर सर्वानुमति बनने से लेकर केंद्रीय नेतृत्व से सहमति लेने को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

दो उपाध्यक्ष पद पर गोरखपुर के पूर्व विधायक बेचन राम और सोमभद्र के जीत सिंह खरवार को नामित किया गया है। इसके अलावा 17 सदस्यों में मेरठ के हरेंद्र जाटव, सहारनपुर के महिपाल वाल्मीकि, बरेली के संजय सिंह, आगरा के दिनेश भारत, हमीरपुर के शिवनारायण सोनकर, औरैया के नीरज गौतम, लखनऊ के रमेश कुमार तूफानी, मेरठ के नरेंद्र सिंह खजूरी, आजमगढ़ के तीजाराम, मऊ से विनय राम, गोंडा से अनिता गौतम, कानपुर से रमेश चंद्र, भदोही से मिठाई लाल, बरेली से उमेश कठेरिया, लखनऊ से अजय कोरी, कौशांबी से जितेंद्र कुमार और अंबेडकर नगर से अनीता कमल को नामित किया गया है।

उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग में नियुक्तियों के जरिए भाजपा ने उपचुनाव से पहले बड़ा दांव खेला है। आयोग में 17 जिलों के एससी-एसटी नेताओं को जगह देकर लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की ओर हुए मतों के ध्रुवीकरण को अपने पक्ष में सहेजने की कोशिश हुई है।

सुडोकू-84

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1	8				2	
8			2	7	3		6	
9				1		4		7
	5				8			3
	6						7	
2			4				9	
1		7		9				2
	9		1	5	6			8
	3				2	1		

सुडोकू -83 का हल

1	3	8	7	9	4	6	5	2
7	2	6	3	5	8	1	9	4
9	5	4	1	6	2	3	8	7
4	8	9	6	2	1	7	3	5
2	1	3	5	8	7	4	6	9
6	7	5	4	3	9	2	1	8
3	4	7	8	1	5	9	2	6
5	9	1	2	4	6	8	7	3
8	6	2	9	7	3	5	4	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 अगस्त रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 26 अगस्त 03.39 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 16.45 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

मेष — आज सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न हो सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं। नया कार्य शुरु करने में आपको सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद कम होंगे।

वृष — आज दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। अनावश्यक खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है।

मिथुन — आज बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। जिस भी कार्य को हांथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिये। प्रेमी जन के साथ रोमांटिक डेट पर जा सकते हैं।

कर्क — आज परोपकार में धन खर्च कर सकते हैं। जीवनसाथी से आपको प्रेरणा मिलेगी। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होने वाले हैं।

सिंह — आज व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। नया वाहन खरीद सकते हैं। निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रियल एस्टेट में बड़ा निवेश करने से बचें।

कन्या — आज अपनी भावनाओं को सबके समक्ष व्यक्त न करें। घर में अप्रिय व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बदहजमी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। आपको उबाऊ यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें।

तुला — आज बड़े व्यवसायिक अनुबंध हो सकते हैं। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे। कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त होगी। आर्थिक स्थिति को लेकर संतुष्ट रहेंगे। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें।

वृश्चिक — आज साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए।

धनु — आज पढ़ाई में मेहनत को लेकर परेशानी होगी। बुद्धिमानी के कारण समाज में यश प्राप्त करेंगे। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रेम संबंधों में धन को लेकर विवाद हो सकता है।

मकर — आज स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। घर में नकारात्मकता हावी रहेगी। हल्का और सुपाच्य भोजन ग्रहण करें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है।

कुंभ — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलेगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारू रूप से पूर्ण होंगे। मेहनत का बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

मीन — आज धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिए जा सकते हैं। कारोबार के लिए आपको समय निकालना पड़ेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा होगा। धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है।

आज की फिल्में

B4U Movies
हिन्दुस्तान की कसम — सुबह : 10.59
परिवार — रात : 07.00

&pictures
खूंखार — सुबह : 11.53
जुदाई — रात : 08.00

Sony Pix
ग्रेन टूरिज्म — सुबह : 10.51
नो हार्ड फीलिंग्स — रात : 08.59

Zee Cinema
किसी का भाई किसी की जान — सुबह : 11.09
लक्ष्य — रात : 08.00

Colors Cineplex
कभी खुशी कभी गम — दोपहर :12.10
द फनी स्टार — रात : 07.59

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- पड़ोसन की डेथ कैसे हुई?
पत्नी- दाल के भाव बहुत बढ़ जाने से
पति- ओए पागल हो गई है क्या? दाल के दाम बढ़ने से कोई कैसे मर सकता है?
पत्नी- मैंने अपनी आंखों से उसका डेथ सर्टिफिकेट देखा है, उस पर लिखा था मौत का कारण- पल्स रेट हाई की वजह से...

पप्पू पैराशूट बेच रहा था...
हवाई जहाज से कूदो, बटन दबाओ और जमीन पर सुरक्षित पहुंच जाओ।
ग्राहक -अगर पैराशूट नहीं खुला तो?
पप्पू - तो पैसे वापिस कर दूंगा।

एक नजर

इस्पात कारखाने में बॉयलर विस्फोट में 22 घायल

जालना। महाराष्ट्र के जालना शहर के एमआईडीसी इलाके में शनिवार को एक इस्पात कारखाने में बॉयलर विस्फोट में 22 से अधिक श्रमिक घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार बंसल ने बताया कि तीन श्रमिकों की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि गज केसरी स्टील मिल में दोपहर के समय विस्फोट हुआ, जिसके परिणामस्वरूप पिघला हुआ लोहा श्रमिकों पर गिर गया। तीन श्रमिकों को छत्रपति संभाजीनगर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सेना प्रमुख ने की मणिपुर सीमा की समीक्षा

इंफाल। थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मणिपुर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सेना ने यह जानकारी दी। जनरल द्विवेदी मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर हैं। सेना प्रमुख ने पूर्वी सेना कमांडर के साथ सीमा पर सुरक्षा स्थिति और क्षेत्र में आंतरिक सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। इसमें कहा गया कि जनरल द्विवेदी ने क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने की दिशा में किए जा रहे भारतीय सेना और असम राइफल्स के प्रयासों की सराहना की।

विधायक रेवन्ना, प्रज्वल के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

बेंगलुरु। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दुष्कर्म मामले और उनके पिता एवं विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है। प्रज्वल के खिलाफ चार मामलों की जांच कर रही एसआईटी ने कहा कि 2,000 से अधिक पृष्ठों के आरोपपत्र में करीब 150 गवाहों के बयान दर्ज हैं।

विज्ञान धारा योजना, बायो ई 3 नीति को दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन योजनाओं का किया एक में विलय

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की तीन व्यापक योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी दे दी जिनका 'विज्ञान धारा' नामक एकीकृत केंद्रीय क्षेत्र योजना में विलय कर दिया गया है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 15वें वित्त आयोग की 2021-22 से 2025-26 की अवधि के दौरान विज्ञान धारा के लिए प्रस्तावित परिव्यय 10,579 करोड़ रुपये है। इस योजना के तीन व्यापक घटक हैं जिनमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थागत और मानव क्षमता निर्माण; अनुसंधान और विकास तथा नवाचार, प्रौद्योगिकी विकास एवं तैनाती शामिल हैं।

मंत्रिमंडल ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग के उच्च प्रदर्शन जैव विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए बायो ई 3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति को भी मंजूरी दे दी। वैष्णव के अनुसार, बायो ई 3 नीति विषयगत क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास और उद्यमिता के लिए नवाचार-संचालित समर्थन की बात करती है। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह नीति सरकार की शुद्ध शून्य कार्बन अर्थव्यवस्था तथा 'पर्यावरण के लिए जीवन शैली' जैसी पहलों को और मजबूत करेगी एवं चक्रीय जैव-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देकर भारत को त्वरित हरित विकास के पथ पर आगे बढ़ाएगी।

संयुक्त सलाहकार मशीनरी के प्रतिनिधिमंडल से बात करते प्रधानमंत्री।

मोदी ने कर्मचारी संगठनों से बात की, एकीकृत पेंशन योजना का दिया तोहफा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को केन्द्रीय कर्मचारियों के संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की, जिसमें कर्मचारियों के लिए नयी पेंशन योजना के विकल्प के तौर पर एकीकृत पेंशन योजना यूपीएस पर सहमति बनी। बैठक के बाद शिव गोपाल मिश्रा सचिव (स्टाफ साइड) नेशनल कौंसिल ने एकीकृत पेंशन योजना के लिए प्रधानमंत्री मोदी और सरकार के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। मोदी ने एक्स पर कहा कि देश की प्रगति के लिए कठिन परिश्रम करने वाले सभी सरकारी कर्मचारियों पर हमें गर्व है।

बायोमैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने को बायोई थ्री नीति

जैव प्रौद्योगिकी विभाग के उच्च प्रदर्शन वाले बायोमैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए बायोई थ्री (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति' के प्रस्ताव को मंजूरी दी। बायोई थ्री नीति की मुख्य विशेषताओं में विषयगत क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास और उद्यमिता को नवाचार-संचालित समर्थन शामिल है। यह बायोमैन्युफैक्चरिंग और बायो-एआई हब और बायोफाउंड्री की स्थापना करके प्रौद्योगिकी विकास और व्यावसायीकरण में तेजी लाएगा। हरित विकास के पुनर्योजी जैव अर्थव्यवस्था मॉडल को प्राथमिकता देने के साथ-साथ, यह नीति भारत के कुशल कार्यबल के विस्तार की सुविधा प्रदान करेगी और रोजगार सृजन में वृद्धि प्रदान करेगी।

आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाना न्याय नहीं बर्बरता

नई दिल्ली, एजेंसी

- उन्होंने मांग की- यह अमानवीयता और इसे बंद किया जाना चाहिए
- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे तथा प्रियंका गांधी ने की कार्रवाई की निंदा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपराध के बदले घर पर बुलडोजर चलाकर परिवार को छत विहीन करने को अन्याय और बर्बरता करार दिया। उन्होंने कहा है कि यह अमानवीयता और इसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए।

प्रियंका गांधी ने कहा कि किसी अपराधी को सजा देने के लिए उसके घर पर बुलडोजर चलाने को न्याय नहीं कहा जा सकता है। किसी भी सभ्य समाज में अपराध के बदले आरोपी के परिवार को बुलडोजर से उनकी छत तोड़कर सजा नहीं दी जा सकती। यह न्याय नहीं अन्याय है और कानून की अवधारणा है इसलिए इसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि किसी का घर तोड़ना और उसके परिवार को बेघर करना अमानवीय भी है और अन्यायपूर्ण भी। भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों को बार-बार निशाना बनाना परेशान करने वाला है। कानून के समाज में ऐसे कार्य स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने इसे अमानवीय कार्रवाई करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि कांग्रेस इसे संविधान की घोर अवहेलना तथा नागरिकों में भय पैदा करने की रणनीति मानती है और आरोपी के घर को तोड़ने के लिए बुलडोज़र के इस्तेमाल के लिए भाजपा सरकारों की कड़ी निंदा करती है।

आरोपी को सजा देना अदालत का कार्य

प्रियंका गांधी ने कहा अगर कोई किसी अपराध का आरोपी है तो उसका अपराध और उसकी सजा सिर्फ अदालत तय कर सकती है, लेकिन आरोप लगते ही आरोपी के परिवार को सजा देना, उनके सिर से छत छीन लेना, कानून का पालन न करना, अदालत की अवहेलना करना, आरोप लगते ही आरोपी का घर ढहा देना- यह न्याय नहीं है। यह बर्बरता और अन्याय की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि कानून बनाने वाले, कानून के रखवाले और कानून तोड़ने वाले में फर्क होना चाहिए। सरकारें अपराधी की तरह व्यवहार नहीं कर सकतीं।

छेड़छाड़ के आरोपी युवक को पुलिस ने मारी गोली, घायल

तेजपुर। असम के सोनितपुर जिले में शनिवार को दो लड़कियों से छेड़छाड़ के आरोपी को भागने की कोशिश करते समय पुलिस ने गोली मार दी गई, जिससे वह घायल हो गया।

सोनितपुर एएसपी मधुरिमा दास ने बताया कि घायल आरोपी को अन्य व्यक्ति के साथ गिरफ्तार किया गया था। दोनों ने शुक्रवार शाम दो लड़कियों से छेड़छाड़ की। लड़कियों के शोर मचाने पर आए लोगों ने दोनों को पकड़ लिया और महाभैरव थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। जांच के लिए घटनास्थल पर ले जाए जा रहे युवक ने पुलिसकर्मी से पिस्तौल छीनकर गोलियां चला दीं। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया।

मुख्य आरोपी, छह अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट

- मुख्य आरोपी का जेल में तो पूर्व प्राचार्य समेत छह अन्य का सीबीआई कार्यालय में हुआ टेस्ट

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले के मुख्य आरोपी और छह अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट शनिवार को हुआ। पॉलीग्राफ में मशीन की मदद से व्यक्ति की शारीरिक क्रियाओं से पता लगाया जाता है कि वह सच बोल रहा है या झूठ।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्य आरोपी संजय रॉय का पॉलीग्राफ उस जेल में ही हुआ जहां वह बंद है, जबकि पूर्व प्राचार्य संदीप घोष, घटना की रात ड्यूटी पर मौजूद चार चिकित्सकों और एक स्वयंसेवक समेत छह अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट सीबीआई के कोलकाता स्थित कार्यालय में हुआ। घोष नौवें दिन शनिवार सुबह सीबीआई कार्यालय जांच के लिए पहुंचे। जिनका पॉलीग्राफ हुआ, उनमें प्रथम वर्ष के दो स्नातकोत्तर प्रशिक्षु भी हैं, क्योंकि जांचकर्ताओं को अस्पताल के उस कक्ष में कथित तौर पर उनकी उंगलियों के निशान मिले हैं, जहां पीड़िता का शव था। दिल्ली के केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) से पहुंचे पॉलीग्राफ विशेषज्ञों ने सभी की जांच की। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि पुलिस ने दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले को दबाने का प्रयास किया था और जब तक संघीय एजेंसी को जांच दिया गया तब तक अपराध स्थल से छेड़छाड़ की जा चुकी थी।

कोलकाता बलात्कार-हत्या मामला

रैली में छात्रों की भागीदारी पर स्कूलों से मांगा स्पष्टीकरण

कोलकाता। कोलकाता दुष्कर्म हत्या मामले के विरोध में आयोजित रैली में स्कूली घंटों के दौरान विद्यार्थियों की भागीदारी पर बंगाल के तीन शैक्षिक संस्थानों को कारण बताओ नोटिस जारी करके स्कूली शिक्षा विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा है। हावड़ा के राज्य से सहायता प्राप्त तीन स्कूलों - बलुहाटी हाई स्कूल, बलुहाटी बालिका हाई स्कूल और बंट्रा राजलक्ष्मी बालिका स्कूल को कारण बताओ नोटिस दिया गया और 24 घंटे में स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया। अधिकारी ने कहा कि छात्रों के साथ कई शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने नियमों का उल्लंघन कर स्कूलों द्वारा निकाली संयुक्त रैली में भाग लिया था।

2026 तक नक्सल समस्या करेंगे खत्म

रायपुर, एजेंसी

- बोले- वे अपना रास्ता नहीं बदलते है तो होगा अंतिम प्रहार

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को नक्सलियों को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि वे अपना रास्ता नहीं बदलते हैं तो अंतिम प्रहार होगा और हम देश को मार्च 2026 तक नक्सल समस्या से मुक्त कर लेंगे। शाह ने नक्सल प्रभावित राज्यों की अंतर राज्यीय समन्वय समिति की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में यह चुनौती दी।

शाह ने कहा कि यदि वे रास्ता नहीं बदलते हैं तो अंतिम प्रहार होगा। छत्तीसगढ़ समेत देश को मार्च 2026 तक नक्सल समस्या से मुक्त कर लेंगे। वामपंथी उग्रवाद से लोग निरक्षर रह गए हैं उन्हें साक्षर बनाने के लिए राज्य और केंद्र सरकार पहल करेगी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की तर्ज पर एसआईए बनाएंगे। राज्य सरकार जल्द नई सरेंडर पॉलिसी की घोषणा करेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, पड़ोसी राज्यों का समन्वय जरूरी है।

अनुच्छेद 370 कभी बहाल नहीं होगा : शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को कभी बहाल नहीं किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर के दो क्षेत्रीय दलों ने घोषणापत्र में वादा किया है कि वे अनुच्छेद 370 को बहाल करने के लिए काम करेंगे, जिसके बाद शाह ने यह टिप्पणी रायपुर दौरे के दौरान की है।

शाह की बैठक से पूर्व जमींदार की हत्या

बीजापुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नक्सल प्रभावित राज्यों की अंतर्राज्यीय समन्वय समिति की रायपुर में शनिवार को हुई बैठक की पूर्व संध्या पर नक्सलियों ने बीजापुर जिले में पुलिस मुखबीर होने के आरोप में जन अदालत लगा कर जमींदार की हत्या कर दी। नक्सलियों ने हत्या के बाद शव को गांव के पास फेंक दिया। गंगालूर एरिया कमेटी ने हत्या की जिम्मेदारी ली है।

औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड और विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद की गई कार्रवाई

156 दवाइयों पर केंद्र सरकार ने लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई दवाएं एंटी बैक्टीरियल, एफडीसी के रूप में प्रचलित
- बुखार, जुकाम, एलर्जी और छोटे-मोटे दर्द में किए जाते हैं उपयोग

सरकार ने बुखार, जुकाम, एलर्जी और दर्द की 156 आम दवाओं को प्रतिबंधित कर दिया है। इनमें से कई दवाएं जीवाणुरोधी (एंटी बैक्टीरियल) हैं और इन्हें फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) दवाओं के रूप में भी जाना जाता है। सरकार के अनुसार ये दवाएं मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हैं। सरकार ने यह कार्रवाई औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड और विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद की है।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इन दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है।

एफडीसी दवाओं में दो या दो से अधिक तत्वों का निश्चित अनुपात में मिश्रण होता हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 12 अगस्त को जारी अधिसूचना के अनुसार एसेक्लोफेनाक 50 मिलीग्राम+पैरासिटामोल 125 मिलीग्राम टैबलेट पर प्रतिबंध लगाया गया है। ये सरदर्द या छोटे-मोटे दर्द में ली जाती है। दवाओं की सूची में मिफेनामिक एसिड+ पेरासिटामोल इंजेक्शन, सेटिरिजिन एचसीएल+ पेरासिटामोल+ फेनाइलफ्रिन एचसीएल, लेवोसिटिरिजिन+ फेनाइलफ्रिन एचसीएल+ पेरासिटामोल, पेरासिटामोल+ क्लोरफेनिरामाइन मेलेट+ फेनिल प्रोपैनोलामाइन और कैमिलोफिन डीहाइड्रोक्लोराइड 25 मिलीग्राम+ पेरासिटामोल 300 मिलीग्राम भी शामिल हैं। केंद्र सरकार ने कार्रवाई करते हुए पेरासिटामोल, ट्रामाडोल, टॉरिन और कैफीन के मिश्रण पर भी रोक लगा दी है। ट्रामाडोल एक दर्द निवारक दवा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने पाया कि एफडीसी दवाओं का इस्तेमाल इंसानों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। जबकि सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं। विशेषज्ञ समिति और दवा तकनीकी सलाहकार बोर्ड ने इन दवाओं को असुरक्षित और अव्यावहारिक मानते हुए प्रतिबंध की सिफारिश की। पिछले साल जून में भी 14 एफडीसी पर प्रतिबंध लगाया गया था। सरकार ने 2016 में इन दवाओं पर प्रतिबंध लगाने का एलान किया था, जिसे कुछ दवा कंपियों ने अदालत में चुनौती दी थी। जून 2023 में भी 14 एफडीसी पर प्रतिबंध लगाया गया था। हाल ही में जो एफडीसी प्रतिबंधित किए गए हैं, उनमें से कई उन एफडीसी में शामिल हैं, जिन पर पहले भी प्रतिबंध लगाया गया था।

एक नजर

जेवरों के निर्यात पर शुल्क वापसी दरों में कटौती

नई दिल्ली। सरकार ने सोने और चांदी के आभूषणों के निर्यात पर शुल्क वापसी दरों (ड्राबैक दरों) में आधे से अधिक की कटौती की है। राजस्व विभाग ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। आम बजट में इन कीमती धातुओं के आयात शुल्क में उल्लेखनीय कमी की गई थी, जिसका समायोजन करने के लिए उक्त कटौती की गई। सोने के आभूषणों के निर्यात पर शुल्क वापसी दर को शुद्ध सोने की मात्रा के 704 .1 रुपये प्रति ग्राम से घटाकर 335 .5 रुपये प्रति ग्राम कर दिया गया है। चांदी के आभूषणों और चांदी की वस्तुओं की दर को घटाकर शुद्ध चांदी की मात्रा के 4,468 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया गया है।

मुरादाबाद मंडी

दालें : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

मेंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-995 फ्लैग-1120 डीएमओ-855 बोल्ड-1185
चन्दौसी : शिवालिक- 990 फ्लैग- 1120 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 890

सर्राफा

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	74,150
चांदी आभूषण	87,300

लघु और मझोले उद्योगों की मदद के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश : उद्योग मंत्री

घटिया आयातित माल के साथ प्रतिस्पर्धा से बचाकर क्षमता बढ़ाने में करेगा सहयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

- बड़े उद्योगों की सफलता के पीछे हजारों छोटी इकाइयां

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) सही अर्थ में घरेलू सूक्ष्म, लघु और मझोले क्षेत्र (एमएसएमई) को घटिया आयातित माल के साथ प्रतिस्पर्धा से बचा कर तथा उनकी प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ा कर उनकी मदद के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि बड़े उद्योगों की सफलता के पीछे हजारों छोटी इकाइयों का योगदान महत्वपूर्ण है और उनके बिना उद्योग चल नहीं सकते।

गोयल राजधानी में 10वें भारत अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई स्टार्टअप एक्सपो और शिखर सम्मेलन-2024 को संबोधित कर रहे थे। क्यूसीओ के बारे में गोयल ने कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के माध्यम से सरकार एमएसएमई क्षेत्र की मदद कर रही है और उन्हें गुणवत्ता मानकों को पूरा करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हम एमएसएमई को जरूरतों को पूरा करने के लिए समय दे रहे हैं। उद्योग मंत्री ने कहा कि गुणवत्ता आदेश से एमएसएमई को दो तरह से लाभ होगा, एक तो क्यूसीओ से लागत से कम मूल्य पर घटिया वस्तुओं के आयात पर अंकुश लगेगा और देश की छोटी इकाइयां अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचेंगी। दूसरे जब एमएसएमई मानकों को पूरा करते हैं, तो वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं और लाभदायक बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं कि क्यूसी ने कई क्षेत्रों को कैसे लाभ पहुंचाया है। एमएसएमई को केवल एक छोटे उद्यम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, इसकी सोच छोटी या नकारात्मक नहीं होनी चाहिए क्योंकि एमएसएमई एक बड़ी ताकत हैं।

एमएसएमई बुनियादी ढांचे के विकास को महत्वपूर्ण

गोयल ने कहा कि नवीन विचार और काम करने के नए तरीके एमएसएमई के उद्यमियों की पहचान हैं। बड़े उद्योगों के आसपास के पूरे परितंत्र में हजारों एमएसएमई शामिल हैं, जिनके बिना वे सफल नहीं हो सकते। एमएसएमई बड़े उद्योगों के आपूर्तिकर्ता और ग्राहक दोनों के रूप में कार्य करते हैं। वाणिज्य मंत्री ने बताया कि एमएसएमई देश के पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत के निर्यात में उनकी बड़ी हिस्सेदारी है। इस क्षेत्र का विकास देश के लिए महत्वपूर्ण है और सरकार के लिए फोकस क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि देश को भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने में सभी क्षेत्रों और सभी लोगों के योगदान की जरूरत है।

अमेजन इंडिया ने त्योहारों से पहले बिक्री शुल्क 12% घटाया

मुंबई। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने शनिवार को त्योहारी सत्र से पहले विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में बिक्री शुल्क में 12% तक की कटौती की घोषणा की। अमेजन इंडिया ने कहा कि नौ सितंबर से लागू होने वाली शुल्क कटौती से विक्रेताओं को मंच पर अपने उत्पाद खंड का विस्तार करने में मदद मिलेगी और वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

अमेजन इंडिया के सेलिंग पार्टनर सर्विसेज के निदेशक अमित नंदा ने कहा कि इन बदलावों के साथ अमेजन पर विक्रेताओं को विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में बिक्री शुल्क में तीन से 12% तक की कमी का लाभ मिलेगा। नए दर कार्ड से विशेष रूप से 500 रुपये से कम कीमत वाले उत्पाद बेचने वाले विक्रेताओं को लाभ होगा।

6जी पेटेंट में 10% हिस्सेदारी पाना दूरसंचार कंपनियों का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- कंपनियों ने अनुसंधान को जरूरतों के अनुरूप बनाने का दिया प्रस्ताव
- दूरसंचार मंत्री सिंधिया की अध्यक्षता में एसएसी की हुई बैठक

भारतीय दूरसंचार कंपनियां अगले तीन वर्षों में सभी 6जी पेटेंट में 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी हासिल करने और वैश्विक मानकों में छठे हिस्से का योगदान करने का लक्ष्य बना रही है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

दूरसंचार कंपनियों ने अनुसंधान को भारत की जरूरतों के अनुरूप बनाने और जीवंत मानक समुदाय स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। यह प्रस्ताव शुक्रवार को केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) पर हितधारक सलाहकार समिति (एसएसी) की दूसरी बैठक के दौरान सामने आया। बयान में कहा गया कि उद्योग के प्रमुख लोगों ने अनुसंधान को व्यवस्थित रूप से भारत की जरूरतों के अनुरूप बनाने और एक जीवंत मानक समुदाय स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मानकों और बौद्धिक संपदा तथा मानक आवश्यक पेटेंट (एसईपी) में भारत की हिस्सेदारी, दूरसंचार में संपर्क अंतराल और दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता पर विचार-विमर्श किया गया। बभारत ने पहले ही भारत 6जी विजन और भारत 6जी अलायंस, पेटेंट और आईपीआर समर्थन ढांचे, टेस्टबेड की कमीशनिंग जैसी कई पहल की हैं और देश सभी 6जी पेटेंट का 10% और वैश्विक मानकों में छठा योगदान करने की आकांक्षा रख सकता है।

कोयला खान सुरक्षा रिपोर्ट पोर्टल के विकास में प्रगति की समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

- पोर्टल में दो प्रमुख मॉड्यूल- दुर्घटना और सुरक्षा ऑडिट

कोयला मंत्रालय ने खानों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए विकसित किए जा रहे कोयला खान सुरक्षा रिपोर्ट पोर्टल के विकास कार्य में प्रगति की समीक्षा की है। इस पोर्टल में दो प्रमुख मॉड्यूल- दुर्घटना मॉड्यूल और सुरक्षा ऑडिट मॉड्यूल दिखाए गए हैं।

दुर्घटना मॉड्यूल 24 घंटे में रिपोर्टिंग और दुर्घटनाओं के कुशल प्रबंधन को सक्षम करेगा, जिससे त्वरित प्रतिक्रिया और गहन विश्लेषण होगा। दूसरा मॉड्यूल ऑडिटिंग प्रक्रिया का विस्तार करेगा ताकि कोयला खनन क्षेत्र में सुरक्षा प्रणालियों को मजबूत किया जा सके। मंत्रालय की शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि इन उन्नत मॉड्यूल को एकीकृत करके, महत्वपूर्ण सुरक्षा चुनौतियों का समाधान किया जा रहा है, जिससे सुरक्षा प्रबंधन के लिए नए मानकों का निर्माण हो रहा है। कोयला कंपनियों की सुरक्षा स्थिति का आकलन करने को मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीणा ने पोर्टल के विकास की समीक्षा की। बैठक में कोल इंडिया के अध्यक्ष और सहायक कंपनियों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आदि शामिल हुए।

वाणिज्य मंच की तेज वृद्धि से एफएमसीजी वितरक चिंतित

नई दिल्ली। रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद (एफएमसीजी) के वितरकों ने त्वरित वाणिज्य मंच की तेज और अनियमित वृद्धि पर चिंता जताई है और कहा है कि इसकी तत्काल जांच की आवश्यकता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को लिखे पत्र में एफएमसीजी वितरकों के संगठन एआईसीपीडीएफ ने कहा कि वाणिज्य मंचों का अनियंत्रित विस्तार एक असमान खेल का मैदान बना रहा है, जिससे लाखों छोटे खुदरा विक्रेताओं और वितरकों की आजीविका को खतरा है, जो दशकों से भारत के खुदरा क्षेत्र की रीढ़ रहे हैं।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया पर पर्यावरण मानकों की अनदेखी का आरोप

मुंबई, एजेंसी

- महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने की पुणे विनिर्माण संयंत्र की समीक्षा की मांग

महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) ने शनिवार को लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज इंडिया पर पुणे विनिर्माण संयंत्र में पर्यावरण मानकों का पालन न करने का आरोप लगाया है। एमपीसीबी ने साथ ही संयंत्र के संचालन की व्यापक समीक्षा की मांग की है।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने कहा कि उसे एमपीसीबी से उल्लंघनों के बारे में कोई लिखित नोटिस या अनुरोध नहीं मिला है और यदि जरूरी हुआ तो वह कोई भी सुधारात्मक कार्रवाई करने को तैयार है। एमपीसीबी ने कहा था कि संयंत्र के निरीक्षण के दौरान उसे दिशानिर्देशों के कथित उल्लंघन का पता चला। बोर्ड ने कहा, 23 अगस्त को किए नियमित निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पुणे के चाकन में मर्सिडीज बेंज विनिर्माण संयंत्र में बोर्ड के प्रदूषण नियंत्रण दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। बोर्ड ने क्षेत्रीय अधिकारी को यह सुनिश्चित कर कार्रवाई को कहा कि मर्सिडीज बेंज विनिर्माण संयंत्र एमपीसीबी के सभी निर्देशों का पालन करे। एमपीसीबी ने कहा, इसमें संयंत्र के संचालन की समीक्षा और सुधारात्मक उपायों को लागू करना शामिल होगा।

कारोबारी रहस्यों को लेकर इन्फोसिस के खिलाफ मुकदमा

नई दिल्ली। प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी कॉग्निजेंट की अनुषंगी कंपनी ट्राइजेटो ने अमेरिकी संघीय अदालत में इन्फोसिस के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

ट्राइजेटो ने बेंगलुरू स्थित कंपनी पर कारोबारी रहस्य और स्वास्थ्य बीमा सॉफ्टवेयर से संबंधित जानकारी चुराने का आरोप लगाया है। हालांकि, इन्फोसिस ने बयान जारी कर सभी आरोपों को खारिज किया है। कंपनी ने कहा कि उसे मुकदमे की जानकारी है और वह अदालत में पक्ष रखेगी।

खेल डायरी

स्टोक मैंडेविल में ब्रिटिश पैरालिंपियन हेलेन रेन्सफोर्ड ने लौ प्रज्ज्वलन समारोह के दौरान पैरालंपिक मशाल पकड़ी, जिसे व्यापक रूप से इंग्लैंड के पैरालंपिक खेलों का जन्मस्थान माना जाता है। पैरालंपिक का आयोजन 28 अगस्त से 8 सितंबर तक पेरिस में होगा।

यूपीसीए के निदेशक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के निदेशक और गर्वनिंग काउंसिल के चेयरमैन डीएस चौहान ने शनिवार को यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि रविवार को इकाना स्टेडियम पर शुरु होने वाली यूपी टी-20 लीग से पहले चौहान ने मुख्यमंत्री के साथ शिष्टाचार भेंट की और उन्हें टी-20 लीग के आयोजन के सिलसिले में विस्तृत जानकारी दी। योगी ने चौहान को यूपी टी-20 लीग के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी और सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि चौहान उत्तर प्रदेश के पुलिस मुखिया का पदभार संभाल चुके हैं और यूपी टी-20 लीग के पहले संस्करण से ही यूपीसीए से जुड़े हुए हैं। यूपी टी-20 लीग का औपचारिक उदघाटन रविवार दोपहर अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर होगा।

सारा-विशाल ने जीता मिश्रित युगल ओपन

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष रैंकिंग की महिला खिलाड़ी सारा बर ने विशाल मसंद के साथ मिलकर यहां मॉनसून पिकलबॉल चैंपियनशिप 2.0 का मिश्रित युगल ओपन खिताब जीता। फाइनल कड़ी टक्कर वाला मुकाबला रहा जिसमें ईशा लखानी और जेसन टेलर ने दबदबा बनाया लेकिन अनुभवी खिलाड़ी सारा शुक्रवार रात को नतीजे में निर्णायक रहीं जिन्होंने 2-0 से जीत दर्ज की। चैंपियनशिप के चौथे दिन छह वर्गों में विजेता रहे।

संधू संयुक्त छठे और जोशी संयुक्त 14वें स्थान पर

जकार्ता। भारतीय गोल्फर युवराज संधू और खालिन जोशी यहां बीएनआइ सिपुत्रा गोल्फप्रेन्यूर टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन से शीर्ष 15 में शामिल रहे। संधू (68-72-65-70) ने अंतिम तीन होल में बर्डी लगायी जिससे वह संयुक्त छठे स्थान पर रहे। वहीं जोशी दूसरे से पांचवें होल में पांच शॉट ड्राप कर बैठे, उन्होंने 12वें से 18वें होल के बीच पांच बर्डी लगाकर 72 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 14वें स्थान पर रहे। राहिल गगंजी (69-70-73-69) और सुनहित बिश्नोई (72-70-70-69) संयुक्त 28वें जबकि अमन राज (71-71-73-74) संयुक्त 50वें स्थान पर रहे।

एशियाड के लिए भारत को मिला पहला कोटा

माले (मालदीव)। भारतीय सर्फिंग टीम ने यहां चल रही एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के जरिये जापान के एची नागोया में होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए पहली बार कोटा हासिल किया जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमों ने क्वालीफाई कर लिया। एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में भारत के सर्फरों द्वारा हासिल किए गए कुल रैंकिंग अंक के आधार पर देश को कोटा प्रदान किया गया। एशियाई खेलों में दोनों वर्गों में कौन खिलाड़ी हिस्सा लेगा इसका फैसला भारतीय सर्फिंग महासंघ द्वारा बाद में लिया जायेगा। किशोर सेमीफाइनल की दूसरी हीट में 8.26 के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहे। एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप एशियाई खेलों की क्वालीफायर प्रतियोगिता है जिसमें आठ भारतीय सर्फर ने चार वर्गों में हिस्सा लिया। महिलाओं के वर्ग में भारत की सर्फर कमाली मूर्ति और शुगर बनारसे ने इस एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था लेकिन पहले ही बाहर हो गईं।

शिखर धवन ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास, 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था पहला वनडे

क्रिकेट मैदान पर अब नहीं दिखेंगे गब्बर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है। दो साल पहले देश के लिए अपना अंतिम मैच खेलने वाले इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा कि वह तीनों प्रारूपों में देश का प्रतिनिधित्व करने के बाद एक संतुष्ट इंसान के तौर पर इस खेल को अलविदा कह रहे हैं।

इस 38 साल के खिलाड़ी ने 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम में एकदिवसीय मैच के साथ अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को शुरू किया था। उन्होंने देश के लिए अपना आखिरी मैच 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला। धवन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा मैं अपनी क्रिकेट यात्रा का यह अध्याय समाप्त कर रहा हूं लेकिन मेरे साथ अनगिनत यादें हैं और मैं बहुत आभारी हूं। प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। जय हिंद। उन्होंने इस पोस्ट के जारी वीडियो में कहा नमस्कार सभी को, आज मैं एक ऐसे मोड़ पर खड़ा हूं जहां से पीछे देखने पर सिर्फ यादें ही नजर आती हैं और आगे देखने पर पूरी दुनिया। मेरी हमेशा से सिर्फ एक ही मंजिल थी भारत के लिए खेलना और वो हुआ भी जिसके लिए मैं कई लोगों का शुक्रगुजार हूं।

उन्होंने कहा वो कहते हैं ना कहानी में आगे बढ़ने के लिए पन्ने पलटना जरूरी है, बस मैं भी ऐसा ही करने जा रहा हूं। मैं अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं और अब जब मैं अपनी क्रिकेट यात्रा को अलविदा कर रहा हूं तो मेरे दिल में सुकून है कि मैं अपने देश के लिए बहुत खेला। मैं बहुत शुक्रगुजार हूं, बीसीसीआई और डीडीसीए का, जिन्होंने मुझे मौका दिया और सारे प्रशंसकों का जिन्होंने मुझे इतना प्यार दिया। धवन ने अंतर्राष्ट्रीय करियर की यादगार शुरुआत नहीं की और दो गेंदों पर शून्य पर आउट हो गए थे। धवन ने शुरुआती संघर्षों के बाद, 2013 में भारतीय टीम में वापसी की और इंग्लैंड में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के विजयी अभियान में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने सहित कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के साथ तीनों प्रारूपों की टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। उनके शानदार करियर का एक मुख्य आकर्षण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट पदार्पण पर मोहाली में खेली गयी 185 रन की शानदार पारी थी, जिसमें उन्होंने केवल 85 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था। धवन उन लोगों को धन्यवाद देना नहीं भूले जिन्होंने भारतीय बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर रोहित के साथ साझेदारी करके उन्हें महान खिलाड़ी बनने में मदद की। उन्होंने कहा मेरे मन में हमेशा एक लक्ष्य था कि भारत के लिए खेलना और मैंने इसे कई लोगों की बदौलत हासिल किया।

धवन के नाम हैं क्रिकेट इतिहास के कई कारनामे

2013 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन	**2013** चैंपियंस ट्रॉफी में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट	**2014** एशिया कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन
2015 विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए	**2017** चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन	**2018** निदहा ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन

- **सभी एसईएनए देशों में वनडे शतक बनाने वाले एकमात्र भारतीय ओपनर रहे हैं शिखर धवन, आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा एवरेज**

2018 एशिया कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन

2018 एशिया कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने

2004 अंडर-19 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

2013 चैंपियंस ट्रॉफी विजेता

क्रिकेट जगत के दिग्गजों ने कहा- शुक्रिया शिखर...

नई दिल्ली। भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की जिसके बाद क्रिकेट जगत ने उनके सकारात्मक रवैये और टीम भावना की सराहना की जबकि भावुक प्रशंसकों को उनके मैदान पर जश्न मनाने के अनोखे तरीके की कमी खलेगी। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और सौरव गांगुली के युग के बाद शीर्ष क्रम टीम को शानदार योगदान देने वाले धवन ने देश के लिए अपना आखिरी एकदिवसीय मैच दो साल पहले खेला था।

> बधाई हो शिखर। जब से आपने मोहाली में मेरी जगह ली, आपने पीछे मुड़कर नहीं देखा और पिछले कुछ वर्षों में कुछ शानदार प्रदर्शन किए। आप मौज-मस्ती करते रहें और जिंदगी को पूरी तरह से जिएं। आपको हमेशा के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
> **वीरेंद्र सहवाग,** पूर्व भारतीय क्रिकेटर

> शानदार करियर के लिए बधाई शिखर। मुझे पता है कि आप भविष्य में जो कुछ भी करेंगे उसके जरिए वही खुशी फैलाएंगे।
> **गौतम गंभीर,** मुख्य कोच, भारतीय टीम

> आपके लिए सिर्फ शुभकामनाएं शिखर पा। शानदार करियर के लिए बधाई।
> **हार्दिक पंड्या,** ऑलरांडर

> बधाई हो शिखर पा। भविष्य में आपके साथ जो भी हो उसके लिए शुभकामनाएं।
> **श्रेयस अय्यर,** बल्लेबाज

> शानदार करियर के लिए बधाई, शिखर, आपको अगले अध्याय के लिए शुभकामनाएं।
> **अनिल कुंबले,** पूर्व महान स्पिनर

> क्रिकेट के मैदान को निश्चित रूप से आपकी शानदार प्रतिभा की कमी खलेगी। आपकी मुस्कान, आपका अंदाज और खेल के प्रति आपका प्यार हमेशा से ही लोगों को प्रभावित करता रहा है। जब आप करियर का पन्ना पलटोगे तो जान लें कि आपकी विरासत हमेशा लोगों के दिलों में अंकित रहेगी। मुस्कुराते रहो, शिखर।
> **सचिन तेंदुलकर,** महान बल्लेबाज

> शिखर धवन अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले रहे हैं, हम उन्हें आगे के लिए शुभकामनाएं देते हैं।
> **भारतीय क्रिकेट बोर्ड**

> कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प, बेहतरीन क्रिकेट कौशल और महान इंसान के तौर पर हमेशा याद करेंगे। आप भविष्य में जो भी करेंगे, उसके लिए शुभकामनाएं।
> **सईद अनवर,** पूर्व बल्लेबाज, पाकिस्तान

शिखर धवन का अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड

प्रारूप	मैच	रन	औसत	शतक	अर्धशतक
टी-20	68	1,759	27.92	00	11
वनडे	167	6,793	44.11	17	39
टेस्ट	34	2,315	40.61	07	05
आईपीएल	222	6,769	35.26	02	51

धवन ने करियर में हासिल किए कई मुकाम

धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी-20 मैच खेले हैं। धवन का क्रिकेट सोनेट क्लब में परवान चढ़ा और पश्चिम दिल्ली के इस खिलाड़ी को मैदान पर हर परिस्थिति में संघर्ष करने वाले क्रिकेट के तौर पर जाना जाता है। धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भाग लिया, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में खराब फॉर्म और यशस्वी जयसवाल और शुभमन गिल जैसी युवा सलामी बल्लेबाजों के उभरने के कारण उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा। उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 44.11 की औसत से 6,793 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 40.61 की औसत और सात शतक की मदद से 2,315 रन बनाए। धवन आईपीएल के महान खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने इस लीग में 222 मैचों में 6769 रन बनाए। इसमें दो शतक और 51 अर्धशतक शामिल हैं। टूर्नामेंट में उनके 768 चौके किसी भी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक हैं। वह इसमें लगातार दो मैचों में शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। वह 2016 सत्र में खिताब जीतने वाली सनराइजर्स हैदराबाद टीम का हिस्सा थे। वह दिल्ली, मुंबई और पंजाब की फ्रेंचाइजी टीमें लिए भी खेल चुके हैं। इनमें से उन्होंने अपने करियर के विभिन्न चरणों में दिल्ली और पंजाब की फ्रेंचाइजी कप्तानी भी की है। वह पिछले सत्र में पंजाब किंग्स टीम का हिस्सा थे लेकिन फिटनेस समस्याओं के कारण केवल पांच मैच ही खेल पाए।

निशानेबाजी दल पेरिस रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी

पैरालंपिक

- **10 सदस्यीय निशानेबाजी दल 30 अगस्त को पेरिस में पेश करेगें चुनौती**

पिस्टल निशानेबाज मनीष नरवाल ने आगामी पेरिस खेलों में भारतीय निशानेबाजी दल के तोक्यो पैरालंपिक में पदक तालिका को पार करने पर भरोसा जताते हुए शनिवार को कहा कि कड़े अभ्यास के बाद टीम अच्छी स्थिति में है राइफल निशानेबाज अवनी लेखरा, मोना अग्रवाल और नरवाल सहित 10 सदस्यीय निशानेबाजी दल 30 अगस्त से पेरिस के पास शेटराउ में आयोजित होने वाले निशानेबाजी स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेगी।

भारत ने तोक्यो पैरालंपिक में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते थे। तोक्यो में 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) में स्वर्ण पदक जीतने वाले नरवाल ने शनिवार को टीम के रवाना होने से पहले कहा हमारी तैयारियां अच्छी हैं और हम पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। हमारा लक्ष्य अपने पिछले प्रदर्शन को पार करना और अधिक पदक घर लाना है। नरवाल पेरिस खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नरवाल, अवनी और मोना के अलावा टीम के अन्य सदस्य अमीर अहमद भट, रुद्रांश खंडेलवाल, रुबीना फ्रांसिस, स्वरुप उनहालकर, सिद्धार्थ बाबू, श्रीहर्ष देवराड़ी और निहाल सिंह है।

इन खेलों में भारत को पदक की सबसे ज्यादा उम्मीद अवनी से होगी। जो पिछले खेलों में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बनी थी। जयपुर की इस निशानेबाज ने तोक्यो पैरालंपिक में 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (एसएच1) में स्वर्ण पदक अपने नाम किये थे। भारतीय पैरालंपिक समिति को इन खेलों से 25 से अधिक पदक की उम्मीद है। भारत के समग्र प्रदर्शन में निशानेबाजी का बड़ा योगदान होगा।

ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत महिला ए टीम हार के कगार पर

गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया), एजेंसी

- **289 रन का पीछा करते हुए भारत ने 149 रन पर गंवाए छह विकेट, 140 रनों की है जरूरत**

ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम की स्पिनरों ने अनौपचारिक टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां भारत की दूसरी पारी में शिकंजा कस दिया जिससे टीम पर हार का खतरा मंडरा रहा है। जीत के लिए 289 रन का पीछा करते हुए भारत ने महज 149 रन तक छह विकेट गंवा दिये है। चार्ली नॉट (27 रन पर दो विकेट), ग्रेस पार्सन्स (27 रन देकर दो विकेट) और लिली मिल्स (15 रन पर एक विकेट) ने तिकड़ी ने 21 ओवर में 42 रन के अंदर पांच विकेट चटकाकर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया।

स्टंप्स के समय रघवी बिष्ट (नाबाद 16) के साथ उमा छेत्री (नाबाद 10) क्रीज पर मौजूद थी। भारत ए को जीत के लिए अब भी 140 रन की जरूरत है और उसके चार विकेट बचे हुए हैं। इससे पहले मैडी डार्के के नाबाद 105 रन बूते ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में खराब शुरुआत से उबरते हुए 260 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ए ने दिन की शुरुआत सात विकेट पर 164 रन पर की। डार्के ने एक छोर संभालते हुए पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। ग्रेस पियरसन (35) के साथ नौवें विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी की।

एमएलएस प्लेऑफ से पहले इंटर मियामी से जुड़ सकते हैं मेस्सी

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका), एजेंसी

अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी ने इस हफ्ते मैदान पर व्यक्तिगत ट्रेनिंग शुरू कर दी है और वह एमएलएस के नियमित सत्र के खत्म होने से पहले इंटर मियामी में शामिल हो सकते हैं। मियामी के कोच गेरार्डो टाटा मार्टिनो ने यह जानकारी दी।

अर्जेंटीना की 14 जुलाई को कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया पर जीत के बाद से 37 वर्षीय मेस्सी दायें टखने की चोट के कारण बाहर हैं। वह इस मैच के दूसरे हाफ में गिर गए थे। मेस्सी शनिवार को इंटर मियामी और एफसी सिनसिनाटी के बीच मुकाबले में नहीं खेलेंगे। उन्हें सितंबर के दो विश्व

कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम से भी बाहर रखा गया है। वह एक जुलाई से इंटर मियामी के लिए नहीं खेले हैं लेकिन कोच मार्टिनो ने कहा कि मेस्सी की वापसी का कोई समय नहीं बताया जा सकता लेकिन अक्टूबर के अंत में शुरू होने वाले एमएलएस प्लेऑफ से पहले हो सकता है।

इंडोनेशिया की चुनौती के लिए जुटी भारतीय टीम

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष अंडर-17 फुटबॉल टीम रविवार और अगले मंगलवार को बाली में इंडोनेशिया के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलने के लिए तैयारी में जुटी है। शुक्रवार की रात को टीम ने स्थानीय टीम बाली यूनाइटेड एफसी अंडर-20 के खिलाफ अभ्यास मैच खेला जो 2-2 से ड्रा रहा। कोच इश्फाक अहमद की भारतीय अंडर-17 टीम अगले महीने भूटान में होने वाली सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप और उसके बाद अक्टूबर में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी में जुटी है।

बॉलीवुड हलचल

हाउसफुल 5 में जैकलीन की एंट्री

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नाडीस आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड के जानेमाने निर्माता साजिद नाडियाडवाला अपनी सुपरहिट फिल्म हाउसफुल का पांचवा संस्करण बना रहे रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बन रही हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका होगी। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख और संजय दत्त समेत कई सितारे नजर आयेंगे।कहा जा रहा है कि मेकर्स ने एक फीमेल लीड को फाइनल कर लिया है। कहा जा रहा है कि हाउसफुल 5 में जैकलीन फर्नाडीज नजर आ सकती हैं। हाउसफुल 5 में जैकलीन की जोड़ी अक्षय कुमार के साथ नजर आ सकती है।जैकलीन हाउसफुल फ्रेंचाइजी में वापसी के लिए उत्साहित हैं। साजिद नाडियाडवाला फिल्म हाउसफुल 5 के लिये अन्य लीड अभिनेत्रियों की तलाश कर रहे हैं। हाउसफुल 5 ,जून माह में 6 को रिलीज होगी।

नवाजुद्दीन की हॉरर थ्रिलर अद्भुत का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हॉरर थ्रिलर फिल्म अद्भुत का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साबिर खान निर्देशित फिल्म अद्भुत में नवाजुद्दीन सिद्दीकी, डायना पेंटी, श्रेया धनवंतरी और रोहन मेहरा मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी फिल्म अद्भुत में एक जासूस के किरदार में नजर आएंगे जो एक अजीबोगरीब केस सुलझाता दिखेगा। अद्भुत का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत रोहन और श्रेया के किरदारों से होती है, जो कहीं वीरान जगह पर जंगल के बीच आलीशान घर में वेकेशन मना रहे हैं लेकिन वहां श्रेया के साथ अजीबोगरीब घटनाएं शुरु हो जाती हैं। जांच के लिए जासूस नवाज को बुलाया जाता है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म अद्भुत का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, सच विश्वास से परे है। फिल्म 15 सितंबर को सोनी मैक्स पर रिलीज होगी।

अब 23 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म बार्डर 2

मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो सनी देओल की आने वाली फिल्म बार्डर 2 , 23 अगस्त 2026 को रिलीज होगी। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। करीब 27 साल बाद बॉर्डर का सीक्वल बनाया जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल और वरुण धवन की मुख्य भूमिका होगी। सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर बॉर्डर 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। पोस्ट मे लिखा गया है, बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं,वहीं इस फिल्म को जेपी दत्ता, निधि दत्ता,भूषण कुमार और किशन कुमार प्रोड्यूस कर रहे हैं।

पॉजिटिव आने पर सिनर ने दो सदस्यों को निकाला

न्यूयॉर्क, एजेंसी

टेनिस के शीर्ष खिलाड़ियों में शुमार यानिक सिनर ने मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल के पॉजिटिव पाये जाने के बाद अपने फिटनेस ट्रेनर और फिजियोथेरेपिस्ट को अपनी टीम से निकाल दिया। अमेरिकी ओपन से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में सिनर ने शुक्रवार को इस मामले में अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में कहा कि वह जानते हैं कि वह निर्दोष हैं लेकिन मामले के परिणाम के लिए चिंतित हैं। हालांकि उन्हें पता चल गया है कि उन्हें निलंबित नहीं किया जाएगा।

सिनर के फिटनेस ट्रेनर उम्बर्टो फेरारा और फिजियो जियाकोमो नाल्डी पिछले दो साल से इटली के इस खिलाड़ी की टीम में शामिल थे। इस दौरान सिनर जून में एटीपी रैंकिंग में पहली बार शीर्ष पायदान पर पहुंचे थे। इटली के इस 23 साल के खिलाड़ी ने इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। सिनर ने कहा मैं अब इनका साथ जारी नहीं रखना चाहता। निश्चित रूप से यह मेरे और मेरी टीम के लिए काफी मुश्किल समय रहा है। यह अब भी मुश्किल है लेकिन इन दोनों को हटाने के बाद थोड़ा तरोताजा महसूस कर रहा हूं। अमेरिकी ओपन सोमवार से फ्लशिंग मिडोज में शुरू होगा। सिनर को शीर्ष वरीयता मिली है और वह पहले दौर में मंगलवार को अमेरिका के मैकी मैकडोनाल्ड से भिड़ेंगे। सिनर ने कहा ग्रैंडस्लैम से पहले यह बिलकुल भी आदर्श नहीं है, पर मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है।

26 से फ्लशिंग मिडोज में शुरू होगा अमेरिकी ओपन, मैकी मैकडोनाल्ड से भिड़ेंगे यानिक

नोस्कोवा-सुन मॉन्टेरी ओपन फाइनल में

मॉन्टेरी (मैक्सिको)। चेक गणराज्य की छठी वरीय लिंडा नोस्कोवा ने शुक्रवार रात अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 7-6(7), 7-5 से हराकर मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। अब 19 वर्षीय नोस्कोवा का सामना न्यूजीलैंड की लुलु सुन से होगा। दोनों खिलाड़ी अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगी। सुन ने पहले सेमीफाइनल में रूस की इकैटरीना एलेक्सांद्रोवा को 7-5, 3-6, 7-6(6) से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते सुन ने सिनसिनाटी ओपन में नोस्कोवा को राउंड 64 में 6-4, 7-6(4) से पराजित किया था।

मुकाबले के दौरान शॉट खेलतीं लिंडा नोस्कोवा। ● एजेंसी

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

हिंदू पलायन नहीं कर रहे, वे बांग्लादेश में रहकर लड़ रहे

सिलचर, एजेंसी

- असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा का दावा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने शनिवार को दावा किया कि पड़ोसी बांग्लादेश में व्याप्त अस्थिरता के बावजूद वहां के हिंदुओं ने भारत में प्रवेश करने की कोशिश नहीं की है। सरमा ने यहां कहा कि हिंदू बांग्लादेश में रह रहे हैं और लड़ रहे हैं। पिछले एक महीने में, एक भी हिंदू को भारत में प्रवेश करने की कोशिश करते नहीं पकड़ा गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि पड़ोसी देश के मुसलमान भारत के कपड़ा क्षेत्र में रोजगार तलाशने के लिए घुसपैठ करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले एक महीने में 35 मुस्लिम घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है... वे प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जो लोग आ रहे हैं वे असम के लिए नहीं, बल्कि कपड़ा उद्योग में काम करने के लिए बेंगलुरु, तमिलनाडु, कोयंबटूर जाने के लिए आ रहे हैं। हमने उन्हें वापस खदेड़ दिया।

सरमा ने कहा कि त्रिपुरा के रास्ते घुसने की कोशिश कर रहे घुसपैठिए असम के करीमगंज से ट्रेन से यात्रा करते हैं और दक्षिण भारतीय शहरों में पहुंच जाते हैं। सरमा ने कहा कि अगर हिंदू आना चाहते तो वे विभाजन के समय ही आ जाते। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे बांग्लादेश को अपनी मातृभूमि मानते हैं, इसलिए वे नहीं आए। हमें उनका सम्मान करना चाहिए।

पॉलीग्राफ टेस्ट : सच और झूठ का पता लगाने का परीक्षण

पॉलीग्राफ टेस्ट, सामान्य भाषा में इसे लाई डिटेक्टर टेस्ट के रूप में भी जाना जाता है। इसमें कुछ मशीनों का प्रयोग किया जाता है जिसके जरिए अपराधी या आरोपी का झूठ पकड़ा जाता है। यह एक ऐसा परीक्षण है जो एक व्यक्ति की सच्चाई या झूठ का पता लगाने के लिए शारीरिक प्रतिक्रियाओं को मापता है। पॉलीग्राफ मशीन को आरोपी के शरीर के साथ अटैच किया जाता है और इसके सेंसर्स से आ रहे सिग्नल को एक मूविंग पेपर (ग्राफ) पर रिकॉर्ड किया जाता है। कोलकाता में महिला डॉक्टर्स से दुष्कर्म और हत्या के मामले में जांच एजेंसी ने सात आरोपियों का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया है। आइए जानते हैं इस परीक्षण की प्रक्रिया और आपराधिक घटनाओं के खुलासे में कितना कारगर साबित होता है।

यह है परीक्षण की प्रक्रिया

- **कोर्ट की अनुमति** : अदालतें पॉलीग्राफ टेस्ट की अनुमति दे सकती हैं। पुलिस और जांच एजेंसियां पॉलीग्राफ टेस्ट का उपयोग जांच में मदद करने के लिए कर सकती हैं।
- **पूर्व-साक्षात्कार** : परीक्षक प्रतिभागी से पूर्व-साक्षात्कार करता है, जिसमें प्रक्रिया की व्याख्या के साथ प्रश्न पूछे जाते हैं।
- **सेंसर लगाना** : प्रतिभागी के शरीर पर सेंसर लगाए जाते हैं, जो हृदय गति, रक्तचाप, सांस लेने आदि की गतिविधियों को रिकॉर्ड करते हैं।
- **प्रासंगिक प्रश्न** : परीक्षक प्रासंगिक प्रश्न पूछता है, जो जांच विषय से संबंधित होते हैं। जैसे कि क्या आपने अपराध किया है?
- **नियंत्रण प्रश्न** : परीक्षक नियंत्रण प्रश्न पूछता है, जो सच या झूठ के जवाब के लिए डिज़ाइन किए जाते हैं।
- **डेटा विश्लेषण** : परीक्षक झूठे बयानों से जुड़े असामान्य पैटर्न की तलाश करता है।
- **परिणाम** : परीक्षक परिणामों की व्याख्या करता है, जो तीन श्रेणियों में आते हैं : सच्चा, झूठा, या अस्पष्ट।



सकारात्मक पक्ष

झूठे बयानों का पता लगाने में मदद कर सकता है, जांच में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर सकता है, आरोपी की सच्चाई की प्रतिक्रिया को उजागर कर सकता है।

नकारात्मक पक्ष

पॉलीग्राफ टेस्ट के परिणाम हमेशा सटीक नहीं होते हैं, कुछ मामलों में झूठे परिणाम आ सकते हैं, प्रतिभागी की मानसिक स्थिति प्रभावित कर सकती है, परीक्षक की प्रशिक्षण और अनुभव की कमी प्रभावित कर सकती है।

सुलझने वाले कुछ प्रमुख मामले

- **2002 में नार्सिम्हा मूर्ति मामला** : नार्सिम्हा मूर्ति पर अपने सहयोगी की हत्या का आरोप लगाया गया था। पॉलीग्राफ टेस्ट में सच्चाई की प्रतिक्रिया ने रिहाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **2004 में प्रियदर्शिनी मट्टू मामला** : प्रियदर्शिनी मट्टू की हत्या के मामले में पॉलीग्राफ टेस्ट ने आरोपी की दोषसिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **2008 में अरुणा शानबाग मामला** : अरुणा शानबाग की हत्या के मामले में पॉलीग्राफ टेस्ट ने आरोपी की दोषसिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **2010 में श्रीनिवासन का मामला** : श्रीनिवासन पर अपनी पत्नी की हत्या का आरोप लगाया गया था। पॉलीग्राफ टेस्ट में उनकी झूठ की प्रतिक्रिया ने उनकी दोषसिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **2017 में रायन इंटरनेशनल स्कूल मामला** : प्रद्युम्न ठाकुर की हत्या के मामले में पॉलीग्राफ टेस्ट ने आरोपी की दोषसिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विश्वसनीयता पर उठते हैं सवाल

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पॉलीग्राफ परीक्षण वैज्ञानिक समुदाय में विवादास्पद हैं और उनकी विश्वसनीयता और सटीकता पर सवाल उठाए गए हैं। भारत सहित कई देशों में उनके परिणामों को अदालत में स्वीकार नहीं किया जाता है लेकिन जांच में मदद करने के लिए इनका उपयोग किया जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रीय शोध परिषद के अनुसार, टेस्ट की सटीकता लगभग 80-90% है, लेकिन यह आंकड़ा विवादास्पद है।

एक नजर

सिंगापुर में अहम वार्ता में शामिल होंगे 4 केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव प्रमुख क्षेत्रों में समग्र द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित एक अहम वार्ता में भाग लेने के लिए सिंगापुर जाएंगे। चारों मंत्री सोमवार को सिंगापुर के समकक्षों के साथ गोलमेज वार्ता के दूसरे चरण में भाग लेंगे।

स्टार्टअप ने प्रक्षेपित किया पहला पुनः प्रयोज्य रॉकेट

चेन्नई। तमिलनाडु स्थित स्टार्टअप 'स्पेस जोन इंडिया' ने शनिवार को अपना पहला पुनः प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट, मिशन आरएचयूएमआई-2024 सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया, जिसपर ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन पर शोध करने के लिए एक मोबाइल प्लेटफॉर्म लगाया गया है। स्पेस जोन इंडिया पिछले दो वर्षों से मिशन आरएचयूएमआई के तहत विभिन्न परियोजनाओं का संचालन कर रहा है। चेन्नई के पास 'ईस्ट कोस्ट रोड' पर तिरुविदंतई में सुबह 7.25 बजे प्रक्षेपित किया गया आरएचयूएमआई रॉकेट एक जेनेरिक-ईंधन-आधारित हाइब्रिड मोटर युक्त है।

पिता बने गायक जस्टिन बीबर, पुत्र रत्न की प्राप्ति

लॉस एंजिलिस। जस्टिन बीबर की पत्नी हैली बीबर ने बेटे को जन्म दिया है। जस्टिन (30) ने इंस्टाग्राम पर शनिवार को एक पोस्ट में बेटे जैक ब्लूज बीबर के जन्म की जानकारी साझा की। पोस्ट की गई तस्वीर में हैली का हाथ और नवजात शिशु का पैर दिखाई दे रहा है। जस्टिन, लव मी, सॉरी, यमी और पीचेज़ जैसे गानों के लिए जाने जाते हैं, जबकि हैली मॉडल हैं।

गड्ढे में गिरी भारतीय महिला का पता नहीं

कुआलालंपुर। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में एक भारतीय महिला शुक्रवार को अचानक जमीन ढह जाने से बने गड्ढे में गिर गई। पुलिस ने बताया कि जमीन के नीचे बह रहे पानी में महिला के बह जाने की आशंका है। स्थानीय पुलिस प्रमुख सुलिज्मी अफेंडी सुलेमान ने बताया कि यह हादसा मलेशिया की राजधानी के डांग वांगी क्षेत्र में हुआ है।

हूती विद्रोहियों ने किया तेल टैंकर पर हमला

अदन। लाल सागर में यूनान के एक तेल टैंकर जहाज पर हूती विद्रोहियों ने हाल ही में हमला कर दिया जिससे उसमें आग लग गई और जहाज के डूबने की आशंका है। राहत की बात यह रही कि चालक दल के सभी 25 सदस्यों को बचा लिया गया है। ब्रिटेन मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने बताया कि यूनान के एमवी सोयूनियन नाम के इस जहाज पर बंदरगाह शहर होदेइदाह से लगभग 77 समुद्री मील पश्चिम में पिछले दो दिनों से यमन के हूती समूह द्वारा तीन अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला किया गया, जिससे, जहाज में आग लग गई और इंजन बंद हो गया।

लाहौर में राजगुरु की 116वीं जयंती मनाई

लाहौर। भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान ने शनिवार को यहां स्वतंत्रता संग्राम के नायक शहीद राजगुरु की 116वीं जयंती मनाई। फाउंडेशन ने कई वकीलों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में लाहौर हाईकोर्ट परिसर में जिन्ना हॉल में समारोह आयोजित किया जिसमें केक काटकर मौजूद लोगों ने राजगुरु और उनके साथियों-भगत सिंह तथा सुखदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

अमेरिकी एनएसए से मिले रक्षा मंत्री अहम रणनीतिक मुद्दों पर की चर्चा

रक्षा क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख अमेरिकी कंपनियों को किया मेक इन इंडिया के लिए आमंत्रित

वाशिंगटन, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात कर भारत और अमेरिका के आपसी हितों के अहम रणनीतिक मामलों पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। इससे एक दिन पहले ही भारत और अमेरिका ने अपनी वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए दो प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। सिंह दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अमेरिका की यात्रा पर यहां पहुंचे हैं।

सिंह ने शुक्रवार को अपनी बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मिलकर और आपसी हित के अहम रणनीतिक मामलों पर दृष्टिकोण साझा करके खुशी हुई। उन्होंने प्रमुख अमेरिकी रक्षा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ भी सार्थक बातचीत की और उन्हें भारतीय भागीदारों के साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया ताकि मेक इन इंडिया कार्यक्रम में तेजी लाई जा सके।

वाशिंगटन में अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ● एजेंसी

सिंह ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि यूएसआईएसपीएफ (भारत अमेरिका रणनीतिक साझेदारी मंच) द्वारा आयोजित गोलमेज सम्मेलन में रक्षा उद्योग की अग्रणी अमेरिकी कंपनियों के साथ सार्थक बातचीत हुई। उन्हें भारतीय भागीदारों के साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया ताकि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में हमारे मेक इन इंडिया कार्यक्रम में तेजी लाई जा सके। भारतीय और अमेरिकी कंपनियां साथ मिलकर दुनिया के लिए सह-विकास और सह-उत्पादन करेंगी। यूएसआईएसपीएफ ने 'एक्स' पर लिखा कि यूएसआईएसपीएफ बोर्ड के सदस्यों और रक्षा उद्योग के नेताओं के साथ एक गोलमेज सम्मेलन में रक्षा मंत्री ने अमेरिका-भारत रक्षा संबंधों, इसमें अभूतपूर्व वृद्धि तथा इस बात पर चर्चा की कि कैसे रक्षा क्षेत्र एवं अमेरिकी कंपनियों का निवेश भारत की विकास गाथा और 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर

एक्स पर कहा गया कि सिंह ने रक्षा गतिविधियों के माध्यम से रणनीतिक साझेदारी और रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मुकेश अघी ने कहा कि सिंह ने रक्षा संबंधों और रणनीतिक संबंधों के विकास पर बात की, जिसमें निजी क्षेत्र अब साइबर, ड्रोन, एआई, अंतरिक्ष और क्वांटम जैसी महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों में गहन रक्षा तालमेल स्थापित करने में अहम भूमिका निभाता है। सिंह ने इससे एक दिन पहले शुक्रवार को अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच मौजूदा रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे प्रिय मित्र अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ शानदार बैठक हुई। हमने मौजूदा रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की तथा इसे प्रगाढ़ बनाने के तरीकों पर चर्चा की। आपूर्ति सुरक्षा व्यवस्था पर हस्ताक्षर तथा प्रमुख अमेरिकी कमान में भारतीय अधिकारियों की तैनाती के लिए समझौता ऐतिहासिक घटनाक्रम हैं।

पाकिस्तान में विस्फोट, दो बच्चों सहित तीन की मौत

- बलूचिस्तान में हुए इस धमाके में दो पुलिसजनों सहित 13 घायल

कराची। पाकिस्तान में अशांत बलूचिस्तान प्रांत के एक बाजार में शनिवार को हुए विस्फोट में दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गई तथा दो पुलिसकर्मियों समेत 13 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह विस्फोट पिशिन जिले के सुर्खाब चौक पर उपायुक्त कार्यालय के पास मुख्य बाजार में हुआ, जिसमें दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हो गए।

अस्पताल की ओर से जारी सूची के अनुसार, घायलों में से 13 को क्वेटा ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां एक महिला की मौत हो गई। घायलों में से पांच की हालत गंभीर है।

प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा 2022 में सरकार के साथ संघर्षविराम समझौता तोड़े जाने के बाद हमले बढ़ गए हैं। पिशिन शहर के थाना प्रभारी मुजीबुर रहमान के अनुसार, दोनों घायल पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर है। रहमान ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि विस्फोटक सामग्री एक मोटरसाइकिल पर रखी गई थी। इस घटना में तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

25 भारतीयों के शव लेकर महाराष्ट्र पहुंचा विमान

नई दिल्ली/काठमांडू, एजेंसी

भारतीय वायुसेना का सैन्य परिवहन विमान शनिवार को नेपाल के भरतपुर से 25 भारतीय तीर्थयात्रियों के शव लेकर महाराष्ट्र के जलगांव पहुंचा। नेपाल के तनहुन जिले में शुक्रवार को एक बस दुर्घटना में 27 भारतीयों की मौत हो गई थी जबकि 16 घायल हो गए थे। मृतकों में 25 महाराष्ट्र तथा दो उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले के थे। दोनों के शव महराजगंज ले जाए जाएंगे।

भारतीय वायुसेना ने 'एक्स' पर कहा कि नेपाल में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले 25 भारतीय नागरिकों के शव लाने के लिए सी-130जे विमान तैनात किया था। शवों को भरतपुर (नेपाल) से जलगांव (महाराष्ट्र) ले जाया गया। भारतीय तीर्थयात्री 10 दिवसीय दौरे पर नेपाल आए थे। मध्य नेपाल में उनकी बस शुक्रवार को 150 मीटर नीचे मर्स्यांगदी नदी में गिर गई थी।

नेपाल में भारतीय दूतावास के सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे और भुसावल निर्वाचन क्षेत्र से महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य संजय सावकारे पीड़ितों और बचे हुए लोगों की वापसी की निगरानी के लिए सुबह काठमांडू पहुंचे। मंत्री ने काठमांडू के एक अस्पताल में घायलों से मुलाकात की फिर भरतपुर पहुंचीं। खडसे 25 शव और 10 जीवित बचे लोगों के साथ वायुसेना के विमान से भारत के लिए रवाना हुईं।

त्रिभुवन हॉस्पिटल में घायल का हाल लेतीं केंद्रीय खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे।

नेपाल सड़क हादसा

- 25 शव जलगांव पहुंचे जबकि दो यूपी के महराजगंज लाए जाएंगे
- केंद्रीय खेल मंत्री रक्षा खडसे शवों को लेकर पहुंचीं जलगांव

मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे की घोषणा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य नेपाल के तनहुन में एक सड़क दुर्घटना में मारे गए मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए शनिवार को मुआवजे की घोषणा की। दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये दिए जाएंगे। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। मोदी ने शुक्रवार को इस दुर्घटना में भारतीय तीर्थयात्रियों की मौत पर दुख जताया था।

जर्मनी में हमले में तीन की मौत, पांच लोग घायल

सोलिंगन। जर्मनी के सोलिंगन शहर में एक उत्सव के दौरान शुक्रवार देर रात एक हमलावर ने चाकू से हमला कर तीन लोगों की हत्या कर दी और पांच लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने रात साढ़े नौ बजे के तुरंत बाद उसे सूचित किया कि एक अज्ञात अपराधी ने फ्रोंहोफ चौराहे पर चाकू से अंधाधुंध हमला कर कई लोगों को घायल कर दिया है। पुलिस के अनुसार, इस हमले को संभवतः केवल एक व्यक्ति ने अंजाम दिया। उत्सव के आयोजकों में से एक फिलिप मुलर ने मंच पर आकर लोगों से कहा कि शांत रहकर घटनास्थल से जाएं।

बाइडेन ने की गाजा युद्ध विराम समझौते पर चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी

- इजराइली बंधकों की रिहाई पर भी हुई बात

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गाजा के लिए युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप देने और हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजरायली बंधकों की रिहाई के लिए कतर और मिस्र के नेताओं के साथ बातचीत की है। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति बाइडेन ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी के साथ अलग से बातचीत की ताकि युद्ध विराम और बंधक रिहाई समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके।

दक्षिणी गाजा में हमलों में 36 फिलस्तीनी की मौत

काहिरा, एजेंसी। दक्षिणी गाजा पट्टी में इजराइल के कई हमलों में कम से कम 36 फलस्तीनी मारे गए। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि नासिर अस्पताल के अनुसार, शनिवार की सुबह खान यूनिस शहर में एक इजराइली हवाई हमले में एक ही परिवार के 11 सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल में कुल 33 शव लाए गए जो खान यूनिस और उसके आसपास के इलाकों में तीन अलग-अलग हमलों में मारे गए थे।

म्यांमा में फंसे रोहिंग्या नागरिकों पर चिंता जताई

बैंकॉक। म्यांमा में सैन्य सरकार और सशस्त्र जातीय विद्रोही समूह अराकान सेना के बीच हालिया संघर्ष में कई लोगों के मारे जाने की खबर के बीच, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख ने रोहिंग्या अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को लेकर शुक्रवार को चिंता जताई। संयुक्त राष्ट्र के जिनेवा स्थित कार्यालय के एक बयान के अनुसार, मानवाधिकार के लिए उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने पूरे म्यांमा में, विशेष रूप से रखाइन राज्य में तेजी से बिगड़ती स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की, जहां संघर्ष के बीच वहां से भागने की कोशिश के दौरान सैकड़ों नागरिक कथित तौर पर मारे गए हैं।

उल्लास
पश्चिम बंगाल के नादिया में जन्माष्टमी से पहले आयोजित गो लाइक गोपाला प्रतियोगिता के लिए भगवान कृष्ण के वेश में सजे बच्चे की मदद करती एक महिला।

तोते को पिंजरे में कैद करके रखा तो हो सकती है जेल

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ में अब तोता पालना और बेचना महंगा पड़ सकता है और न ही पाले हुए तोते को घर में रख सकते हैं। अगर आपके घर भी तोता या अन्य पक्षी हैं, तो आपको जेल भी जाना पड़ सकता है।

राज्य के मुख्य वन संरक्षक और वन प्रमुख की ओर से एक आदेश जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि कानूनी संरक्षण प्राप्त वन्यजीव तोता या अन्य पक्षियों की अवैध खरीदी, बिक्री या फिर घरों में पालने पर रोक लगाई जाए। प्रदेश में तोता समेत अन्य पक्षियों की धड़ल्ले से चल रही बिक्री की शिकायत को लेकर यह निर्देश जारी किया गया है। समस्त वन संरक्षक को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।



- छत्तीसगढ़ में पक्षियों की खरीद बिक्री और पालन पर रोक

बाड़े में रहे चीते, फिर जंगल जाने को तैयार

नई दिल्ली। भारत लाए गए अफ्रीकी चीते जल्द ही फिर से जंगल में स्वतंत्र रूप से विचरण करने लगेंगे। लगभग एक साल पहले उन्हें स्वास्थ्य जांच और निगरानी के लिए मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान के जंगल से वापस बाड़ों में भेज दिया गया था।

कैनेडी जूनियर ने दिया ट्रंप को समर्थन

राष्ट्रपति चुनाव

वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए स्वतंत्र उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने शुक्रवार को राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने तथा रिपब्लिकन उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करने की घोषणा की। जूनियर ने कल अपराह्न एरिजोना में एक भाषण के दौरान कहा कि मीडिया और डेमोक्रेट्स दोनों ने ही एक व्यवहार्य दावेदार बनने की उनकी संभावनाओं को बाधित करने की साजिश रची है। उन्होंने कहा कि कई महीने पहले मैंने अमेरिका की जनता से वादा किया था कि अगर मैं चुनाव में बाधक बना तो मैं राष्ट्रपति पद की दौड़ से हट जाऊंगा। ...मेरे दिल और अब मुझे विश्वास नहीं है कि मेरे पास चुनावी जीत का कोई यथार्थवादी रास्ता है।

अब हुआ सुपर मरीन हीटवेव्स का उदय

बड़े खतरे का संकेत, तेजी से गर्म होने लगा है समुद्र का पानी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : जलवायु की परिस्थितियां तेजी से बदलनी शुरू हो गई हैं। समुद्री तापमान पुराने रिकार्ड ध्वस्त करने में तुला है। नए शोध में समुद्री ताप के तेजी से बढ़ते स्तर को सुपर मरीन हीतवेव्स नाम दिया गया है, जो भविष्य की जलवायु के लिए बड़े खतरे का संकेत है।

नया शोध 2023 में समुद्र की सतह के तापमान पर आधारित है। गत वर्ष पृथ्वी का समुद्री सतह रिकॉर्ड उच्च तापमान पर पहुंच गया और महासागरों के लिए वर्ष 2023 अब तक का सबसे गर्म वर्ष दर्ज किया गया। अध्ययन में वैज्ञानिकों को पता चला कि गत वर्ष असाधारण रूप से तेज़ समुद्री गर्म लहरें पैदा करने वाला रहा। यह असाधारण था और उन्होंने इसे सुपर-मरीन हीटवेव्स नाम दे डाला। वैज्ञानिकों का मानना है कि सुपर-समुद्री गर्म लहरें समुद्र के जीवन के लिए बड़ा खतरा हो सकता है। साथ ही शक्तिशाली तूफानों को जन्म दे सकता है। एनओएए नेशनल सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल इंफॉर्मेशन में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

वैश्विक जलवायु रिपोर्ट के अनुसार 1850 में वैश्विक वायुमंडलीय तापमान रिकॉर्ड रखना शुरू होने के बाद से 2023 सबसे गर्म वर्ष रहा। 20वीं सदी के औसत 13.9 सेल्सियस तापमान से गत वर्ष 1.18 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। अब राष्ट्रीय पर्यावरण सूचना केंद्र (एनसीईआई) के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किए गए नए विश्लेषण से पता चला है कि वैश्विक औसत समुद्री सतह तापमान ने भी 2023 में रिकॉर्ड ऊंचाई दर्ज की है। अध्ययन से संकेत मिलता है कि ये रिकॉर्ड तोड़ने वाला तापमान बेहद तेजी से बढ़ते समुद्री गर्म लहरों से जुड़े थे। समुद्र की सतह के तापमान का डेटा उपग्रहों, जहाजों व समुद्री नौकाओं के माध्यम से एकत्र किया जाता है। नए शोध में समुद्री सतह के तापमान में विसंगति को लेकर तेजी से बढ़ती ग्रीनहाउस गैसों को जिम्मेदार ठहराया गया है।

समुद्री जीवों के लिए सुपर मरीन हीटवेव बड़ा खतरा

तापमान में अत्यधिक वृद्धि न केवल जलवायु परिवर्तन के लिए घातक है, बल्कि समुद्री जीवन पर गहरा प्रभाव डाल सकती हैं। जिसमें मत्स्य पालन का पतन हो सकता और मूंगों का अस्तित्व मिट सकता है। कई प्रकार की मछलियों का नामोनिशान नही रहेगा। कई अन्य दुश्वारियां भी देखी जा सकती है। बहरहाल विश्व को पर्यावरण के प्रति बेहद सतर्क रहने की सख्त जरूरत है।